seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 56 ■ अंक : 289 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, गुरुवार, 22 अक्टूबर, 2026 | बीसीसीआई प्रेसिडेंट बोले- रोहित और विराट... 11 >



न्यूज इन ब्रीफ

शिक्षिका को मिलेगा 180 दिन का अवकाश

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने प्रसव के बाद नए स्कूल में कार्यभार संभालने वाली शिक्षिका को 180 दिन का पूरा मातृत्व अवकाश देने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अनूप कुमार ढांड की एकल पीठ ने राज्य सरकार को निर्देश दिए कि शिक्षिका को 1 सितंबर 2023 से मातृत्व अवकाश, पूरा वेतन और अन्य नियमानुसार लाभ दिए जाएं। अदालत ने कहा कि मातृत्व अवकाश केवल सरकारी सुविधा नहीं, बल्कि महिला और बच्चे के अधिकारों से जुड़ा विषय है। पहले लिए गए बाल देखभाल अवकाश को भी मातृत्व अवकाश में शामिल नहीं किया जाएगा।



बैंकिंग ने सेंसेक्स में डुबोया 484 अंक

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह सकी। बैंकिंग और वित्तीय शेयरों में गिरावट के चलते सेंसेक्स 484.98 अंक गिरकर 73,367.92 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 171.25 अंक टूटकर 22,717 पर आ गया। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में कमजोरी रही। हालांकि आईटी कंपनियों के शेयरों में तेजी देखने को मिली। विदेशी निवेशकों ने 1,148.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

शांति बॉन्ड तोड़ने और प्रदर्शन के तरीके पर उठे सवाल, सौरव दास व आशुतोष रांका ने वापस ली याचिका

हाईकोर्ट की सीजेपी नेताओं को फटकार, कहा-चुनाव ही सत्ता परिवर्तन का रास्ता

नई दिल्ली।

दिल्ली हाईकोर्ट ने सीजेपी नेताओं सौरव दास और आशुतोष रांका की न्यायिक हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को कड़ा रुख अपनाया। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि प्रदर्शन का अधिकार है, लेकिन कानून-व्यवस्था बनाए रखना भी जरूरी है। अदालत ने टिप्पणी की कि यदि किसी को सत्ता परिवर्तन करना है तो उसका रास्ता चुनाव और बैलेट है।

सीधे हाईकोर्ट आने की जरूरत क्यों पड़ी?

सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि दोनों नेताओं ने 10-11 अक्टूबर को शांति बनाए रखने का बॉन्ड भरा था, लेकिन इसके बाद जंतर-मंतर पर प्रतिबंध के बावजूद प्रवेश करने और बैरिकेड तोड़ने का आरोप लगा। कोर्ट ने सवाल किया कि जब निचली अदालत में प्रक्रिया चल रही है तो सीधे हाईकोर्ट आने की जरूरत क्यों पड़ी। अदालत ने याचिकाकर्ताओं को पहले विशेष कार्यकारी मजिस्ट्रेट (एसईएम) अदालत की कार्रवाई का इंतजार करने की सलाह दी। इसके बाद सीजेपी नेताओं के वकीलों ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

पहले छात्र आंदोलन था, अब मुद्दे बदल गए



हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान पुराने और वर्तमान आंदोलनों के बीच अंतर का भी जिक्र किया। अदालत ने कहा कि पहले जंतर-मंतर पर हुआ आंदोलन छात्रों से जुड़ा था, लेकिन अब मुद्दे बदलते नजर आ रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि अब यह भी देखा जाएगा कि संगठन का उद्देश्य क्या है और प्रदर्शन का वास्तविक मकसद क्या है। सुनवाई में जब वकील ने बताया कि सौरव दास की उम्र 27 वर्ष और आशुतोष रांका की उम्र 32 वर्ष है तो अदालत ने टिप्पणी की, 'तो फिर आप जेन-जी नहीं हैं।'

एसईएम अदालत ने दी जमानत

सीजेपी नेताओं को 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर कथित तौर पर नियमों का उल्लंघन कर प्रदर्शन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। एसईएम अदालत ने पहले उनकी हिरासत बढ़ाई थी। बाद में बुधवार को लिखित माफीनामे और शपथ पत्र लेने के बाद दोनों नेताओं को जमानत दे दी गई। वहीं, आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा की याचिका पर भी हाईकोर्ट ने सुनवाई की मांग स्वीकार कर ली है। उन्होंने पुलिस नोटिस और प्रदर्शन से जुड़ी कार्रवाई को चुनौती दी है।

पंचायत चुनाव के दूसरे चरण के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

जयपुर। राजस्थान पंचायतीराज चुनाव 2026 के गुरुवार को हो रहे पहले चरण के मतदान से पहले राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में दूसरे चरण के चुनाव कार्यक्रम को लेकर चर्चा तेज हो गई है। त्योहारों को देखते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। दूसरे चरण की खास बात यह है कि इसमें मतदाता केवल सरपंच का चुनाव नहीं करेंगे, बल्कि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के साथ अपनी स्थानीय सरकार का पूरा ढांचा चुनेंगे। दूसरे चरण में चार प्रमुख पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। इनमें जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच और वार्ड पंच शामिल हैं। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार चुनावी प्रक्रिया में एक दिन का बदलाव किया गया है।

दूसरे चरण का संशोधित चुनाव कार्यक्रम : • **27 अक्टूबर :** जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए मतदान दलों की रवानगी और मतदान केंद्रों पर पहुंचने की प्रक्रिया पूरी होगी। • **28 अक्टूबर :** जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। • **29 अक्टूबर:** पंच और सरपंच पदों के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। • **30 अक्टूबर:** पंच एवं सरपंच पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। • **31 अक्टूबर:** उप सरपंच के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी।

ईवीएम और बैलेट पेपर से होगा मतदान : दूसरे चरण में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव ईवीएम से कराए जाएंगे, जबकि सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए बैलेट पेपर का उपयोग होगा। मतदान समाप्त होने के बाद सरपंच और पंच पदों के परिणाम संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर घोषित कर दिए जाएंगे। वहीं, जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों की मतगणना जिला मुख्यालयों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगी।

राहुल पर भाजपा का बड़ा आरोप

नई दिल्ली। भाजपा ने विपक्षी नेताओं, विशेषकर राहुल गांधी के विरोध प्रदर्शनों को लेकर बुधवार को निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कुछ ताकतें जायज मांगों की आड़ में देश को अस्थिर करने और हिंसा के जरिए सत्ता परिवर्तन की कोशिश कर रही हैं। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रदर्शनकारियों से बार-बार विरोध करने का कारण पूछा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता विदेशों में जाकर सरकार गिराने की रणनीति बनाने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने संजय राउत के बयानों का हवाला देते हुए उन पर हिंसक माहौल बनाने का आरोप लगाया। वहीं, भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कुछ ताकतें समाज में विभाजन, संस्कृति के प्रति नफरत और सत्ता के लिए अस्थिरता फैलाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने विपक्षी आंदोलनों और विभिन्न मुद्दों को उठाने की तुलना रावण के दस सिरों से करते हुए कहा कि एक मांग पूरी होने के बाद दूसरी मांग सामने आ जाती है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि ऐसे प्रयास देशहित के विरुद्ध हैं।

मेलोनी सरकार का नया सुरक्षा कानून लागू, नाबालिगों की हिंसा पर अब माता-पिता पर भी लगेगा जुर्माना

इटली में हिंसक प्रदर्शनों पर सख्ती, तोड़फोड़ करने वालों को 5 साल तक जेल

रोम। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की सरकार ने हिंसक प्रदर्शनों और दंगों से निपटने के लिए सख्त सुरक्षा कानून लागू कर दिया है। नए आदेश के तहत प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़, लूटपाट और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि विरोध प्रदर्शन के नाम पर आपराधिक गतिविधियों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री मेलोनी ने मंगलवार को नए



आदेश की घोषणा करते हुए कहा कि तोड़फोड़ और चोरी को विरोध का तरीका नहीं माना जा सकता। नए कानून के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति ऐसे समूह का हिस्सा बनता है जिसमें कम से कम पांच लोग शामिल हों और वह समूह प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करता है, तो दोषी को पांच साल तक की जेल और 20 हजार यूरो (करीब 21 लाख रुपये) तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। कानून में उन लोगों के लिए भी सख्त प्रावधान किए गए हैं, जो प्रदर्शन के दौरान चेहरा छिपाकर हिंसा करते हैं या लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। अधिकारियों को हिंसा से हुए नुकसान की तत्काल भरपाई का आदेश देने का अधिकार भी दिया गया है। मेलोनी सरकार ने यह कदम ऐसे समय उठाया है, जब पिछले सप्ताह उत्तरी इटली में प्रदर्शनों के दौरान हिंसा हुई थी।

नाबालिगों की हिंसा पर माता-पिता जिम्मेदार

नए कानून में नाबालिगों द्वारा तोड़फोड़ और लूटपाट किए जाने की स्थिति में उनके माता-पिता पर आर्थिक जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा पुलिस को 14 से 17 वर्ष तक के किशोरों को संभावित खतरे की स्थिति में हिरासत में लेने का अधिकार भी दिया गया है।

13 लाख में खरीदा सुनहरा अंडा निकला 312 करोड़ का खजाना



वॉशिंगटन। अमेरिका के एक कबाड़ी की किस्मत तब बदल गई, जब उसने करीब 13 लाख रुपये में खरीदा नक्काशीदार सोने का अंडा बाद में रूस के शाही परिवार का दुर्लभ 'फैबर्जे ईस्टर एग' निकला। शुरूआत में वह इसे पिघलाकर सोना बेचने की सोच रहा था, लेकिन इंटरनेट पर खोजबीन के बाद पता चला कि यह 1887 में रूसी सम्राट अलेक्जेंडर तृतीय द्वारा महारानी मारिया फियोदोरोव्ना के लिए बनवाए गए 50 शाही अंडों में से एक है। इसमें वैचेरॉन कॉन्स्टेंटिन की दुर्लभ घड़ी भी लगी है। विशेषज्ञों की पुष्टि के बाद यह अंडा एक निजी कलेक्टर को करीब 33 मिलियन डॉलर (लगभग 312 करोड़ रुपये) में बिकने की खबर सामने आई। दुनियाभर में ऐसे शाही अंडों में से केवल 42 का ही पता चल पाया है।



राजस्थान में सूखे की आशंका पर सियासत

जयपुर। राजस्थान में बारिश की कमी और संभावित अकाल को लेकर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने हैं। कांग्रेस ने किसानों और पशुपालकों की समस्याओं का हवाला देते हुए तत्काल राहत की मांग की है, जबकि सरकार ने सर्वे के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि प्रदेश के आठ से दस जिलों में कम बारिश हुई है। राजस्व विभाग और जिला प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर रहे हैं। रिपोर्ट के आधार पर अकाल घोषित करने और राहत कार्य शुरू करने का निर्णय लिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में सूखे जैसे हालात बताते हुए जल्द गिरदावरी, चारा डिपो, पशु राहत शिविर और पेयजल व्यवस्था की मांग की है। वहीं, मीणा ने गहलोत पर बिना सर्वे के भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

कांग्रेस बैठक के टेंट में हुआ बड़ा हादसा

प्रतापगढ़। पीपलखूंट थाना क्षेत्र के रेणदा पंचायत में पंचायतीराज चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक से पहले बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। तेज हवा से उड़ते टेंट को संभालने के दौरान उसका पाइप ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया, जिससे करंट फैल गया। हादसे में रेणदा निवासी मोहन पुत्र गौतम मीणा और अर्जुन पुत्र अमरा मीणा की मौत हो गई, जबकि 9 लोग झुलस गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बैठक में करीब 150 से 200 लोग मौजूद थे। हादसे की सूचना पर एडीएम विजयेश पण्ड्या और थाना प्रभारी मनीष वैष्णव मौके पर पहुंचे। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।



सीमा सन्देश

जॉब & एज्युकेशन

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 22 अक्टूबर, 2026

बैंक में 530 पदों पर भर्ती

यूको बैंक के मानव संसाधन प्रबंधन विभाग ने 13 अक्तूबर 2026 को अपरेंटिस भर्ती का विज्ञापन जारी किया है। इसके तहत देश के 31 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कुल 530 प्रशिक्षण पद भरे जाएंगे। पदों की संख्या अस्थायी है और बैंक की जरूरत के अनुसार इसमें बदलाव हो सकता है। उम्मीदवारों को आवेदन करते समय केवल एक राज्य या केंद्रशासित प्रदेश चुनने की अनुमति है। प्रशिक्षण के लिए चयनित उम्मीदवारों को संबंधित राज्य के किसी भी जिले में भेजा जा सकता है। ऑनलाइन आवेदन 14 अक्टूबर से शुरू हुए हैं और आखिरी तारीख 29 अक्टूबर है। न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष होनी चाहिए।



कांस्टेबल भर्ती के आवेदन शुरू

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल ने गृह (पुलिस) विभाग के लिए पुलिस आरक्षक (चालक) सीधी भर्ती परीक्षा 2026 की अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती के तहत कुल 1000 पद भरे जाएंगे। इनमें विशेष सशस्त्र बल के 200 और जिला पुलिस बल के 800 पद शामिल हैं। भर्ती केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। आवेदन 15 अक्टूबर से शुरू हो रहे हैं। आवेदन की अंतिम तारीख 29 अक्टूबर 2026 है। लिखित परीक्षा 4 जनवरी 2027 संभावित है।



पंजाब हाईकोर्ट में 1270 पद भरेंगे

पंजाब हाईकोर्ट में युवाओं के लिए भर्ती निकली है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। क्लर्क पदों पर यह भर्ती निकाली गई है। आवेदन की प्रक्रिया 7 अक्टूबर 2026 से शुरू हो चुकी है और आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 नवंबर 2026 है। शैक्षणिक योग्यता में स्नातक की डिग्री और दसवीं तक पंजाबी अवश्य पढ़ी हो। आयु सीमा 18 से 37 साल निर्धारित है। **चयन प्रक्रिया:** कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट, कंप्यूटर प्रोफिशिएंसी, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन।

एनएचएआई में पेड इंटर्नशिप

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने विंटर इंटर्नशिप कार्यक्रम 2026-27 और टर्म इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन मांगे हैं। पात्रता पूरी करने वाले छात्रों को हर महीने 20,000 रुपये का वजीफा भी मिलेगा। इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, सड़क सुरक्षा, प्रबंधन, कानून, वित्त, मीडिया और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह उपयोगी मौका हो सकता है।



सीमा सन्देश

सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए रेलवे ने भर्ती का नया अवसर दिया है। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने नॉन-टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी (एनटीपीसी) में स्नातक स्तर के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। आठ अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इस भर्ती के माध्यम से कुल 3548 रिक्त पदों पर योग्य उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रेलवे भर्ती बोर्ड के नोटिफिकेशन के मुताबिक, एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि छह नवंबर, 2026 निर्धारित की है।

कैसे होगा चयन :

आरआरबी एनटीपीसी परीक्षा में सीबीटी-1, सीबीटी-2, टाइपिंग स्किल टेस्ट (टीएसटी) या कंप्यूटर आधारित एप्टीट्यूड टेस्ट (सीबीएटी), दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा शामिल हैं। सीबीटी-1 में 100 प्रश्न होते हैं, जबकि सीबीटी-2 में 120 प्रश्न पूछे जाते हैं। दोनों कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं में गणित, सामान्य बुद्धि एवं तर्कशक्ति और सामान्य जागरूकता से सवाल आते हैं। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग का प्रावधान है और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक-तिहाई अंक काटे जाएंगे। क्लर्क और टाइपिस्ट जैसे पदों के लिए उम्मीदवारों को टाइपिंग स्किल टेस्ट, जबकि स्टेशन मास्टर जैसे पदों के लिए सीबीएटी देना होगा। इसके बाद योग्य उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल परीक्षा होगी।

करंट अफेअर्स और महत्वपूर्ण सामान्य ज्ञान : सबसे पहले सिलेबस को समझ लें। विश्वसनीय अध्ययन सामग्री के साथ तैयारी शुरू करें। परीक्षा में नकारात्मक अंकन का प्रावधान है, इसलिए गणित और रीजनिंग के सवालों का नियमित अभ्यास करें, ताकि गति, सटीकता बेहतर हो। करंट अफेअर्स, महत्वपूर्ण सामान्य ज्ञान के टॉपिक्स पढ़ें।

दिसम्बर के अंत में होगी आरआरबी एनटीपीसी सीबीट-1 की परीक्षा

रेलवे भर्ती बोर्ड के नोटिस के मुताबिक, नॉन-टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी के ग्रेजुएट लेवल पदों के लिए सीबीटी-1 परीक्षा दिसंबर 2026 के चौथे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। फिलहाल यह संभावित कार्यक्रम है। परीक्षा की अंतिम तारीखें तय होने के बाद बोर्ड अलग से आधिकारिक सूचना जारी करेगा। आरआरबी ने संभावित परीक्षा कार्यक्रम पहले ही जारी कर दिया है, ताकि अभ्यर्थी अपनी तैयारी की योजना बना सकें। इसके साथ ही उम्मीदवार परीक्षा के लिए यात्रा और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं भी समय रहते कर सकते हैं।

साइप्रस में शिक्षा और कॅरिअर का मौका, नए सत्र के आवेदन शुरू

पढ़ाई के साथ पार्ट टाइम वर्क की भी सुविधा



VISAMASTERS INDIA

श्रीगंगानगर

यूरोपीय शिक्षा की चाह रखने वाले विद्यार्थियों के लिए साइप्रस में 2026-27 सत्र के तहत बैचलर और मास्टर डिग्री के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के अवसर उपलब्ध हैं। अंग्रेजी माध्यम के पाठ्यक्रमों के लिए सामान्यतः यूजी में करीब 5.5+ और पीजी में 6.5+ आइलेट्स स्कोर मांगा जा सकता है, हालांकि यह पाठ्यक्रम के अनुसार अलग हो सकता है। 12वीं पास विद्यार्थी और ग्रेजुएट आवेदन कर सकते हैं।

विद्यार्थियों को आर्थिक प्रमाण, शैक्षणिक दस्तावेज, पासपोर्ट, एडमिशन लेटर, बैंक स्टेटमेंट, पीसीसी, मेडिकल सहित अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। अध्ययन के दौरान नियमों के अनुसार पार्ट-टाइम काम की सुविधा भी उपलब्ध है। अधिक जानकारी एवं आवेदन सहायता के लिए वीजा मास्टर्स संस्थान श्रीगंगानगर में संपर्क किया जा सकता है।

सम्पर्क करें :
वीजा मास्टर्स इंडिया
6 पी-ब्लॉक, शू बैंक के ऊपर, फर्स्ट फ्लोर, राधेश्याम रोड, श्रीगंगानगर
+91 93511-88888

इंडियन आर्मी में 12वीं पास युवाओं के लिए अधिकारी बनने का मौका

टेक्निकल एंट्री स्कीम के तहत ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू भारतीय सेना ने टेक्निकल एंट्री स्कीम टीईएस 57 भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 अक्टूबर 2026 से शुरू हुई है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 12 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले आधिकारिक नोटिफिकेशन में दिए गए सभी निर्देश ध्यान से पढ़ लें। टेक्निकल एंट्री स्कीम के माध्यम से योग्य उम्मीदवारों को भारतीय सेना में तकनीकी अधिकारी बनने का अवसर मिलता है। इस भर्ती के तहत चयनित उम्मीदवारों को निर्धारित प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सेना में परमानेंट कमीशन के माध्यम से अधिकारी बनने का अवसर दिया जाता है।



कौन कर सकता है आवेदन : टीईएस-57 भर्ती के लिए अविवाहित पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथेमेटिक्स विषयों के साथ 12वीं की परीक्षा पास होना जरूरी है। उम्मीदवार का जेईई मेन परीक्षा में शामिल होना भी अनिवार्य है। आयु सीमा, 12वीं में न्यूनतम अंकों की आवश्यकता और अन्य पात्रता शर्तों की जानकारी के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन देखें।

आवेदन शुरू...65 पदों के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया

सुप्रीम कोर्ट में सीनियर पर्सनल असिस्टेंट पदों पर निकली भर्ती



सीमा सन्देश

सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने सीनियर पर्सनल असिस्टेंट (एसपीए) के पदों पर भर्ती निकाली है। सीनियर पर्सनल असिस्टेंट के 65 पदों पर भर्ती की जाएगी। ये ग्रुप-बी गैर-राजपत्रित पद हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 अक्टूबर से शुरू हुई है। योग्य उम्मीदवार 10 नवंबर तक सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक भर्ती वेबसाइट से आवेदन कर सकते हैं।

कौन कर सकता है आवेदन:
शैक्षणिक योग्यता: उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री होनी चाहिए।
आयु सीमा: 1 अक्टूबर 2026 को उम्मीदवार की उम्र कम से कम 18 वर्ष और अधिकतम 30 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्गों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट मिलेगी।
शॉर्टहैंड और टाइपिंग: उम्मीदवार को कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान जरूरी है। अंग्रेजी शॉर्टहैंड परीक्षा 100 अंकों की होगी। इसमें 110 शब्द प्रति मिनट की गति जरूरी है। इसके अलावा कंप्यूटर पर टाइपिंग गति की परीक्षा भी होगी, जो 20 अंकों की होगी। इसमें 40 शब्द प्रति मिनट की गति अपेक्षित है।
कैसे होगा चयन : उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया के कई चरणों से गुजरना होगा। इनमें वस्तुनिष्ठ परीक्षा, अंग्रेजी शॉर्टहैंड कौशल परीक्षा, कंप्यूटर टाइपिंग परीक्षा और साक्षात्कार शामिल हैं।

राष्ट्रीय वाईआईसीसी प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

भव्यांशिका आहुजा व चैरस्वी ने किया बिरला पब्लिक स्कूल का प्रतिनिधित्व



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

रचनात्मक सोच, आकर्षक प्रस्तुति और पाक कला के अनूठे संगम के साथ बिरला पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय की कक्षा 7 की छात्राएँ भव्यांशिका आहूजा और चैरस्वी ने दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित वाईआईसीसी प्रतियोगिता में भाग लेकर विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में दोनों छात्राओं ने फायरलेस कुकिंग के माध्यम से बिना आग का उपयोग किए व्यंजन तैयार करने की कला प्रस्तुत की और अपनी रचनात्मकता एवं पाक कौशल से निर्णायक मंडल की सराहना प्राप्त की। दिल्ली के इंडियन होटल अकादमी, मीनाक्षी गार्डन के पास आयोजित हुई। उनके व्यंजनों की निर्णायक मंडल ने प्रशंसा की, जिससे छात्राओं को अपने कौशल को और निखारने की प्रेरणा मिली। छात्राओं के साथ विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती दीप्ति जे. मसीह दिल्ली गईं और उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान उनका मार्गदर्शन किया।

नए कौशल सीखने का अवसर : उपप्रधानाचार्या सुशीला सहारण एवं प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि इस प्रकार के मंच विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, नए कौशल सीखने और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करते हैं।

केन्द्रीय भंडारण निगम में 316 पदों पर भर्ती

15 नवंबर तक आवेदन का मौका

नई दिल्ली।

सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए केंद्रीय भंडारण निगम में नौकरी का अवसर है। जानकारी के अनुसार, निगम में सहायक प्रबंधक और कनिष्ठ कार्यकारी के कुल 316 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 17 अक्टूबर से शुरू हो गई है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 15 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।



आठ श्रेणियों में भरे जाएंगे

पद : सहायक प्रबंधक (सामान्य) के 70, सहायक प्रबंधक (तकनीकी) के 60, सहायक प्रबंधक (वित्त) के 10, सहायक प्रबंधक (सिविल इंजीनियरिंग) के 22, सहायक प्रबंधक (विद्युत इंजीनियरिंग) के पांच और सहायक प्रबंधक (यांत्रिक इंजीनियरिंग) के चार पद शामिल हैं। वहीं, कनिष्ठ कार्यकारी (सामान्य) के 67 और कनिष्ठ कार्यकारी (तकनीकी) के 78 पदों पर नियुक्तियां की जानी हैं।

स्नातक और पीजी उम्मीदवारों के लिए मौका : इस भर्ती में अलग-अलग पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता अलग निर्धारित की जा सकती है। सामान्य, तकनीकी, वित्त और इंजीनियरिंग से संबंधित पदों के लिए संबंधित विषय में डिग्री, स्नातकोत्तर योग्यता या अन्य निर्धारित्रा पेशेवर योग्यता की आवश्यकता हो सकती है। उम्मीदवारों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप पद का चयन करने से पहले आधिकारिक विज्ञापन में दिए गए पात्रता मानदंडों को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए।

मेडिकल क्षेत्र में सरकारी नौकरी पाने का बेहतरीन अवसर

मेडिकल क्षेत्र में सरकारी नौकरी पाने का सपना देख रहे अभ्यर्थियों के पास सुनहरा मौका है। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एन्ड हॉस्पिटल चंडीगढ़ की ओर से विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है जिसमें शामिल होने के लिए आवेदन की लास्ट डेट 28 अक्टूबर 2026 निर्धारित है। इच्छुक उम्मीदवार तय तिथियों के अंदर ऑनलाइन ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर लें। इस भर्ती के माध्यम से कुल 242 रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। यह नियुक्तियां सीनियर रेजिडेंट, सेंट्रल



कैजुएल्टी सर्विसेज, रेजिडेंट एनएसथेटिस्ट, रेजिडेंट पैथोलॉजिस्ट, डेमोंस्ट्रेटर, इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, मेडिकल ऑफिसर और जूनियर रेजिडेंट पदों पर की जाएंगी।

भर्ती के लिए पात्रता एवं मापदंड : इस भर्ती में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी ने पदानुसार MD/ MS/ DNB/ M.Ch/ DM/ MBBS/ M.Sc Medical/ BDS आदि उत्तीर्ण किया हो और साथ ही उम्मीदवार का मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। इसी प्रकार पद के अनुसार 28 अक्टूबर 2026 को ध्यान में रखकर उम्मीदवार की अधिकतम आयु 30/ 37/ 45 वर्ष से ज्यादा न हो। ऊपरी उम्र में आरक्षित वर्ग को छूट नियमानुसार प्रदान की गई है।

सीएसआईआर में तकनीशियन के पद भरे जाएंगे, आवेदन का मौका



सीएसआईआर-केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान (सीएफटीआरआई), मैसूर ने तकनीशियन भर्ती 2026 का विज्ञापन जारी किया है। इस भर्ती के तहत कुल 28 पद भरे जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 19 अक्टूबर से 18 नवंबर 2026 तक चलेगी। तकनीशियन पद के लिए उम्मीदवार का दसवीं कक्षा विज्ञान विषयों के साथ कम से कम 55 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना जरूरी है। इसके साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र, दो साल की अप्रेंटिसशिप या तीन साल का प्रासंगिक कार्य अनुभव होना चाहिए। न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 28 वर्ष निर्धारित की गई है।

बीएचईएल में 660 पदों पर भर्ती : 10वीं और आईटीआई पास युवाओं को मौका

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने आर्टिजन ग्रेड चार के 660 पदों पर भर्ती की घोषणा की है। इसके तहत फिटर, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक और फाउंड्रीमैन जैसे सात ट्रेडों में नियुक्तियां होंगी। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को दसवीं कक्षा पास होना चाहिए। इसके साथ संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र यानी एनटीसी या आईटीआई और राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रमाणपत्र यानी एनएसी की निर्धारित शर्तें पूरी करनी होंगी। भर्ती के आधिकारिक विज्ञापन में न्यूनतम अंकों और अन्य पात्रता संबंधी नियमों की जानकारी दी गई है। आवेदन 21 अक्टूबर से 18 नवंबर तक होंगे।



किस ट्रेड में कितने पद : बीएचईएल ने सात ट्रेडों में कुल 660 पद घोषित किए हैं। इनमें फिटर के 278 पद, वेल्डर के 104 पद और मशीनिस्ट के 101 पद शामिल हैं। इलेक्ट्रीशियन के 90, टर्नर के 52, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक के 23 और फाउंड्रीमैन के 12 पद निर्धारित किए गए हैं।

फिटर ट्रेड में सबसे अधिक रिक्तियां हैं, जबकि फाउंड्रीमैन के पद सबसे कम हैं।0

चिकित्सा शिक्षा : ट्रांसप्लांटेशन सोसायटी कांग्रेस में मेंटर-मेंटी अवॉर्ड से सम्मानित, किफायती अंग प्रत्यारोपण पर दिया व्याख्यान

श्रीगंगानगर के डॉ. सौरभ शर्मा को सिडनी में अंतरराष्ट्रीय सम्मान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

शहर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. कैलाश शर्मा और राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर की पूर्व प्राचार्य डॉ. रजनी शर्मा के सुपुत्र एवं किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ शर्मा को चिकित्सा एवं शोध क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) में आयोजित 'ट्रांसप्लांटेशन सोसायटी की अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस' में उन्हें प्रतिष्ठित 'मेंटर-मेंटी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। डॉ. सौरभ शर्मा एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर से जुड़े हुए हैं। उन्हें यह सम्मान अपने सह-शोधकर्ता (मेंटी) के साथ अंग प्रत्यारोपण विज्ञान एवं चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

अंग प्रत्यारोपण विज्ञान का वैश्विक मंच

ट्रांसप्लांटेशन सोसायटी की अंतरराष्ट्रीय कांग्रेस को अंग प्रत्यारोपण विज्ञान और क्लिनिकल प्रैक्टिस के क्षेत्र में दुनिया के प्रमुख मंचों में शामिल किया जाता है। इसमें विभिन्न देशों के विशेषज्ञ चिकित्सक, शोधकर्ता और वैज्ञानिक शामिल हुए। सम्मेलन में अंग प्रत्यारोपण की नई तकनीकों, उपचार पद्धतियों, शोध कार्यों और भविष्य की चुनौतियों पर व्यापक चर्चा हुई।



किफायती उपचार मॉडल विकसित करने पर जोर

कांग्रेस के एक प्रमुख सत्र में डॉ. सौरभ शर्मा को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कम और मध्यम आय वाले देशों में अंग प्रत्यारोपण को अधिक किफायती एवं आम मरीजों के लिए सुलभ बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. शर्मा ने कहा कि चिकित्सा तकनीक में लगातार प्रगति हो रही है, लेकिन अंग प्रत्यारोपण और उपचार की बढ़ती लागत अभी भी विकासशील देशों के मरीजों के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि केवल आधुनिक तकनीक ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मरीजों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए कम लागत वाले स्वास्थ्य सेवा मॉडल विकसित करना भी जरूरी है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग से बढ़ेगी सुविधा

डॉ. शर्मा ने अपने व्याख्यान में कहा कि विकसित और विकासशील देशों के बीच तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण तथा शोध साझेदारी से अंग प्रत्यारोपण की सुविधाओं को अधिक लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने चिकित्सा ज्ञान और अनुभवों के आदान-प्रदान को भी महत्वपूर्ण बताया। डॉ. सौरभ शर्मा को मिले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान से राजस्थान के चिकित्सा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों ने इसे प्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उन्हें बधाई दी है।

मौसम

अधिकतम 35.0° | न्यूनतम 20.6°

आर्द्रता

सुबह 76% | शाम 51%

विंड स्पीड

3-10KM/h

आज का सूर्यास्त

05:57PM

कल का सूर्योदय

06:42AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,44,950

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,34,080

चांदी (प्रति किलो) ₹2,08,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

विप्र फाउंडेशन का रक्तदान शिविर 1 को

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विप्र फाउंडेशन की जिला एवं तहसील इकाई के तत्वावधान में 'सेवा ही संकल्प, समाज ही परिवार' अभियान के तहत 1 नवंबर, रविवार को प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक राजकीय जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित होगा। जिला संगठन महामंत्री डॉ. पवन पारीक ने बताया कि शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष महेश सारस्वत ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है तथा इससे रक्त निर्माण, हृदय स्वास्थ्य और नियमित स्वास्थ्य जांच का लाभ भी मिलता है। शिविर की तैयारियों में महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एड. वंदना गौड़, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सचिन गौड़, तहसील अध्यक्ष नीरज शर्मा, महिला तहसील अध्यक्ष ज्योति शर्मा सहित सभी पदाधिकारी जुटे हैं। शिविर संचालन व जनसंपर्क के लिए चेना राम सारस्वत, मनोज कपिल, एडवोकेट ऋषिराज ओझा, अन्नपूर्णा शर्मा एवं जतिन शर्मा को प्रभारी बनाया गया है। फाउंडेशन ने विप्र समाज सहित जिलेवासियों और युवाओं से अधिकाधिक रक्तदान कर मानव सेवा में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

पटाखों के लाइसेंस के लिए कलक्टर से मिले

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पटाखों के अस्थाई लाइसेंस की मांग को लेकर एक शिष्टमण्डल जिला कलक्टर से मिला। जिला कलक्टर से अनुरोध किया गया कि अस्थाई पटाखा विक्रेताओं को उनकी दुकानों पर ही लाइसेंस जारी कर पटाखों के विक्रय की अनुमति जारी करे। प्रतिनिधि मण्डल ने बताया कि जिला कलटर ने इस आग्रह को स्वीकार करते हुए कहा कि दुकानों के साथ-साथ अगर कोई रामलीला मैदान में भी पटाखे लगाना चाहता है तो लगा सकता है। हालांकि इस सबन्ध में कोई लिखित आदेश नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि रामलीला मैदान व मल्टीपर्पज मैदान में पटाखे की अस्थाई दुकानें लगाने पर विचार चल रहा है।

बढ़ता नशा और सख्ती श्रीकरणपुर के गांव में खेत से 508 ग्राम और श्रीगंगानगर कोतवाली पुलिस ने 6.59 ग्राम हेरोइन पकड़ी

बॉर्डर पार से हेरोइन तस्करी; श्रीगंगानगर जिले के गांवों में रात को ड्रोन से गिराते हैं पैकेट्स, लोकेशन के आधार पर होती है डिलीवरी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे श्रीगंगानगर जिले के सीमावर्ती इलाकों में ड्रोन और अन्य जरिए से नशे की तस्करी हो रही है। तस्कर सीमा पार से मादक पदार्थों की खेप पहुंचाने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं और सीमावर्ती क्षेत्र तस्करी के लिहाज से संवेदनशील बने हुए हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिए मादक पदार्थों की खेप गिराकर तस्करी किए जाने की आशंका सुरक्षा एजेंसियों के लिए लगातार चुनौती बनी हुई है। हालांकि पुलिस अधिकतर मामलों को ट्रेस कर रही है। पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए हेरोइन जब्त की है। श्रीकरणपुर थाना क्षेत्र में खेत से 508 ग्राम हेरोइन बरामद हुई, जबकि श्रीगंगानगर कोतवाली पुलिस ने 6.59 ग्राम हेरोइन सहित युवक को पकड़ा है।



श्रीगंगानगर के जस्सासिंह मार्ग पर कोतवाली पुलिस की कार्यवाही, युवक को 6.59 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा: कोतवाली सीआई तेजवन्त सिंह के नेतृत्व में एसआई रामेश्वरलाल की टीम ने कार्यवाही करते हुए श्रीगंगानगर में जस्सा सिंह मार्ग स्थित लबाना चौक के पास गश्त के दौरान सतवंत सिंह उर्फ सोनू पहलवान (26) को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 6.59 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकल भी जब्त कर ली। आरोपी चूनावढ़ कोठी का निवासी है और वर्तमान में गांव कालियां की रॉयल सिटी में रह रहा था। जांच उपनिरीक्षक नागेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

बीएसएफ-पुलिस ने 10 एफए के खेत से 508 ग्राम हेरोइन पकड़ी

श्रीकरणपुर थाना पुलिस को सीआईडी जोन श्रीकरणपुर से सूचना मिली थी। इसके बाद थानाधिकारी सीर कौर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीएसएफ के सहयोग से 10 एफए रोडी क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। तलाशी के दौरान 6 एफए रड़ेवाला के एक खेत में 508 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। मामले की जांच चूनावढ़ थानाधिकारी संजय सिंह को सौंपी गई है। श्रीकरणपुर की कार्रवाई में सीआईडी जोन के हेड कांस्टेबल नवनीत मीणा की विशेष भूमिका रही। श्रीकरणपुर संवाददाता के अनुसार बीएसएफ की 118वीं वाहिनी के शेखसरपाल बीओपी कमांडर पीके मीणा के साथ बीएसएफ ने पुलिस के साथ खेतों में सर्च अभियान चलाया। सर्च अभियान के दौरान किसान के खेत में हेरोइन का पीले रंग का पैकेट बरामद किया गया।

चिंता का विषय

लगातार कार्यवाहियां, फिर भी थम नहीं रही तस्करी, नेटवर्क भेदने की जरूरत

पिछले कुछ समय से तस्करी के ऐसे कई मामले सामने आए हैं। पुलिस और जांच एजेंसियों अब जब्त हेरोइन के स्रोत, उसे पहुंचाने वाले लोगों और तस्करी नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। हेरोइन किसने खेत में पहुंचाई और इसके पीछे तस्करी का कौन-सा नेटवर्क सक्रिय है, इसकी तह तक जाने पर ही इसे जड़ से खत्म किया जा सकता है। इन मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पाक से ड्रोन के जरिए यहां गिराये हेरोइन के 8 पैकेट पकड़े थे: तीन दिन पहले 265 हैड पुलिस चौकी के पास पुलिस ने दो युवकों को हेरोइन सहित पकड़ा था। रावला मंडी क्षेत्र के 5 बीडी की रोही में पाकिस्तान से रात्रि को किसी समय ड्रोन के जरिए हेरोइन के आठ पैकेट गिराये थे। जसवंत सिंह व जसविंद्र सिंह निवासी अरनीवाला फाजिल्का पंजाब को भारी मात्रा में हेरोइन सहित पकड़ा था।

एसपी हरिशंकर ने कहा- तस्करों की धरपकड़ जारी रहेगी

जिला पुलिस अधीक्षक हरि शंकर के अनुसार, जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में ऑपरेशन सीमा संकल्प चलाया जा रहा है। इसके तहत मेडिकेटेड नशे, मादक पदार्थों और अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई कर अपराधियों की धरपकड़ की जा रही है।

खेल प्रतियोगिताओं से होगी गंगानगर स्थापना दिवस कार्यक्रमों की शुरूआत

आज से 26 तक आयोजित गंगानगर स्थापना दिवस के लिये सौंपे उतरदायित्व

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

गंगानगर स्थापना दिवस के तहत जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिले का स्थापना दिवस समारोह 22 से 26 अक्टूबर तक समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। स्थापना दिवस कार्यक्रमों की शुरूआत 22 अक्टूबर को खेल प्रतियोगिताओं से होगी जबकि समापन 26 अक्टूबर की शाम को सूरतगढ़ में होगा।

जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि गंगानगर स्थापना दिवस के तहत 22 से 24 अक्टूबर तक खेल प्रतियोगिता दमखम का आयोजन महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में होगा। जिला खेल अधिकारी और मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को खेल प्रतियोगिताओं का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह 24 अक्टूबर को हमारे सपनों का गंगानगर विषय पर भाषण प्रतियोगिता शिक्षा विभाग की ओर से करवाई जाएगी। 25 अक्टूबर को सुबह फिट गंगानगर सोसायटी श्रीगंगानगर की ओर से पुलिस लाइन में मैराथन रन फॉर फिट गंगानगर और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर विकास न्यास की ओर से करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 25 अक्टूबर मैराथन का आयोजन पुलिस लाइन में होगा। प्रतिभागियों को सुबह 4:45 बजे रिपोर्ट करना होगा। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन सुबह 5:15 बजे, 10 किलोमीटर रन 5:45 बजे और 5 किलोमीटर रन सुबह 6:15 बजे शुरू होगी।

इसके बाद सुबह 7 बजे फन रन आयोजित होगी, जिसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा। 21 किलोमीटर के लिए 3 घंटे 30 मिनट, 10 किलोमीटर के लिए 1 घंटा 30 मिनट और 5 किलोमीटर के लिए 1 घंटे का कट-ऑफ समय निर्धारित किया गया है।

मैराथन में विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। 21 किलोमीटर में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपए रहेगा। 10 किलोमीटर में क्रमशः 21 हजार, 11 हजार और 5,100 रुपए तथा 5 किलोमीटर में 11 हजार, 5,100 और 3,100 रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरुष एवं महिला वर्ग में कुल 18 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। 25 अक्टूबर को शाम 6 से 8.30 बजे तक नगर विकास न्यास की ओर से पुलिस लाईन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

जिला कलक्टर ने बताया कि 26 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे महाराजा गंगासिंह स्टेच्यू सर्किल पर माल्यार्पण होगा। सुबह सवा 8 बजे शिवपुर हैड पर पूजा-अर्चना के बाद सवा 9 बजे पौधारोपण कार्यक्रम होगा।

26 अक्टूबर की शाम को सूरतगढ़ में एक शाम धोरों के नाम कार्यक्रम सायं 4 बजे से रात साढ़े 8 बजे तक होगा। इस दौरान कैमल डांस शो, कैमल सफारी, ऊंट गाडा सफारी, जीप सफारी सहित अन्य गतिविधियां की जायेंगी।

प्रदेश के विभिन्न अंचलों की लोक कला संस्कृति से संबधित कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जायेंगी।

भारतीय स्टेट बैंक ने गंगानगर मैराथन के लिए सवा लाख रुपए की सहयोग राशि सौंपी

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर में फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाली गंगानगर मैराथन 2026 में भारतीय स्टेट बैंक भी सहयोग करेगा। एसबीआई के सहायक महाप्रबंधक संजय सुमन ने बुधवार को मैराथन में सहयोग के लिए 1,25,000 रुपए की वित्तीय राशि का चेक अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) सुभाष कुमार को सौंपा। उप प्रबन्धक विनोद कुमार ने बताया कि सामाजिक सरोकार और स्वास्थ्य के संदेश के मद्देनजर एसबीआई बैंक कर्मचारियों ने भी बड़ी संख्या में मैराथन में दौड़ने के लिए अपना पंजीकरण कराया है।भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने फिट गंगानगर सोसायटी के पदाधिकारियों को सहयोग राशि का चेक औपचारिक रूप से सौंपते हुए मैराथन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। बैंक प्रबंधन ने कहा कि वित्तीय सहयोग के साथ-



साथ उनके कर्मचारियों की मैराथन में यह सक्रिय भागीदारी समाज को एक सकारात्मक और ऊजार्वान संदेश देगी। उल्लेखनीय है कि मैराथन का आयोजन पुलिस लाइन, श्रीगंगानगर में होगा। प्रतिभागियों को सुबह 4:45 बजे रिपोर्ट करना होगा। 21 किलोमीटर हाफ मैराथन सुबह 5:15 बजे, 10 किलोमीटर रन 5:45 बजे और 5 किलोमीटर रन सुबह 6:15 बजे शुरू होगी। इसके बाद सुबह 7 बजे फन रन आयोजित होगी, जिसमें प्रवेश निःशुल्क रहेगा। 21 किलोमीटर के लिए 3 घंटे 30 मिनट, 10 किलोमीटर के लिए 1 घंटा 30 मिनट और 5 किलोमीटर के लिए 1 घंटे का कट-ऑफ समय निर्धारित किया गया है। मैराथन में विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए हैं। 21 किलोमीटर में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपए रहेगा। 10 किलोमीटर में क्रमशः 21 हजार, 11 हजार और 5,100 रुपए तथा 5 किलोमीटर में 11 हजार, 5,100 और 3,100 रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरुष एवं महिला वर्ग में कुल 18 विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

घर में घुसकर एसी और कम्प्यूटर ले गए चोर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्रीगंगानगर में दिनदहाड़े सूने मकान के ताले तोड़कर चोर घर का सामान ले गए। चोर मकान से एसी, नलों की टोटियां, कंप्यूटर, सीपीयू और मॉनिटर सहित अन्य सामान पार कर ले गए। ये घटना उउळश में कैद हो गई। घटना जवाहरनगर थाना क्षेत्र की है।

पुलिस को दी रिपोर्ट में प्रवीण लता निवासी 73 एन ब्लॉक, श्रीगंगानगर ने बताया- उनकी बड़ी बहन राज चावला का 57 एन ब्लॉक में मकान है।

दोपहर के समय अज्ञात लोग मकान के ताले तोड़कर अंदर घुसे और वहां से एसी, नलों की टोटियां, कंप्यूटर, सीपीयू, मॉनिटर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

वारदात मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसमें एक महिला और युवक वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इससे पहले सितंबर में भी इसी परिवार के दूसरे मकान में चोरी हुई थी। उस समय एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया गया था, लेकिन उस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई। प्रवीण लता छाबड़ा ने सीसीटीवी फुटेज में दिखाई देने वाले व्यक्ति की पहचान रिमझिम के रूप में होने की बात भी कही है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पंचायती राज चुनाव : कलक्टर ने कहा- आपसी समन्वय से हो कार्य

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। पंचायती राज आम चुनाव के तहत बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में प्रकोष्ठ प्रभारियों की अहम बैठक आयोजित हुई। बैठक में तीसरे और चौथे चरण के चुनावी कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समयबद्ध व निष्पक्ष कार्य सम्पादन के निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर ने कानून व्यवस्था, ईवीएम, रूट चार्ट, मतदान व मतगणना दल गठन, मतपत्र मुद्रण, प्रशिक्षण, स्वीप तथा एमसीएमसी सहित सभी प्रकोष्ठों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को अपने प्रकोष्ठ का कार्य-कैलेंडर बनाकर आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए।



डॉ. यादव ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान हथियारों और शराब के अवैध परिवहन पर पूरी तरह रोक रहे। साथ ही मतदान दलों के ठहरने, भोजन, पेयजल, लाइट व यातायात की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि कार्मिकों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने आचार संहिता की सख्ती से पालना कराने तथा नियमित रूप से सक्रिय कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर बल दिया।

बैठक में एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता अश्विन के. पंवार, जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन सहित समस्त प्रकोष्ठ प्रभारी व निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

ईवीएम कमीशनिंग, मतदान दल रवानगी व मतगणना हेतु दो कॉलेजों का अधिग्रहण : पंचायती राज आम चुनाव 2026 के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव ने ईवीएम कमीशनिंग, स्ट्रांग रूम, मतदान दलों की रवानगी, संग्रहण एवं मतगणना के लिए दो महाविद्यालय परिसरों का अधिग्रहण किया है। सादुलशहर, श्रीगंगानगर उत्तर-दक्षिण, करणपुर, सूरतगढ़, राजियासर, पदमपुर व विजयनगर क्षेत्र के लिए डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय का 25 अक्टूबर से अधिग्रहण रहेगा।

वहीं घड़साना, अनूपगढ़ व रायसिंहनगर क्षेत्र के चुनावी कार्यों हेतु 4 नवंबर से राजकीय विधि महाविद्यालय का अधिग्रहण किया गया है। यह व्यवस्था चुनाव प्रक्रिया समाप्ति तक लागू रहेगी।

वाद-विवाद प्रति. आयोजित

स्वीप कार्यक्रम के तहत बुधवार को राजकीय अल्पसंख्यक बालक छात्रावास, रायसिंहनगर में वाद-विवाद प्रति. का आयोजन हुआ। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुखमन सिंह जौहल ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के महत्व और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था। प्रतिभागियों ने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मतदाता की भूमिका पर तार्किक विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में युवाओं को पात्र होने पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व निष्पक्ष मतदान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया गया।

पुलिस शहीद दिवस पर जवानों को श्रद्धांजलि: परेड की सलामी दी और पौधारोपण किया, पैरामिलिट्री बलों के जवानों को भी याद किया





सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर में पुलिस शहीद दिवस के मौके पर बुधवार को पुलिस लाइन में शहीद हुए पुलिस और पैरामिलिट्री बलों के जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक हरीशंकर सहित विभाग के उच्चाधिकारियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस दौरान परेड के जरिए शहीदों को सलामी दी गई। साथ ही पौधारोपण किया गया। पुलिस अधीक्षक हरीशंकर ने बताया कि आज पुलिस शहीद दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में कई कार्यक्रम किए जा रहे हैं। पिछले साल कर्तव्य पथ पर वीरगति को प्राप्त हुए पुलिस और पैरामिलिट्री बलों के जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही शहीद जवानों की याद में पौधारोपण और रक्तदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर पिछले साल शहीद हुई ज्योति नायक को श्रद्धांजलि दी गई और उनके परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त की गईं।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र श्रीगंगानगर द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की औद्योगिक इकाइयों में मतदाता संदेश बोर्ड कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र के महाप्रबंधक दिनेश राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी ने औद्योगिक इकाइयों के संचालकों, कामगारों एवं श्रमिकों को मतदान के अधिकार एवं महत्व के प्रति जागरूक किया। साथ ही उन्हें मतदाता सूची में अपना नाम जांचने तथा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

खेत में काम कर रही महिला से लूट की वारदात का पर्दाफाश, 2 आरोपी गिरफ्तार व सोने की बालियां बरामद

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर के निर्देशन में श्रीगंगानगर पुलिस ने खेत में काम कर रही एक महिला के साथ हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई सोने की बालियां और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है.

क्या था पूरा मामला?

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना 16 अक्टूबर 2026 की है। नई मंडी घड़साना क्षेत्र के 10 एम.एल.डी क्षेत्र में जब एक महिला खेत में काम कर रही थी, तभी दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और महिला के कानों से सोने की बालियां झपटकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर थाना नई मंडी घड़साना में मुकदमा दर्ज कर जांच सहायक उप-निरीक्षक दलीप कुमार को सौंपी गई थी।

सराहनीय भूमिका : इस पूरी कार्रवाई में अनुसंधान अधिकारी दलीप कुमार (स.उ.नि.), शंकरलाल (कानि.) और विशेष रूप से राजेश (कानि. 1406) की गिरफ्तारी में अहम व सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस की विशेष कार्रवाई और गिरफ्तारी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रायसिंहनगर) श्रीमती नीलम चौधरी और वृताधिकारी (अनूपगढ़) जयप्रकाश के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी घड़साना आलोक सिंह के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

तकनीकी अनुसंधान और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को धर दबोचा

मुकेश पुत्र कश्मीरी लाल, निवासी अमर कॉलोनी, घड़साना

पुनीत पुत्र राजेंद्र, निवासी धानक बस्ती, घड़साना

पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटी गई सोने की दोनों बालियां बरामद कर ली हैं और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया है। फिलहाल आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

अपना-अपना कर्म ही श्रेष्ठता व नीचता को परखने की कसौटी है। - तिरुवल्लुवर

संपादकीय

पीओके में उठती आवाजें पाक के लिए चुनौती

पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर असंतोष की लहर तेज होती दिखाई दे रही है। जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने 24 अक्टूबर से बड़े आंदोलन की तैयारी की है। कोटली को इस आंदोलन का प्रमुख केंद्र बनाया गया है, जहां विशाल जनसभा आयोजित करने की योजना है। इसके साथ ही रावलाकोट और अब्बासपुर में चल रहे धरनों को कोटली की सभा में शामिल करने तथा मुजफ्फराबाद और मीरपुर में चक्का जाम की तैयारी की खबरें सामने आ रही हैं। यह आंदोलन अचानक खड़ा हुआ असंतोष नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही आर्थिक परेशानियों, प्रशासनिक उपेक्षा और राजनीतिक अधिकारों की मांगों का परिणाम है। महंगे बिजली बिल, गेहूं के आटे की बढ़ती कीमतें, आर्थिक राहत, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार और शासन में जवाबदेही जैसे मुद्दों ने लोगों में नाराजगी पैदा की है। समय के साथ आंदोलन का दायरा बढ़ा और इसमें नागरिक अधिकारों तथा राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे विषय भी जुड़ गए।

पीओके में संचार सेवाओं पर प्रतिबंध और इंटरनेट बंदी ने आम लोगों की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। मुजफ्फराबाद में लंबे अंतराल के बाद इंटरनेट सेवा बहाल हुई, लेकिन कई इलाकों में अब भी प्रतिबंध जारी हैं। इसका सबसे अधिक असर छात्रों, कारोबारियों और सामान्य नागरिकों पर पड़ रहा है। किसी भी क्षेत्र में लंबे समय तक संचार व्यवस्था बाधित होना केवल प्रशासनिक कदम नहीं होता, बल्कि इससे लोगों में अविश्वास और असंतोष भी बढ़ता है। जेएएसी की प्रमुख मांगों में पाकिस्तान में रहने वाले कश्मीरी शरणार्थियों के लिए विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों की व्यवस्था समाप्त करना भी शामिल है। आंदोलनकारियों का तर्क है कि इससे स्थानीय मतदाताओं के राजनीतिक अधिकार प्रभावित होते हैं। यह मुद्दा केवल चुनावी व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र की पहचान और प्रतिनिधित्व से भी जुड़ा हुआ है पिछले आंदोलनों के दौरान सुरक्षा बलों की कार्रवाई और मानवाधिकारों को लेकर गंभीर आरोप सामने आए थे। यदि किसी क्षेत्र में जनता अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरती है और जवाब में बल प्रयोग होता है, तो इससे समस्या का समाधान नहीं निकलता, बल्कि असंतोष और गहरा हो जाता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता की आवाज को सुनना और संवाद के माध्यम से समाधान तलाशना ही स्थायी रास्ता होता है।

पाकिस्तान लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दे को उठाता रहा है, लेकिन उसके नियंत्रण वाले क्षेत्रों में उठ रहे जन असंतोष ने उसके सामने एक अलग चुनौती खड़ी कर दी है। बलूचिस्तान में जारी अशांति और पीओजेके में बढ़ती नाराजगी यह संकेत देती है कि पाकिस्तान के भीतर ही शासन व्यवस्था और नीतियों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। पीओके का मुद्दा भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत इसे जम्मू-कश्मीर रियासत का हिस्सा मानता है, जिस पर 1947 में पाकिस्तान ने कबायली हमले के बाद कब्जा कर लिया था। भारत लगातार यह रुख दोहराता रहा है कि पूरा जम्मू-कश्मीर उसका अभिन्न हिस्सा है। हालांकि किसी भी क्षेत्र के भविष्य का निर्धारण वहां के लोगों की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के दायरे में होना चाहिए। पीओजेके में उठ रही आवाजें इस बात का संकेत हैं कि केवल सैन्य या प्रशासनिक नियंत्रण से लंबे समय तक किसी क्षेत्र में स्थिरता कायम नहीं रखी जा सकती। जनता की भावनाओं, अधिकारों और विकास की जरूरतों को नजरअंदाज करने वाली व्यवस्था अंततः चुनौतियों का सामना करती है।

पाकिस्तान के लिए यह समय आत्ममंथन का है कि वह अपने नियंत्रण वाले क्षेत्रों में लोकतांत्रिक संवाद, आर्थिक विकास और नागरिक अधिकारों को कितना महत्व देता है। वहीं भारत को भी क्षेत्रीय घटनाक्रम पर नजर रखते हुए कूटनीतिक और रणनीतिक स्तर पर अपनी तैयारी मजबूत रखनी होगी। पीओके में बदलते हालात आने वाले समय में दक्षिण एशिया की राजनीति को प्रभावित करने वाला महत्वपूर्ण विषय बन सकते हैं।

उत्सव के बाहर

कहानी

महेश केसरी



दशहरे की कलश स्थापना हो चुकी थी। एक ओर रामलीला शुरू हो चुकी थी तो दूसरी ओर दुगार्पूजा के पंडालों में उत्सव और उल्लास की झलक देखी जा सकती थी। दुकानें जगमग हो उठी थीं और बाजारों की रौनक देखने लायक थी। हर शो-रूम में सेल लगी हुई थी, शाम की भीड़ का ठिकाना न था। सड़क जाम और गाड़ियों की पों-पों से कान फट रहे थे। इस सबके बावजूद मिंटू की दुकानदारी मंदी चल रही थी। वह कभी किसी मॉल के सामने तो कभी मेले-ठेले के द्वार पर गुब्बारे और फुँकनी बेचता है। काम ठप हो जाने से खाने के लाले पड़े हुए थे और ऊपर से उसका बेटा भी बीमार हो गया था।

जब से सावन लगा था, तब से ही पूरा सावन और भादों निकल गया, लेकिन कहीं से पैसा नहीं आ रहा था। हाथ बहुत तंग चल रहा था। ये सावन, भादों और पूस एकदम से कमर तोड़ महीने होते हैं। बरसात में कहीं आना-जाना नहीं हो पाता और पितृपक्ष के कारण लोग कोई नया काम शुरू नहीं करते। खराब या अशुभ महीना भूख के ऊपर लागू नहीं होता, पेट को हमेशा खुराक चाहिए। मिंटू को लगता है कि पेट को दिन, महीने या साल से कोई मतलब नहीं है। मनहूस से मनहूस महीने में भी पेट को खाना चाहिए। काश! पेट को भी पता होता कि सावन-भादों और पूस में काम नहीं मिलता है, इसलिए भूख न लगे। लेकिन पेट है कि समय होते ही उमेठना चालू कर देता है।

मुंबई जैसा बड़ा शहर होने के बावजूद बरसात में काम बंद हो जाता है। काम ही नहीं रहता तो मालिक भला क्यों बैठाकर पैसे देगा। वो भी दो महीने से बैठा हुआ है और अभी तक उसने मिंटू को काम पर नहीं बुलाया है। दूसरी ओर गुब्बारे और फुँकनी के बाजार को जैसे साँप सूँघ गया हो। बरसात तो जैसे-तैसे निकल गई। बी.पी.एल. कार्ड से पैंतीस किलो अनाज मिल जाता था, जिसमें रोड़ी-बजरी मिले चावल होते थे। तिस पर भी कोटे वाला पैंतीस की जगह तीस किलो ही अनाज देता और पाँच किलो काट लेता था।

एक दिन मिंटू बिफर पड़ा और गुड्डू पंसारी पर खीजते हुए बोला- 'क्या भाई, तुम लोगों का पेट सरकारी कमाई से नहीं भरता क्या, जो हम गरीबों का अनाज काट लेते हो? इस गरीबी में हम घर कैसे चला रहे हैं, हम ही जानते हैं।'

गुड्डू पंसारी टोन बदलते हुए बोला- 'अरे यार, हम लोग तुमको गरीबों का हक मारने वाले लगते हैं क्या? ये जो टेंपो-ट्रैक्टर से अनाज बाँटने लाते हैं, इसका भाड़ा एक बार में तीन हजार लगता है। सरकार अनाज जरूर देती है, लेकिन गोदाम तक माल पहुँचाने का भाड़ा, रूम का चार हजार किराया, डेढ़-दो हजार का लाइट बिल और तौलने वाले आदमी का खर्च थोड़े देती है। और तुमको तो पता है, इस बी.पी.एल. कार्ड के आ जाने से सब लोग राजा बन गए हैं। कल नीचे धौड़ा में घर की पुताई के लिए दो मजदूर खोजने गया था। हराम का पैंतीस किलो चावल खा-खाकर ये लोग मोटिया गए हैं। दोनों ताश खेल रहे थे। दो कमरे और बरंडे की पुताई के सीधे सात हजार माँगने लगे। ऊपर से सरकार दीदी-योजना में हर महीने हजार-दो हजार रुपया दे रही है, जिससे कटनी-रोपनी में मजदूर मिलना और मुश्किल हो गया है। दुकान पर रखे दूर के साढ़ू के लड़के को तीन सौ रुपये रोज दे रहा था, तो अब पंद्रह हजार महीना माँग रहा है। बाप-दादा के समय से कोटे का काम चल रहा है, इसीलिए इधर-उधर के छिहत्तर आइटम रखकर खींच-तान के चला रहे हैं, वरना इसमें बचता कुछ नहीं है।'

गुड्डू पंसारी बहुत मक्कार आदमी है। वह बी.पी.एल. का बढ़िया चावल निकालकर सस्ता चावल बाँटता है और एक रुपये किलो वाले सरकारी चावल को बाजार में चालीस-पचास रुपये किलो बेचता है। कई बार इसकी शिकायत ब्लॉक के सी.ओ. और बी.डी.ओ. से भी की गई, लेकिन वह सबको पैसे खिलाता रहता है।

मिंटू सबकी सुनता है- सेठ की, पंसारी की, बेटे की। उसे याद आया कि बेटे की तबीयत ठीक नहीं है। वह मॉल के सामने खड़ा है कि भीड़ बढ़े तो कुछ बिक्री हो और वह घर के लिए भोजन व बीमार बेटे के लिए दवा खरीद सके। बारिश खत्म हो गई थी और आसमान में धूप खिल आई थी, जिससे उसे कुछ आशा जगी। पिछले कई दिनों से लगातार बारिश में वह दस-बारह घंटे भटकता रहा था, तब जाकर पूरे दिन में एक खिलौना बिका था। दो-तीन दिन घर में बी.पी.एल. का चावल उबालकर गीला माँड़-भात खाकर ही कटे थे।

'ए फोकना वाले, ये कुत्ता कितने का दिया?' पीछे से किसी महिला ने आवाज लगाई।

'ले लो ना, सत्तर रुपये का एक है बहन।'

'हुँह, इतना छोटा प्लास्टिक का कुत्ता! ठीक से बोलो, तुम लोगों ने तो लूटना चालू कर दिया है।'

'क्या लूट लूँगा बहन, सत्तर रुपये में बंगला थोड़ी बन जाएगा। चलो पैंसठ लगा दूँगा।'

'नहीं-नहीं, चालीस का लगाओ, दो लूँगी। देना है तो दो, नहीं तो मैं कहीं और से ले लूँगी।'

मिंटू के पास ग्राहक देखकर पास खड़े खुद्दन और पोपन जोर-जोर से अपने मुँह में फँसी फुँकनी बजाने लगे। मिंटू को लगा कि बारह बजे बोहनी हो रही है, जिद दिखाने से ग्राहक हाथ से न निकल जाए। वह बोला- 'चलो बहन, पचास का एक ले लो। निकालो सौ रुपये।'

तभी खुद्दन चिल्लाया- 'खिलौने ले लो खिलौने, पचास के दो, पचास के दो।' महिला मोल-तोल करने खुद्दन के पास गई, लेकिन उसके खिलौने की सिलाई खराब थी और धागा निकला हुआ था। उधर पोपन ने भी पचास के दो खिलौने की आवाज लगाई, पर महिला वापस मिंटू के पास आ गई और बोली- 'लगा दो पचास के दो खिलौने, तुमसे ही ले लूँगी।'

मिंटू खीज गया। उसने सोचा इस बला को किसी तरह टाला जाए। मुस्कुराते हुए बोला- 'दो बहन, तुम पचास रुपये ही दे दो।'

महिला ने फोन निकाला- 'लाओ अपना क्यू आर कोड दो। मोबाइल नंबर बताओ, उसमें डाल दूँगी। आजकल पैसे लेकर कौन चलता है।'

'क्यू आर कोड तो नहीं है। मैं मोबाइल नहीं रखता, और ना ही मेरे पास कोई बैंक खाता है। हम गरीब बंजारे लोग हैं बहन। आज खाते हैं तो कल की सोचते हैं। हमारा वर्तमान ही नहीं होता तो भविष्य कैसा? बस बहुत खुरदरा-सा अतीत होता है। महीने-दो महीने दुगार्पूजा, दीपावली, छठ तक ये खिलौने बेचते हैं, फिर कारखाने में काम करने लौट जाते हैं।'

तभी महिला का पति वहाँ आ पहुँचा- 'लो, तुम यहाँ हो स्वीटी। मैं तुम्हें पूरे मॉल में ढूँढ़ता फिर रहा हूँ।'

महिला बोली- 'देखिए, इसके पास मोबाइल और क्यू आर कोड तक नहीं है। इस डिजिटल होती दुनिया में ऐसे लोगों के चलते ही हमारा देश बहुत पीछे है। छोड़िए, ये यू.पी.आई. नहीं ले रहा है, आप पचास का खुल्ला नोट दीजिए, दो खिलौने लिए हैं इससे।'

पति ने पर्स से ढूँढ़कर पचास का नोट निकालकर दिया और पत्नी को टोकते हुए बोला- 'ऐसे तो कम-से-कम तुम मत बोलो। बहुत से लोग हैं जिनके पास मोबाइल खरीदने और डाटा भरवाने के पैसे नहीं हैं। सब लोग सक्षम नहीं होते।'

महिला ने बात बदलते हुए पति से पूछा- 'अर्णव के जन्मदिन पर आपने क्या लिया?' पति ने पॉलीबैग से मिंटू के खिलौने से थोड़ा-सा बड़ा एक कुत्ता निकालकर दिखाया और पूछने पर बताया कि ढाई सौ का लिया है।

महिला की नजर मिंटू से मिली, लेकिन वह ज्यादा देर तक आँख न मिला सकी। मिंटू ने कहा- 'देख लिया बहन, हम लोग आपको ठगते नहीं, बस पेट पालने के लिए खिलौने बेचते हैं। कहाँ पचास के दो कुत्ते और कहाँ ढाई सौ का एक!' महिला उसे अनसुना कर गाड़ी में जाकर बैठ गई। उसके पति ने मुस्कुराते हुए मिंटू से कहा- 'अच्छा यंगमैन चलता हूँ, फिर मिलेंगे, और मिंटू के हाथ में सौ रुपये का एक नोट और थमा दिया।

उस नोट में न जाने कैसी बरकत थी कि दोपहर तक मिंटू के सारे खिलौने बिक गए और छह-सात सौ रुपयों की अच्छी बिक्री हो गई। घर जाते समय राशन लेने के लिए वह बेईमान गुड्डू किराना के बजाय जीतू पंसारी के यहाँ गया। पता चला कि आटा तीस रुपये, सरसों का तेल एक सप्ताह में डेढ़ सौ से बढ़कर एक सौ अस्सी रुपये, और अरहर की दाल एक सौ साठ रुपये किलो हो गई है।

मिंटू ने मन-ही-मन हिसाब लगाया कि एक-एक किलो आटा, दाल और तेल लेने में ही तीन-चार सौ रुपये निकल जाएंगे। छुटकू बीमार है, इसलिए पहले उसको डॉक्टर को दिखा लेना चाहिए, फिर राशन के बारे में विचार किया जाएगा। अँधेरा घिर चुका था, पर दुगार्पूजा के पंडालों में उत्सव जगमगा रहा था। पूजा के गीत मुखर हो उठे थे और सड़कों पर रौनक बढ़ रही थी। मिंटू अपने बेटे की फिक्र में तेजी से घर की ओर बढ़ चला।

अंधेरे के पक्ष में उजाला

व्यंग्य

प्रेम जनमेजय

मेरे मोहल्ले में अनेक 'चलते' किस्म के लोग रहते हैं। पुलिस, न्यायालय, संसद, साहित्य, नौकरशाही आदि क्षेत्रों से जुड़े लोग यहाँ बसते हैं। मनुष्य भी एक मशीन है और इस मशीन के पुर्जों का सही इस्तेमाल करना चलते किस्म के लोगों का ही कमाल होता है, जिन्हें 'चलता पुर्जा' भी कहा जाता है। मोहल्ले में इन्हीं 'चलताऊ' लोगों का साथ निभाने के लिए एक चलती सड़क भी है। जैसे नारे निरंतर भ्रम देते हैं कि देश चल रहा है, वैसे ही फेरीवालों की आवाजें भ्रम देती हैं कि सड़क बहुत चलती है। चुनाव के मौसम में रेहड़ी पर देशसेवा बेचने वाले भी आते हैं। ये सभी परिचित आवाजें मुझे परेशान नहीं करतीं, जैसे सरकारी दफ़्तरों में काम करने वालों को भ्रष्टाचार, पुलिस को कत्ल या वकील को झूठ परेशान नहीं करते।

परंतु उस दिन पचास परसेंट डिस्काउंट पर 'उजाला ले लो' की पुकार सुनकर मैं हैरान रह गया। फेरीवाले को बुलाकर जब मैंने पूछताछ की, तो पता चला कि वह स्वयं 'उजाला' है और स्वर्ग से आया है। मैंने पूछा कि तुम तो सोने के भाव बिका करते थे, तुम्हारी तो पूछ ही पूछ थी, यह क्या हाल बना लिया है? उसने कहा कि वह आया नहीं, प्रभु द्वारा धकियाया गया है। साधक तो अंधेरे से लड़ने के लिए प्रभु की तपस्या करते हैं और प्रभु उजाले का वरदान देते हैं। पर इस समय उसकी हालत प्रेमचंद की कहानियों के निरीह किसान या आज के आत्महत्या करने वाले 'खुशहाल' किसान जैसी लग रही थी।

उजाले ने रोते हुए बताया कि सतयुग में चारों ओर उसी का साम्राज्य था और अंधेरा उससे थर-थर कांपता था। पर एक ही स्थान पर रहते-रहते उस पर चर्बी चढ़ गई और अकर्मण्यता आ गई। फिर काम का बोझ बढ़ा और एक दिन उँघ आने के कारण चूक हो गई। इस पर प्रभु के श्राप से उसके अनेक टुकड़े हो गए और वह धरती पर आ गिरा। उसके टुकड़े पुलिस, वकील, नेता और अफसरों की गोद में जा गिरे। उजाले की इस व्यथा को सुनकर और उसे रोता देख मेरे घर के हर कोने का अंधेरा अट्टहास करने लगा।

मैंने तुरंत उजाले से कहा कि तुम्हें रोना है तो कहीं और जाकर रोओ, वरना मेरे घर में अंधेरा अपना साम्राज्य स्थापित कर लेगा। मेरे घर में तुम्हारे होने का ताकतवर भ्रम बना हुआ है, उसे बना रहने दो। तुम दुर्बल हो चुके हो, इसलिए तुम्हें मैं अपने घर में टिका नहीं सकता। तुम्हारे रहने से मेरे घर में थोड़ा-बहुत जो उजाले के होने का भ्रम है, वह दूर हो जाएगा और मोहल्ले में मेरी इज्जत का भ्रम टूट जाएगा।

उजाले ने सुबकते हुए कहा कि उसे कोई शिकायत नहीं है, वह सब जगह से इसी तरह ठुकराया गया है। पुलिसवाले, वकील और नेता सब यही चाहते हैं कि वह अपने होने का भ्रम तो पैदा करे, पर खड़ा हमेशा अंधेरे के पक्ष में रहे। उसकी भूमिका केवल अंधेरे के गवाह के रूप में सिमट कर रह गई है।

मैंने उसे समझाया कि वही करो जो समय की माँग है। समय की माँग के आगे सामाजिक मूल्य, नैतिकता और रिश्ते सब दरकिनार हो जाते हैं। आज समय की माँग यही है कि उजाला अंधेरे के पक्ष में खड़ा हो। मैंने उसे चेताया कि यदि युवा पीढ़ी ने उसे मेरे साथ देख लिया, तो वह मुझे ही श्राप दे देगी और मैं भी उसी की तरह फेरी लगाता फिरूँगा।

उजाले ने मेरी ओर जिस निगाह से देखा, उससे मेरी गर्दन शर्म के कारण झुक गई। पर जब अस्तित्व का प्रश्न आता है, तो शर्म, लज्जा, नैतिकता और आत्मस्वाभिमान को तेल लेने भेजना ही पड़ता है। उजाले की वह बेधने वाली दृष्टि मेरी आत्मा को बेंध गई, और वह अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए फिर से बाजार में फेरीवाला बनकर डिस्काउंट पर बिकने की आवाजें लगाने लगा।

कागज का रावण

लघुकथा

मुक्ता पाठक



रीता बरामदे में बैठी कपड़ों की अलमारी समेट रही थी। हाथ में अचानक एक रंगीन कागज आ गया—जिस पर अधजला चेहरा बना था।

वह मुस्कुराई, 'अरे! ये तो बिट्टू का बनाया हुआ रावण है- दस साल पहले का।'

बिट्टू अब इंजीनियरिंग की पढ़ाई में हॉस्टल में है। उस साल दशहरे से हफ्ता भर पहले उसने गत्ते से एक छोटा-सा रावण बनाया था।

कहता था—'माँ, पुतले जलाने के लिए मोहल्ले के मैदान में भीड़ बहुत होती है। मैं अपना रावण घर की छत पर जलाऊँगा।

ताकि आप भी आराम से देख सकें।'

रीता की आँखें नम हो गईं। उस दिन छत पर खड़े होकर जब उसने बिट्टू को माचिस जलाते देखा था, तो उसे लगा था कि उसके बेटे ने सचमुच रावण को नहीं, अपने भीतर के डर और आलस्य को जलाया है।

आज मोहल्ले में फिर रावण दहन होगा, पटाखे गूँजेंगे, लोग खुशी मनाएँगे—

पर रीता की निगाहें अलमारी से मिले उस कागज के रावण पर अटक गईं,

जिसमें अब भी बेटे की मासूम हँसी और बचपन की गर्माहट जिंदा थी।

कतील शिफ़ाई की रचनाएं



(1)

दर्द से मेरा दामन भर दे या अल्लाह
फिर चाहे दीवाना कर दे या अल्लाह

मैनें तुझसे चांद सितारे कब मांगे
रौशन दिल बेदार नजर दे या अल्लाह

सूरज सी इक चीज तो हम सब देख चुके
सचमुच की अब कोई सहर दे या अल्लाह

या धरती के जख़्मों पर मरहम रख दे
या मेरा दिल पत्थर कर दे या अल्लाह

(2)

प्यार की राह में ऐसे भी मकाम आते हैं
सिर्फ आंसू जहां इन्सान के काम आते हैं

उनकी आंखों से रखे क्या कोई उम्मीद-ए-करम
प्यास मिट जाये तो गर्दिश में वो जाम आते हैं

ज़िन्दगी बन के वो चलते हैं मेरी सांस के साथ
उनको ऐसे भी कई तर्ज-ए-खराम आते हैं

हम न चाहें तो कभी शाम के साए न ढलें
हम तड़पे हैं तो सुबहों के सलाम आते हैं

कुव्वत-ए-दस्त-ए-तलब का नहीं जिन को इदराक
तेरे दर से वही बे-नील मराम आते हैं

मुंह छुपा लेते हैं गम हजरात-ए-नासेह की तरह
जब भी मैखाने में रिंदान-ए-कराम आते हैं

हम पे हो जाएं न कुछ और भी रातें भारी
याद अकसर वो हमें अब सर-ए-शाम आते हैं

छिन गए हम से जो हालात की राहों में कतील
उन हसीनों के हमें अब भी पयाम आते हैं

(3)

हाथ दिया उसने मेरे हाथ में।
मैं तो वली बन गया एक रात मे॥

इश्क करोगे तो कमाओगे नाम
तोहमतें बटती नहीं खैरात में॥

इश्क बुरी शै सही, पर दोस्तो।
दख्ल न दो तुम, मेरी हर बात में॥

हाथ में कागज की लिए छतरियां
घर से ना निकला करो बरसात में॥

रत बढ़ाया उसने न 'कतील' इसलिए
फर्क था दोनों के खयालात में॥

(4)

खुला है झूठ का बाजार आओ सच बोलें
न हो बला से खरीदार आओ सच बोलें

सुकूत[1] छाया है इन्सानियत की कद्रों पर
यही है मौका-ए-इजहार आओ सच बोलें

हमें गवाह बनाया है वक़्त ने अपना
ब-नाम-ए-अजमत[2]-ए-किरदार आओ सच बोलें

सुना है वक़्त का हाकिम[3] बड़ा ही मुंसिफ[4] है
पुकार कर सर-ए-दरबार आओ सच बोलें

तमाम शहर में क्या एक भी नहीं मंसूर
कहेंगे क्या रसन-ओ-दार[5] आओ सच बोलें

बजा[6] के खू-ए-वफा[7] एक भी हसीं में नहीं
कहां के हम भी वफा-दार आओ सच बोलें

जो वस्फ[8] हम में नहीं क्यूं करें किसी में तलाश
अगर जमीर है बेदार आओ सच बोलें

छुपाए से कहीं छुपते हैं दाग चेहरे के
नजर है आईना बरदार[9] आओ सच बोलें

'कतील' जिन पे सदा पत्थरों को प्यार आया
किधर गए वो गुनह-गार आओ सच बोलें

शब्दार्थ : 1. खामोशी, 2. आन, उपाधि 3. शासक 4. निर्णायक 5. रस्सी और फंदा 6. न्याय संगत, उचित 7. स्थिरता की आदत 8. गुण, विशेषता 9. धारक

(5)

अपने हाथों की लकीरों में बसा ले मुझको
मैं हूं तेरा नसीब अपना बना ले मुझको

मुझसे तू पूछने आया है वफा के मानी
ये तेरी सादादिली मार न डाले मुझको

मैं समंदर भी हूं, मोती भी हूं, गोताजन भी
कोई भी नाम मेरा लेके बुला ले मुझको

तूने देखा नहीं आईने से आगे कुछ भी
खुदपरस्ती में कहीं तू न गंवा ले मुझको

कल की बात और है मैं अब सा रहूं या न रहूं
जितना जी चाहे तेरा आज सता ले मुझको

खुद को मैं बांट न डालूं कहीं दामन-दामन
कर दिया तूने अगर मेरे हवाले मुझको

मैं जो कांटा हूं तो चल मुझसे बचाकर दामन
मैं हूं गर फूल तो जूड़े में सजा ले मुझको

मैं खुले दर के किसी घर का हूं सामां प्यारे
तू दबे पांव कभी आ के चुरा ले मुझको

तर्क-ए-उल्फत की कसम भी कोई होती है कसम
तू कभी याद तो कर भूलने वाले मुझको

वादा फिर वादा है मैं जहर भी पी जाऊं 'कतील'
शर्त ये है कोई बांहों में सम्भाले मुझको

(6)

अपने होंठों पर सजाना चाहता हूं
आ तुझे मैं गुनगुनाना चाहता हूं

कोई आंसू तेरे दामन पर गिराकर
बूंद को मोती बनाना चाहता हूं

थक गया मैं करते-करते याद तुझको
अब तुझे मैं याद आना चाहता हूं

छा रहा है सारी बस्ती में अंधेरा
रौशनी हो, घर जलाना चाहता हूं

आखरी हिचकी तेरे जानों पे आये
मौत भी मैं शायराना चाहता हूं

(7)

सारी बस्ती में ये जादू नजर आए मुझको
जो दरीचा भी खुले तू नजर आए मुझको॥

सदियों का रस जगा मेरी रातों में आ गया
मैं एक हसीन शक्स की बातों में आ गया॥

जब तस्सवुर मेरा चुपके से तुझे छू आए
देर तक अपने बदन से तेरी खुशबू आए॥

गुस्ताख हवाओं की शिकायत न किया कर
उड़ जाए दुपट्टा तो खनक कर॥

रुम पूछो और में न बताउं ऐसे तो हालात नहीं
एक जरा सा दिल टूटा है और तो कोई बात नहीं॥

रात के सन्नाटे में हमने क्या-क्या धोके खाए हैं
अपना ही जब दिल धड़का तो हम समझे वो आए हैं॥

(8)

जब भी चाहें एक नई सूरत बना लेते हैं लोग
एक चेहरे पर कई चेहरे सजा लेते हैं लोग

मिल भी लेते हैं गले से अपने मतलब के लिए
आ पड़े मुश्किल तो नजरें भी चुरा लेते हैं लोग

है बजा उनकी शिकायत लेकिन इसका क्या इलाज
बिजलियां खुद अपने गुलशन पर गिरा लेते हैं लोग

हो खुशी भी उनको हासिल ये जरूरी तो नहीं
गम छुपाने के लिए भी मुस्कुरा लेते हैं लोग

ये भी देखा है कि जब आ जाये गैरत का मुकाम
अपनी सूली अपने कांधे पर उठा लेते हैं लोग

(09)

सदमा तो है मुझे भी कि तुझसे जुदा हूं मैं
लेकिन ये सोचता हूं कि अब तेरा क्या हूं मैं

बिखरा पड़ा है तेरे ही घर में तेरा वजूद
बेकार महफिलों में तुझे ढूंढता हूं मैं

मैं खुदकशी के जुर्म का करता हूं ऐतराफ
अपने बदन की कब्र में कब से गड़ा हूं मैं

किस-किसका नाम लाऊं जुबां पर कि तेरे साथ
हर रोज एक शख़्स नया देखता हूं मैं

ना जाने किस अदा से लिया तूने मेरा नाम
दुनिया समझ रही है के सब कुछ तेरा हूं मैं

ले मेरे तजुर्बों से सबक ऐ मेरे रक़ीब
दो चार साल उम्र में तुझसे बड़ा हूं मैं

जागा हुआ जमीर वो आईना है 'कतील'
सोने से पहले रोज जिसे देखता हूं मैं

(10)

उल्फत की नई मंज़िल को चला,
तू बांहें डाल के बांहों में
दिल तोड़ने वाले देख के चल,
हम भी तो पड़े हैं राहों में

क्या क्या न जफायें दिल पे सहीं,
पर तुम से कोई शिकवा न किया
इस जुर्म को भी शामिल कर लो,
मेरे मासूम गुनाहों में

जहां चांदनी रातों में तुमने खुद
हमसे किया इकरार-ए-वफा
फिर आज हैं हम क्यों बेगाने,
तेरी बेरहम निगाहों में

हम भी हैं वहीं, तुम भी हो वही,
ये अपनी-अपनी किस्मत है
तुम खेल रहे हो खुशियों से,
हम डूब गये हैं आहों में

न्यूज इन ब्रीफ

महाविद्यालय में ज्ञान-विज्ञान कार्यक्रम

सीमा सन्देश # रायसिंहनगर। शकुंतलम महाविद्यालय में ज्ञान विज्ञान कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम



प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात व्याख्याता स्नेहा कंवर ने मुख्य समाचारों के बारे में अवगत करवाया। इसके बाद व्याख्याता ख्यालीराम ने हांडा सर द्वारा रचित आत्मकथा इच्छा को सहज भाव से सुनाया व विद्यार्थियों को डिटर्मिनेशन पावर को मजबूत बनाने को कहा। व्याख्याता हर्ष ने मानव कंकाल तंत्र और प्रवक्ता स्नेहा ने निःशब्द से रचित कविता चकरव्यूह को बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। सभा के अंत मे डॉ. हांडा द्वारा सभी को नियमित रूप से कॉलेज अटेंड करने विधिवत क्लासेस लगाने व अच्छे परिणाम के लिए सभी का सहयोग मांगा। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ हरमीत कौर और अन्य स्टाफ भी उपस्थित रहा।

सात दिन गूंजे रामायण के भजन

सीमा सन्देश # कीकरवाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली में धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला। किसनगढ़, अजमेर से आए ब्राह्मण द्वारा 7 दिनों तक अल सुबह रामायण की चौपाइयों के साथ हाथ से खड़ताल बजाते हुए प्रभात फेरियां निकाली गईं। सुबह-सुबह गूंजती रामायण की चौपाइयों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं, नवरात्र पर्व के दौरान भी गांव में नौ दिनों तक जागरण, हरि कीर्तन और अन्य धार्मिक आयोजन आयोजित किए गए।

पथ संचलन को लेकर बैठक

सीमा सन्देश # कीकरवाली। ग्राम पंचायत कीकरवाली, गंगूवाला, कुम्हारवाली सहित आसपास के गांवों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में पथ संचलन को लेकर आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में रायसिंहनगर उपखंड स्तरीय पथ संचलन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी का निर्णय लिया गया। स्वयंसेवकों ने गणवेश, दंड, जूते-जुराबें, टोपी सहित आवश्यक सामग्री की व्यवस्था कर ली है। संघ की ओर से नियमित शाखाएं लग रही हैं।

दीपावली से पहले लाइटें दुरुस्त होंगी

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। दीपावली के त्योहार को देखते हुए नगर पालिका ने शहर के सभी वार्डों में खराब एवं बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की रिपेयर करने और नई लाइटों की आवश्यकता का पता लगाने के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित की है। कमेटी को तीन कार्य दिवस के भीतर वार्डवार सर्वे पूरा कर रिपोर्ट अधिशाषी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। कमेटी में कनिष्ठ अभियंता शैलेन्द्र सिंह को प्रभारी तथा कनिष्ठ अभियंता परीक्षित स्वामी को सह-प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा कर्मचारी रतन लाल को विद्युत शाखा प्रभारी, नरेश कुमार को विद्युत शाखा सहायक तथा कमेटी सदस्य के रूप में विक्रम पारिक, जगतार सिंह और लक्ष्मण को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बर्थ-डे सेलिब्रेशन

रायसिंहनगर। गांव 33 एमएल निवासी हर्षित पांडेय के 9वें



जन्मदिन पर दादा- दादी मंजू देवी, पापा मम्मी विजेश्वर पांडेय, आरती शर्मा, ताया ताई, चाचा चाची, बुआ फूफा, मौसा मौसी, नाना नानी, मामा - मामी,बहन-भाई की ओर से बधाई। **खानूवाली** के संवाददाता कानाराम जोशी की बेटी खुशी जोशी को ग्यारहवें जन्मदिन पर दादा-दादी गोपालराम-सावित्री



देवी, बड़े पापा मम्मी अशोक कुमार-सुनीता, मम्मी कृष्णा देवी, नानी मां पुष्पा देवी, मामा-मामी प्रकाश तिवाड़ी-पूजा, दादा-विनोद जोशी, चाचा-चाची संदीप जोशी-तारा, भाई रोहित, मितांश तिवाड़ी, बहिन, उर्मिला, दिव्या, वर्षा, हर्षिता, योगिता, प्राची, राशि तिवाड़ी एवं समस्त जोशी परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।







जिले में श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। राष्ट्रीय उत्थान रामलीला प्रबंध समिति के तत्वावधान में पिछले दस दिनों से चल रही रामलीला का समापन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक हुआ। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार नगरपालिका मंडल की ओर से राजतिलक की रस्म निभाई गई। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी गणपत राम कस्वां तथा पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम का राजतिलक किया। समारोह में दशहरा कमेटी अध्यक्ष एवं पार्षद प्रेम प्रकाश सिंह राठौड़ तथा अजय सिंह चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी गणपत राम कस्वां ने कहा कि रामलीला कलाकार भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत रखने के साथ भगवान श्रीराम के आदर्शों एवं जीवन मूल्यों को समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि कलाकार अपने दैनिक कार्यों के बाद भी अथक मेहनत कर रामलीला का सफल मंचन करते हैं। उन्होंने ऐसे आयोजनों के लिए शहरवासियों से निरंतर सहयोग की अपील की। इस अवसर पर अतिथियों ने रामलीला समिति के पदाधिकारियों, कलाकारों एवं कार्यकताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने राजस्थानी गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। संस्था के सचिव प्रवीण डी. जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नगरपालिका से आगामी दशहरा उत्सव को और अधिक भव्य रूप में आयोजित करने का आग्रह किया। अंत में संस्था अध्यक्ष पवन ओझा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी अतिथियों, सहयोगियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

हनुमान चौक पर आयोजित राजस्थानी रामलीला का समापन भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन



और राजतिलक समारोह के साथ हुआ। राजस्थानी लोक रंग एवं लोकनाट्य शैली में प्रस्तुत रामलीला के अंतिम दिन कलाकारों ने शानदार अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजतिलक की रस्म मुख्य अतिथि डॉ. विशाल अग्रवाल की उपस्थिति में पं. राजकुमार गौड़ ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न करवाई। इससे पहले दशहरा उत्सव में भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच युद्ध का जीवंत मंचन किया गया। रावण के पुतले का दहन आतिशबाजी के बीच हुआ। इस अवसर पर लोगों ने नशाखोरी, गरीबी, अशिक्षा, जातिवाद, भ्रष्टाचार, अन्याय, अत्याचार और मिलावट जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प लिया। राजदरबार प्रसंग में बड़ी मां और ताऊ ने राजस्थानी लोकनाट्य शैली में नृत्य प्रस्तुत किया। बालोतरा के युवा कवि रामाराम चौधरी सरवड़ी चारणान ने राजस्थानी दोहों के माध्यम से रामलीला के लेखक-निर्देशक मनोज कुमार स्वामी के 12 वर्षों के भाषा एवं रंग संघर्ष को अभिव्यक्त किया। आयोजन समिति अध्यक्ष सत्यनारायण तावनिया सहित सदस्यों ने कलाकारों व सहयोगियों को सम्मानित किया। सम्मानित कलाकारों में आर्य स्वामी नोहर, दिव्या भाकर, प्रदीप भाकर संगरिया, देव भारती, अशोक स्वामी, प्रदीप जसूजा, विनोद ओझाइया, संजय बिश्नोई, सीताराम शर्मा, राहुल बिश्नोई, रेणुबाला और प्रमोद बिश्नोई शामिल रहे। मनोज कुमार स्वामी का भी सामूहिक बहुमान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गौरीशंकर निमिवाळ ने किया। वरिष्ठ सदस्य मुरलीधर उपाध्याय और हंसराज भादू ने सभी कलाकारों, दर्शकों एवं सहयोगियों का आभार जताया।

जगदंबा रामलीला क्लब की ओर से दशहरा उत्सव के बाद भगवान श्रीराम के 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटने पर राज्याभिषेक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह राठौड़, पार्षद मोनू कालड़ा, व्यापार मंडल सचिव नवनीत सारड़ा और उपाध्यक्ष दीपक गाबा ने राज्याभिषेक की रस्म निभाई। भगवान श्रीराम की आरती एवं अभिषेक के बाद क्लब की ओर से रामलीला में अभिनय करने वाले कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह में क्लब संरक्षक सुभाष नरूला, अध्यक्ष महेंद्र नागर, उपाध्यक्ष रोहिताश होटला, कोषाध्यक्ष गोपी राम दगल, सचिव विजय डाबला, निर्देशक सोनू बजाज सहित विजय सोनी, नरेश नागर, राजेश बुमराह, सोनू मोगा और मितू बाबा मौजूद रहे। इस दौरान मनन संगीत कला केंद्र के मोहम्मद अली ने भजनों की प्रस्तुति दी। वार्डवासियों ने घी के दीपक जलाकर और रंगीन आतिशबाजी कर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का स्वागत किया।

रायसिंहनगर। श्री राम नाट्य क्लब (रामलीला ग्राउंड) में चल रही रामलीला मंचन के ग्यारहवें दिन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र की पावन झांकी शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए दशहरा ग्राउंड में पहुंची। दशानन रावण के पुतले का दहन हुआ। इसके बाद अयोध्या में श्रीराम का राज्याभिषेक होने के बाद लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान जी सहित समस्त अयोध्या वासियों के साथ उत्सव मनाने की लीला का मंचन कर रामलीला का समापन किया गया। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष विष्णु सोनी भी मौजूद रहे। संस्था द्वारा सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष कमलकांत खरबन्दा ने कहा कि प्रेम, भाईचारा, सदाचार जीवन में बनाए रखना चाहिए।

विजयदशमी उत्सव में उमड़ी भीड़, करतबबाजी, गायक मनदीप रमाणा की प्रस्तुति ने बांधा समां

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। श्री महावीर रामलीला युवा क्लब की ओर से निर्मल विजया रेजीडेंसी में दशहरा पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। समारोह में रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया।

भगवान श्रीराम द्वारा बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक इस पर्व का लोगों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी, करतबबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं। 'कांच केरी चिमनी' गीत फेम गायक मनदीप रमाणा की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति पर लोग झूम उठे। आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और परिवारजन पहुंचे।

उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी रहीं मुख्य अतिथि : समारोह की मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी रहीं। विशिष्ट अतिथियों में



नगरपालिका अध्यक्ष सुशील मिड्ढा, व्यापार मंडल अध्यक्ष हनीश मिड्ढा, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्यारे लाल सामरिया, अरोड़वंश समाज अध्यक्ष अशोक बलाना, भामाशाह महावीर प्रसाद मिड्ढा, न्यू होप कैम्पस प्रबंध निदेशक जे.एस. दानेवालिया, आरएसएस जिला कार्यवाह राकेश गहलोत, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक मिड्ढा, अमर चंद कुक्कड़, दीपक मिड्ढा, पूर्व कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष शंकर अग्रवाल, भाजपा नगरमंडल अध्यक्ष मनोज रुखाया, समाजसेवी प्रेम सिंह चावला, गोकुल मलिक, किशन कामरा, रमेश चुघ, मनोहर मित्तल, अलख भूषण सोनी, देवेंद्र सिंह (राजन होटल), रणवीर काका बराड़, परमिंदर बराड़, नरेश सदेवड़ा, राणा मिस्त्री, दिनेश मिठिया, केहर सिंह औलख, काला बत्रा, मनोज लखोटिया, संयुक्त व्यापार मंडल अध्यक्ष श्याम बतराणा, 24 जीबी सरपंच जगरज सिंह, सरपंच प्रतिनिधि राकेश मंडा, गोपाल मेघवाल, धर्मपाल, पार्षद विजय तिन्ना, प्रेम नागपाल, जयलाल मिठिया, राजेश वर्मा, सुरेश कुमार, अंकुर अरोड़ा और गुरप्रीत सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

क्लब पदाधिकारियों के प्रयासों से सफल हुआ आयोजन: आयोजन को सफल बनाने में श्री महावीर रामलीला युवा क्लब के संरक्षक प्रीतू गाबा, अध्यक्ष मदन चुघ, डायरेक्टर सुशील अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीष कुमार लड्ढू एवं दीपक अनेजा, महासचिव शिव लखोटिया, सचिव उमेश कच्छावा, कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा, सी. डायरेक्टर शिव भगवान भाटी, संगठनमंत्री लखमी चंद कटारिया एवं हरीश शर्मा, प्रचार प्रमुख जतिन सोनी, मंच संचालक बीएम शर्मा, मेकअप व्यवस्था प्रभारी मुकेश कुमार व जीत पेंटर, वॉलंटियर व्यवस्था में अवतार संधू व लालजी चौहान, जलपान व्यवस्था प्रभारी सोनू सैन तथा स्टोर व्यवस्था में वंश अरोड़ा व अरमान चौधरी सहित क्लब के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। समारोह ने धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए भाईचारे का संदेश भी दिया।

बच्चों ने रावण का पुतला बनाकर किया दशहरे का दहन उत्सव



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। विजयदशमी के अवसर पर बच्चों में उत्साह का माहौल देखा गया। गली-मोहल्लों में बच्चों ने रावण का पुतला तैयार कर दहन किया।

श्रीगंगानगर शहर के वृद्धाश्रम मार्ग पर स्नेहल, शमा, गजेन्द्र, राम, रेयांश, चिंटू आदि ने रावण का पुतला बनाकर दशहरा उत्सव मनाया।

बच्चों ने रावण का पुतला कई दिन की मेहनत से तैयार किया। रावण दहन का वृद्धाश्रम मार्ग के लोगों ने आनन्द उठाया।

सरदारशहर में 101 फीट के रावण का दहन

सीमा सन्देश # सरदारशहर। असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर सरदारशहर में भव्य दशहरा महोत्सव आयोजित किया गया। शहर के ताल मैदान में हुए आयोजन में 101 फीट ऊंचे रावण सहित मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन मुख्य आकर्षण रहा। भगवान श्रीराम का तीर रावण की नाभि में लगते ही पुतला धू-धू कर जल उठा। इस दौरान रंग-बिरंगी आतिशबाजी से आसमान जगमगा उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। भामाशाह विकास कुमार एवं विनीत कुमार मालू के सौजन्य से आयोजित महोत्सव में धार्मिक आस्था, संस्कृति और मनोरंजन का अनूठा संगम देखने





को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विकास मालू, विधायक पंडित अनिल भंवरलाल शर्मा और नगर परिषद सभापति अनिता राकेश टाक ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद भगवान श्रीराम और राम दरबार का पूजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राजस्थानी रैपर अक्षत जाखड़, लोक कलाकार शहनाज फोगा, क्वीन परफॉर्मिंग आर्ट के कलाकारों और हास्य कलाकार हरीश हिंदुस्तानी ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। दशहरा महोत्सव में जितेंद्र राजवी, शोभाकांत स्वामी, योगेंद्र राजवी, शंभूदयाल पांडिया, अभिषेक पारीक, अमित पारीक, विनोद जोशी, शंकर लाल सिंधी, राजीव व्यास, रामलाल सुथार, एड. माणकचंद भाटी, लाल बहादुर सेवदा, डॉ. दिलीप चौधरी, गिरीश लाटा, राकेश टाक और बाबूलाल प्रजापत आदि मौजूद रहे।

रावण और मेघनाद-कुंभकर्ण के पुतलों का दहन



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। महाराजा गंगासिंह ग्राउंड में मंगलवार शाम 27वां दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हजारों लोगों की मौजूदगी में 75 फीट ऊंचे रावण और करीब 60-60 फीट ऊंचे मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया। राम और रावण की सेनाओं के बीच युद्ध का शानदार मंचन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष निखिला छाबड़ा, उपाध्यक्ष करम निशा बानो, पूर्व विधायक संतोष बावरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका बैलान व निर्मला गोदारा, पंचायत समिति की पूर्व प्रधान राधा देवी डागला, भाजपा नेता मोहित छाबड़ा, दशहरा महोत्सव संस्था के अध्यक्ष भजनलाल कामरा, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील गोदारा, पार्षद सुखजीत सोखी, कुशाल चूचरा सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे।

वृंदावन के कलाकारों ने बांधा समां, फूलों की होली और रासलीला ने मोहा दर्शकों का मन

खाजूवाला में रावण वध व श्रीराम राज्याभिषेक हुआ

सीमा सन्देश # खाजूवाला। श्री रामलीला समिति खाजूवाला की ओर से आयोजित भव्य रामलीला मंचन का विजयादशमी के अवसर पर समापन हुआ। रामलीला के दसवें दिन वृंदावन से आए रसिक बिहारी रामलीला मंडल के कलाकारों ने रावण वध और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक का शानदार मंचन किया। रामलीला मैदान में बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने भगवान श्रीराम की लीलाओं का आनंद लिया। कलाकारों के उत्कृष्ट अभिनय, आकर्षक मंच सज्जा और प्रभावशाली संवादों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। रावण वध प्रसंग के दौरान भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध का रोमांचक मंचन किया गया। अंत में श्रीराम द्वारा रावण का वध कर अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। इस दौरान



रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

श्रीराम राज्याभिषेक ने किया भावविभोर : रावण वध के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन और राज्याभिषेक की लीला प्रस्तुत की गई। कलाकारों ने मयार्दा, न्याय, सत्य और सुशासन के आदर्शों को प्रभावी ढंग से दर्शाया। राज्याभिषेक का दृश्य देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।

रासलीला और फूलों की होली रही आकर्षण का केंद्र : कार्यक्रम में वृंदावन की धार्मिक संस्कृति की विशेष झलक देखने को मिली। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक रासलीला प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद प्रसिद्ध फूलों की होली का आयोजन हुआ, जिसमें कलाकारों ने फूलों की वर्षा के बीच भक्ति और उल्लास से भरपूर प्रस्तुति दी। फूलों की होली कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही।

आयोजकों ने जताया आभार : दस दिवसीय रामलीला आयोजन के सफल समापन पर श्री रामलीला समिति के अध्यक्ष बलराज गेरा और सचिव रितेश यादव ने ग्रामवासियों, रामभक्तों, सहयोगकर्ताओं तथा आयोजन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों के सहयोग और उत्साह से ही यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सफल हो सका। कार्यक्रम का मंच संचालन कृष्ण कारगवाल ने किया। रामलीला मंचन के माध्यम से क्षेत्र में धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने के साथ भगवान श्रीराम के आदर्शों और भारतीय संस्कृति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

बच्चों में दशहरे का उत्साह



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। शहर के वार्ड 10 स्थित बाबा श्री रामदेव मंदिर, जाल वाला क्षेत्र में दशहरा पर छोटे बच्चों ने भी छोटे रावण के पुतले तैयार किए। बच्चों ने उत्साह के साथ रावण के पुतले बनाकर दशहरा पर्व की परंपरा को जीवंत किया। इस दौरान जतिन शर्मा, हिमांशु हुड्डा, ऋषभ आदि रावण के पुतले तैयार करते नजर आए।

वर्ग पहली क्रमांक 7956



AMRITA NANDANWAR Mob 09822568532

बायें से दायें:- 1) वादित, 14) इज़्ज़त, 16) क़द घनाढ्य, 4) नागानन, 7) क़ामत, 18) *(आरोग्य)* लाभ, धिक्कारना, 9) भूत-प्रेत 19) अपरिवर्तित *(जगह)*, 20) की बाधा; आफ़त, 11) अदृश्य *(ईश्वर)*, 23) अक- आरंभिक कर्म, 12) खून, स्मात, 24) लड़खड़ाया; भग्न- 14) जूआ; शर्त; दाँव, व्रत, 25) नियमबाहयता, 26) 15) भारत में एक शहर, लक्ष्य; मंज़िल, 29) श्रद्धा. 17) अंतर, 21) ज़िद्दी, (उत्तरः अगले अंक में) 22) कोई और नहीं, 23) *पिछली पहेली का उत्तर* बिदाई, 26) घिनौना, 27) टूँसा हुआ, 28) ख़ामोश, 30) प्रबंधक, 31) लुंगी.

ऊपर से नीचेः- 2) मिठास, 3) दुर्व्यसन, 4) अनासक्त, 5) विविध, 6) किस समय, 8) बहाना, 10) खोया हुआ, 11) कार्य- रत, 13) अलग; अप-

श	र्म	ना	क		श	र्ति	या		दा
		मु	र	मु	रा		द	बा	ना
ताली	म		ज	ब	रा				पा
		ना	रा		स	ना	त		नी
शे	ता	न		कुं	भ		र		
	ना		प	सं	द		अ	स	म
द	शा	न	न		रु	का	ना		हि
रा	ही		प	ता		र	म	झो	ला
ज़		अ	ना	व	र	ण		ला	

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 22 अक्टूबर की प्रमुख घटनाएं -

1867 - नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ कोलंबिया की आधारशिला रखी गयी।
1875 - अर्जेंटीना में पहले टेलीग्राफिक कनेक्शन की शुरूआत हुई।
1879 - ब्रिटिश शासन के खिलाफ पहला राजद्रोह का मुकदमा बसुदेव बलवानी फड़के के खिलाफ।
1883 - न्यूयार्क में ओपेरा हाउस का उद्घाटन हुआ।
1900 - भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अशफाक उल्ला खाँ का जन्म हुआ।
1937 - प्रसिद्ध हिन्दी फि ल्म अभिनेता कादर खान का जन्म हुआ।
1962 - भारत की सबसे बड़ी बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना 'भाखड़ा नांगल' राष्ट्र को समर्पित की गई।
1964 - फ्रांसीसी दार्शनिक और लेखक ज्यां पाल सार्त्र ने नोबेल पुरस्कार ठुकराया।
1975 - 'वीनस-9' अंतरिक्षयान का शुक्र ग्रह पर अवतरण।
2004 - अंकटाड रिपोर्ट के अनुसार विदेशों में निवेश में भारत 14वें स्थान पर।
2006 -अफगानिस्तान में अधिक नशीली दवाएँ जब्त की गईं।
2007 - चीनी राष्ट्रपति हू जिंताओ ने लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ चीनी कम्यूनिस्ट पार्टी की कमान सम्भाली।
2008 - इसरो ने भारत के पहले चंद्रयान मिशन चंद्रयान-1 का प्रक्षेपण किया। इस मिशन से चंद्रमा पर पानी के होने का पता लगा।
2014 - माइकल जेहाफ बिडायु ने ओटावा में कनाडा के संसद पर हमला किया, जिसमें एक सैनिक की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एनएनएस) शुक्रवार अश्विन सुदी द्वादशी को गेहूं, जौ, जई, ढैंचा, मटर, राजमा चित्रा, मूंग, उड़द, तुवर, काबुली चना, मोठ, सरसों, सोया, बिनौला एवं इसका तेल, देशी चना, खांडसारी, इमली, लौंग, जीरा, धनिया, हल्दी, बादाम, काजू, कॉपर-पीतल में लाभ तथा सोयाबीन, मक्की, बाजरा, मसूर, शर्मिली, दालचीनी, देशी घी, दूध पाउडर, रुई, सूत, जस्ता, टिन, अजवायन, कलौंजी, जायफल, अमचूर, सौंफ, केसर, बड़ी इलायची, गुड़, चीनी, लोहा-इस्पात, सोना-चांदी, निकिल में हानि की संभावना है। भाग्यांक 2-6-7-9 है। यात्रा विचार- पूरब दिशा की ओर 7.26 बजे प्रातः के बाद यात्रा शुभ होगी।

आज का राशिफल

22 अक्टूबर गुरुवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन शुक्ल एकादशी, नक्षत्र- शतभिषा, योग-वृद्धि, करण-विष्टि (भद्रा), दिशाशूल-दक्षिण, सूर्योदय 6.30 बजे, सूर्यास्त 5.52 बजे।

ग्रह स्थिति : चंद्रमा कुम्भ राशि में, सूर्य बुध व शुक्र तुला राशि में तथा गुरु और मंगल कर्क राशि में राहू- कुंभ, केतु- सिंह राशि, शनि- मीन संचार कर रहे हैं।

मेष: कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। अधिकारियों व सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, मनोबल बढ़ेगा।

वृषभ: वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे और योजनाएं सफल होंगी।

मिथुन: भाग्य का साथ मिलेगा और नए अवसर प्राप्त होंगे। करियर-व्यापार में सफलता मिलेगी तथा यात्रा के योग बन सकते हैं।

कर्क : स्वास्थ्य का ध्यान रखें और धैर्य से काम लें। पारिवारिक सहयोग मिलेगा, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

सिंह: साझेदारी और कारोबार में लाभ बढ़ेगा। टीमवर्क से काम पूरे होंगे तथा भूमि-भवन से जुड़े मामलों में सफलता मिल सकती है।

कन्या: मेहनत और लगन से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। जल्दबाजी, उधार के लेनदेन और जोखिम लेने से बचें।

तुला: दिन अनुकूल रहेगा और मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। कारोबार में प्रगति होगी तथा रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक: कामकाज में अच्छा प्रदर्शन रहेगा और करियर में सफलता के योग हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें तथा विवादों से दूर रहें।

धनु: कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे और महत्वपूर्ण चचाएं सफल रहेंगी। पारिवारिक संबंध बेहतर होंगे तथा यात्रा के योग बन सकते हैं।

मकर: धन-संपत्ति से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। परिवार में खुशियां बढ़ेंगी और कार्यक्षेत्र में आकर्षक प्रस्ताव मिल सकते हैं।

कुंभ: आर्थिक लाभ के अवसर बढ़ेंगे और रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा तथा करियर के लक्ष्य पूरे करने में प्रगति होगी।

मीन: आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें और जल्दबाजी से बचें। रिश्तों में सहयोग मिलेगा तथा विवादों और लेनदेन की गलतियों से दूर रहें।

जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ खुलते ही छाया, क्यूआईबी हिस्सा मिनटों में 2.86 गुणा सब्सक्राइब

भारत का सबसे बड़ा आईपीओ बनने की ओर; एआई और क्लाउड पर कंपनी का बड़ा दांव

30,213 करोड़ जुटाने का लक्ष्य

मुंबई।

जियो प्लेटफॉर्म्स का बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को खुलते ही निवेशकों की जोरदार प्रतिक्रिया मिली। संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित हिस्सा सुबह 10 बजे तक 2.86 गुना सब्सक्राइब हो गया। बोली खुलने के केवल 10 मिनट में यह श्रेणी पूरी तरह भर गई, जबकि 30 मिनट से भी कम समय में दोगुने से अधिक आवेदन प्राप्त हो गए। शुरूआती घंटों में पूरा आईपीओ 0.83 गुना सब्सक्राइब हुआ। यह सार्वजनिक निर्गम 23 अक्टूबर तक खुला रहेगा। कंपनी नए शेयर जारी कर 30,213 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इसमें ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) शामिल नहीं है। सफल रहने पर यह 2024 के ह्युंडई इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा आईपीओ बन जाएगा।

आईपीओ की प्रमुख बातें

- इश्यू साइजः 30,213 करोड़ रुपये।
- प्राइस बैंडः 1,065-1,119 रुपये प्रति शेयर।
- क्यूआईबी हिस्साः सुबह 10 बजे तक 2.86 गुना सब्सक्राइब।
- इश्यू बंद होने की तिथिः 23 अक्टूबर।
- कंपनी का अनुमानित मूल्यांकनः 10.3 लाख करोड़ रुपये।
- ग्रे मार्केट प्रीमियम (जीएमपी): लगभग 275 रुपये प्रति शेयर।



एआई और क्लाउड पर फोकस



जियो प्लेटफॉर्म्स के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी ने कहा कि कंपनी अब केवल दूरसंचार सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि एक प्रौद्योगिकी कंपनी के रूप में आगे बढ़ रही है। कनेक्टिविटी के साथ अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्लाउड सेवाएं और एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी को विकास का नया आधार बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कंपनी का इन-हाउस 5जी कोर और क्लाउड-नेटिव रेडियो एक्सेस नेटवर्क इसकी तकनीकी मजबूती का आधार हैं। फिलहाल जियो के 53.33 करोड़ ग्राहक हैं। निवेशकों की नजर इस बात पर है कि कंपनी अपने विशाल ग्राहक आधार को डिजिटल सेवाओं और एआई आधारित समाधानों के जरिए उच्च-लाभ वाले कारोबार में कितनी तेजी से बदल पाती है। अनौपचारिक बाजार में शेयर करीब 275 रुपये के प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं, जिससे मजबूत लिस्टिंग की उम्मीद जताई जा रही है।

गुरुद्वारा भाई लालो जी में गूंजे गुरबाणी के शबद

श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया संक्रांति पर्व

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। शहर के मॉडल टाउन-2 (सहयोग नगर) स्थित गुरुद्वारा भाई लालो जी दुःख निवारण साहिब में संगत के सहयोग से संक्रांति पर्व बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरबाणी कीर्तन, गुरमत विचार, सुखमनी साहिब जी के पाठ और वाहेगुरु सिमरन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने गुरु घर की खुशियां प्राप्त कीं। मुख्य सेवादार बलकरण सिंह सरपाल ने बताया कि मार्च माह से यहां निरंतर धार्मिक एवं सेवा कार्य जारी हैं।

अटूट लंगर बरताया

सरकारी अस्पताल के निकट होने के कारण मरीजों के परिजनों और जरूरतमंदों के लिए स्नान, दैनिक आवश्यकताओं व लंगर की व्यवस्था की जाती है। प्रातः 9 बजे हजूरी रागी भाई हरफूल सिंह ने कत्तक माह की संक्रांति, भाई लालोजी के इतिहास तथा बारह माह साहिब पर गुरबाणी कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इसके बाद आनंद साहिब के पाठ, भोग की अरदास और सूजी के हलवे का अटूट लंगर बरताया गया। कार्यक्रम में भाई कुलवंत सिंह खालसा, निरंजन सिंह, बलकरण सिंह सरपाल, समरथ सिंह सरपाल, कुलवंत सिंह, गुरमीत कौर, राजविंदर कौर रानी, रीटा कौर, माता मनजीत कौर, माता अमरजीत कौर, हरदीप कौर सरपाल, सुखमीत कौर, माता सुरजीत कौर, सुरेश कौर, आशा रानी, अंग्रेज कौर सहित आंगनबाड़ी स्टाफ और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। वर्तमान में गुरुद्वारा साहिब में शेड निर्माण की कार सेवा अधूरी है, जिसे पूरा करने के लिए मुख्य सेवादार बलकरण सिंह सरपाल ने दानी सज्जनों से सहयोग राशि एवं निर्माण सामग्री की अपील की है। अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।

उद्योगों का उत्पादन 7.9 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। देश के नौ प्रमुख उद्योग क्षेत्रों के उत्पादन में सितंबर में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह लगातार दूसरा महीना है, जब प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर में तेजी आई है। पिछले वर्ष सितंबर में यह दर 3.1 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार सितंबर में लौह अयस्क उत्पादन में 18.4 प्रतिशत, बिजली में 11.4 प्रतिशत, कोयले में 10.7 प्रतिशत और रिफाइनरी उत्पादों में 10.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सीमेंट व इस्पात उत्पादन में क्रमशः 9.8 और 4.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

आज बिजली बंद

सूरतगढ़। दीपावली पर्व पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विद्युत तंत्र के रखरखाव और मरम्मत कार्य के चलते गुरुवार सुबह शहर के कुछ क्षेत्रों में तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता वरुण भुवांल के अनुसार सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक बिजली बंद रहेगी। पंचायत समिति (एयरफोर्स) फीडर से जुड़े श्री गणेश ढाबा, आनंद विहार कॉलोनी, बसंत विहार कॉलोनी, पंचायत समिति व बिजली विभाग कार्यालय क्षेत्र प्रभावित होंगे। वहीं एक्सचेंज (मानकसर) रीको जीएसएस से जुड़े न्यू बस स्टैंड, रानी लक्ष्मीबाई चौक, महाराजा सिनेमा रोड, कोर्ट क्षेत्र, भग्गू वाला कुआं और लोहाटी चौक में भी आपूर्ति बाधित रहेगी।

हनुमान खेजड़ी धाम पर शरद पूर्णिमा मेला 26 को

अमृत रूपी खीर का प्रसाद भी बंटेगा

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। क्षेत्र के विख्यात श्री हनुमान खेजड़ी मंदिर में शरद पूर्णिमा मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार को मंदिर परिसर में भगवान शिव, श्रीराम व हनुमान जी की पूजा-अर्चना के बाद विधिवत रूप से ध्वज स्थापित किया गया। शरद पूर्णिमा पर 26 अक्टूबर को भरने वाले मेले में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी। वहीं पूर्णिमा के चांद की रोशनी में रखी अमृत रूपी खीर का प्रसाद भी वितरित होगा। पं. कमल किशोर व पं. शंकरलाल ने पूजा करवाई। इस दौरान श्री हनुमान खेजड़ी प्रबंध समिति अध्यक्ष नरेंद्र राठी, महासचिव मदन ओझा सहित अन्य सदस्य पूजा-अर्चना में शामिल हुए। ध्वज स्थापना के साथ ही मंदिर में मेले की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने की तैयारियां शुरू कर दी गई। विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग कमेटियां बनाई गई। मंदिर समिति अध्यक्ष नरेंद्र राठी ने बताया कि 25 अक्टूबर की रात्रि को विशाल जागरण होगा, जिसमें गायक कबीर राजस्थानी बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे। 26 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा का मेला भरेगा। दिनभर भंडारा चलेगा।



गंगनहर का वरीयताक्रम



22 अक्टूबर 2026, गुरुवार [सम्भावित]

पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
समेजा	452 (7)	16 अक्टूबर रात्रि 9 बजे	24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे
आरबी	722 (5)	18 अक्टूबर रात्रि 12 बजे	26 अक्टूबर सायं 3 बजे
एचएच	757 (4)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
रिड़मलसर	768(4)	19 अक्टूबर दोपहर 12 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
फार्म	829(4)	19 अक्टूबर सायं 3 बजे	26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे
जीजी	1030		
हिरणावाली	1052		
नेतेवाला	1073		
एमएल	1133		
एमएलए	1174		
करणीजी	1504		
एफ	2007		
पीएस	2167		22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
बीआईएफ+जे	2208		22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	2226		22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
जैड	2381		22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे
वाई	2412		22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
एच	2719		21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे
एमके	2817		21 अक्टूबर प्रातः 9 बजे
बीबी	3015		20 अक्टूबर प्रातः 3 बजे
ईईए	3075		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
एलएनपी	3352		16 अक्टूबर सायं 3 बजे
केके	3365		16 अक्टूबर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में बुधवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1369 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	5443	साहवा	451
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	460	कंवरसैन	540
रावतसर	673	बिरधवाल हैड से नीचे	4736
सूरतगढ़	निल		
जोरावरपुरा	निल		
खेतेवाली	निल		

मंगलवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 21.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.55
पानी की आवक - 9293 क्यूसेक, निकासी- 9452 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1361.22
पानी की आवक- 4266 क्यू., निकासी- 9968 क्यू., बीकानेर - 1792

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

12 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी

हरिपुरा	37	नाथवाना	1188
दीनगढ़	50	रतनपुरा	1200
सूरतपुरा	59	भाखरांवाली	1205
मोडिया	314	करनीसिंह	1535
लोंगवाला	549	मम्मड़खेड़ा	1730
पीलीबंगा	674	जोड़कियां	1810
अमरपुरा	790	सूरतगढ़	1930
रोड़ांवाली	803	भगतपुरा	1968
नवां-सतीपुरा	814	संगरिया	1974
मोरजण्डा	1027	नगराना	1982
प्रतापपुरा	1157	लीलांवाली	2222

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : सरसों 8677-7800 (आ. 307 क्विं.), मूंग 8475-6500 (आ. 1728 क्विं.), ग्वार 8091-6800 (आ. 77 क्विं.), नरमा 9060-8700 (आ. 2476 क्विं.), कपास 8910-8651 (आ. 52 क्विं.), बाजरा 2732-2730 (आ. 40 क्विं.), मक्का 2421 (आ. 25 क्विं.), **श्रीकरणपुर :** नरमा 9300-9180, मूंग 8265-8100, सरसों 8919, **गजसिंहपुरः** सरसों 8284-8514, ग्वार 7501-7526, चना 6500, मूंग 7200-8370, नरमा 8900-9300, कपास 8500, **सब मंडी भाव :** गेहूं 2100-2850, सरसों 5500-8650, पीली सरसों 6200-8810, ग्वार 6500-8115, मूंग 5000-8650, नरमा 8000-9101, बाजरी 2000-2740, **रायसिंहनगरः** ग्वार 7680-7763, सरसों 8200-8397, मूंग 7600-8450, नरमा 8800-9078, **जैतसर :** सरसों 8231, मूंग 8000-8650, ग्वार 7029-8005, नरमा 8800-9050, बाजरी 2511-2667, धान 3881-3931, **घड़साना:** मूंग 8520-6885, नरमा 9080-8850, सरसों 8764-7766, **अनूपगढ़ :** नरमा 9051-8702, मूंग 8450-6700, सरसों 8422-7700, ग्वार 8130-7600, बाजरा 2621-2525, गेहूं 2751, **श्रीबिजयनगरः** मूंग 8505-7505, नरमा 8996-8890, ग्वार 7690-7441, गेहूं 2725, कपास 8495-8490, बाजरी 2628-2540,

किरयाना

किरयाना : धनिया 18500-22000, हल्दी 20000-24500, जीरा 28500-29000, अजवाइन 19500-20000, सौंफ 13000-23000, मेथी 8200, खोपरा 1900, गट गोला 475 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 3000-3200, मिर्च एमपी 20000-24000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 22000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1440, आटा (45 किग्रा.) 1430, सूजी 1530, बेसन 9400, चावल टुकड़ी 3500-3700, चावल डबल छनाई 3800-4400, चावल सेला 3900, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10900, मूंग छिल्का 10500, उड़द धुली 12500-13500, उड़द साबुत 11500-12000, अरहर दाल 13000-13500, दाल मसूर 7900-8000, दाल चना 8900, देशी चना 7500, सिंगल डालर चना 9000-9500, सिंगल डॉलर चना 9000-9600, डबल डालर चना 10500, काला चना 8400-9000

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5800, गुड़ पेड़ी 5450, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6200, चीनी महाराष्ट्र 5900, चीनी एल 6250, चीनी एम 6000, चीनी श्रीगंगानगर 6400।

तेल-तिलहन व घी



तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 160 रु., तेल रिफाइंड 125-130 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 9800-10300 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 550 -650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 9800 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 550 रु., पंजाब किंग : 9400रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 530 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 650 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 590 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं. : नरमा 9200, बाजरा 2580, मूंग 8135, धान 3385, **डबली राठान :** नरमा 9131, बाजरा 2490, ग्वार 7123, धान 2175, **हनुमानगढ़ टा :** कपास 8860, नरमा 9180, बाजरा 2580, ग्वार 7859, मूंग 8100, सरसों 8144, धान 2360, **रावतसर :** कपास 8470, नरमा 9165, गेहूं 2740, बाजरा 2526, ग्वार 7986, मूंग 7980, मोठ 8600, सरसों 8251, तिल 20700, अरण्डी 8041, **नोहर :** ग्वार 8125, चना 7070, मूंग 8361, मोठ 8850, सरसों 8196, अरण्डी 7850, मूंगफली 6650, **भादराः** मूंग 8031, **संगरिया :** नरमा 8850, बाजरा 2612, ग्वार 7250, मूंग 7325, सरसों 8448, **पीलीबंगा :** नरमा 9000, गेहूं 2700, बाजरा 2161, ग्वार 8000, मूंग 7351, धान 2315

श्रद्धा व उत्साह से मनाया जा रहा श्री दुर्गा पूजा महोत्सव

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। पूर्वांचल समाज एवं श्री दुर्गा पूजा सेवा समिति की ओर से वार्ड नं. 20 स्थित छठ पूजा घाट पर श्री दुर्गा पूजा महोत्सव श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पांच दिवसीय महोत्सव का समापन बुधवार को मां दुर्गा सहित अन्य देव मूर्तियों के विसर्जन के किया जाएगा। मां के भव्य दरबार में महिषासुर मर्दिनी की आदमकद मूर्ति आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसके अलावा श्री गणेश, बालाजी, मां महालक्ष्मी, मां सरस्वती, कार्तिकेय जी, गुरूड जी. आदि की मूर्तियां बिहार के कारीगर ने मिट्टी से तैयार की है। समिति अध्यक्ष मनोज राय ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ पार्षद जयमाला सैन, समाजसेवी जितेंद्र सिंह राठौड़, शिक्षक प्रवीण सैन ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इस दौरान नियमित पूजा-अर्चना व जागरण का आयोजन किया गया। मंगलवार को कंजक पूजन कर विशाल भंडारा लगाया गया। बुधवार को देव प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकालकर शाम को बिरधवाल हैड पर विसर्जन किया जाएगा। महोत्सव में पप्पू राय, रामाशिष चौधरी, रोहित कुमार, अंशु, सतीश, विकास राजपूत, संतोष मंडल, मंजू मंडल, मनोज मंडल, अशोक पासवान, समूद अंसारी, राजू राय आदि सेवाएं दे रहे हैं।

हाईटेक रामलीला का भव्य समापन रावण वध और राजतिलक ने मोहा मन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।



रिद्धि सिद्धि कॉलोनी प्रथम स्थित प्लैटिनम पार्क में श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित हाईटेक रामलीला का दसवें और अंतिम दिन भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन रावण वध, अहिरावण प्रसंग और भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने के बाद राजतिलक का मंचन किया गया। बड़ी संख्या में दर्शकों ने आयोजन की सराहना की। मंचन की शुरूआत रावण और राम सेना के बीच युद्ध प्रसंग से हुई। मेघनाथ के यज्ञ विध्वंस, लक्ष्मण के हाथों उसके वध, अहिरावण द्वारा राम-लक्ष्मण के अपहरण और पाताल लोक के दृश्य ने दर्शकों को रोमांचित किया। इसके बाद भगवान श्रीराम और रावण के बीच हुए युद्ध में रावण का अंत दिखाया गया। मृत्यु शैया पर पड़े रावण से ज्ञान प्राप्त करने का प्रसंग भी प्रस्तुत किया गया। अंत में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान के अयोध्या आगमन तथा राजतिलक समारोह के साथ रामलीला का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनित जिंदल, शैलेन्द्र साहू और हितेश मित्तल रहे। राजतिलक श्रीमती बिमला शाहा और बाबा भूषण गोयल ने किया। समिति अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा, सचिव दिनेश शर्मा, कोषाध्यक्ष निखिल गोयल, निर्देशक सुभेष देहडान सहित पदाधिकारियों ने सहयोगकर्ताओं का आभार जताया। समिति ने अगले वर्ष और भव्य आयोजन का संकल्प लिया।

नाबालिग की शादी, तीन गिरफ्तार

झालावाड़। जिले में नाबालिग की शादी कर सौदा करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, किशोरी के पिता और मामा ने कथित तौर पर चार लाख रुपये लेकर उसकी शादी दोगुनी उम्र के व्यक्ति से कर दी। जांच में किशोरी की उम्र शादी के समय 17 वर्ष 8 माह पाई गई। पुलिस ने पिता, मामा और कथित खरीदार को गिरफ्तार किया है। मामले में बाल विवाह, मानव तस्करी सहित अन्य धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

श्रीबिजयनगर में उल्लास से मनाया दशहरा उत्सव



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। महावीर रामलीला युवा क्लब की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में दशहरा उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बलबीर सिंह लूथरा उपस्थित रहे। देर शाम हुई आकर्षक आतिशबाजी ने वातावरण को रोशनी से भर दिया। इसके बाद भगवान श्रीराम की विजय के प्रतीक स्वरूप रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के विशाल पुतलों का दहन किया गया। पुतला दहन देखने के लिए शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत दशहरा कमेटी की ओर से पुतलों के आसपास बैरिकेडिंग की गई। समारोह में बाबा सोहन दास, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र लेघा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हरि सिंह कामरा, पूर्व डायरेक्टर गुरदीप सिंह खख, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष यशपाल गोगीया, भैरा राम भांभू, भामाशाह जयवीर मलिक, विकास मिड्ढा, सरदूल सिंह, पार्षद अजय सामरिया, सोनू सिगी काट, सतीश यादव, कन्हैया लाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महावीर रामलीला युवा क्लब ने अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन रामदास सोनी ने किया। क्लब अध्यक्ष एडवोकेट इंद्रजीत डाबी ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी संस्थाओं, कार्यकताओं एवं सेवाभावी लोगों का आभार व्यक्त किया।

मिमिट मलोट ने कबड्डी में जीता स्वर्ण, पहली बार हासिल की विजेता ट्रॉफी



सीमा सन्देश # मलोट।

पंजाब सरकार द्वारा स्थापित संस्था मलोट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (मिमिट) के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। संस्था के निदेशक डॉ. अश्वनी बांसल ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर खुशी जताई। मिमिट के खेल विभाग अध्यक्ष इंजीनियर जतिंदर सिंह कटारिया, डीपीई मनकीरत सिंह और कबड्डी टीम प्रभारी करमनवीर सिंह ने बताया कि इंदर कुमार गुजराल पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी, जालंधर से संबंधित 13 कॉलेजों की कबड्डी प्रतियोगिता बाबा बंदा सिंह बहादुर इंजीनियरिंग कॉलेज, फतेहगढ़ साहिब में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिमिट मलोट की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था के रजिस्ट्रार डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि मिमिट की कबड्डी टीम ने पहली बार विजेता ट्रॉफी और स्वर्ण पदक जीता है।

उन्होंने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और कोच गुरप्रीत सिंह के मार्गदर्शन का परिणाम है। खिलाड़ियों ने लगातार आठ-आठ घंटे अभ्यास कर अपनी प्रतिभा को निखारा।

टीम कप्तान दिनेश मोहाल और सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की विश्वविद्यालय प्रबंधन ने भी सराहना की। विजेता टीम के संस्था पहुंचने पर निदेशक, स्टाफ और विद्यार्थियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। संस्था प्रबंधन ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में मिमिट और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

तमिलनाडु के पटाखा गोदाम में विस्फोट

चेन्नई। तमिलनाडु के वेल्लोर जिले के अनाइकट क्षेत्र में बुधवार को निजी पटाखा इकाई के गोदाम में विस्फोट हो गया। हादसे में दो महिला श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, पटाखे बनाते समय रगड़ के कारण विस्फोट हुआ। गायत्री (41) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से झुलसी संगीता (32) ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार्वजनिक सूचना

मैं किरण पेड़ीवाल पत्नी श्री अनिल पेड़ीवाल पुत्री स्वर्गीय श्री जीतमल कोठारी निवासी नासिक तहसील व जिला नासिक महाराष्ट्र हाल आबाद नोहरा नं. 35, वार्ड न0 31, नया रायसिंहनगर जिला श्री गंगानगर राज. द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि नोहरा न0 35 वाके रायसिंहनगर तादादी 42×75 फुट मकान संपति मेरी व मेरी बहन सरला देवी पत्नी श्री विजय कुमार बागड़ी पुत्री स्व. श्री जीतमल कोठारी व मेरे स्व. भाई भंवर लाल कोठारी के वारिसान (1) मीना पत्नी भंवर लाल, 2- प्रीती मूंदड़ा पुत्री भंवर लाल, 3- पुनित कोठारी पुत्र श्री भंवर लाल, 4- भाग्यश्री चाण्डक पत्नि श्री मनीष चाण्डक पुत्री भंवर लाल कोठारी की विरासत संपति है जो हमें हमारे पिता स्वर्गीय श्री जीतमल कोठारी से प्राप्त हुई है इस संपति को मेरे स्वर्गीय भाई भंवर लाल की पत्नी व उनकी उक्त संतानें फर्जी दस्तावेजो के जरिये अकेले हड़पना चाहते है तथा आगे रहन बैय अन्य किसी प्रकार से हस्तांतरण करके ऋणभार, उत्पन्न करने की फिराक में है तथा मुझे व मेरी बहन सरला के हक व अधिकारों से महरूम करना चाहते है, मैंने इसी संबंध में स्वर्गीय भाई भंवरलाल के वारिसान उक्त के विरूद्ध पुलिस थाना में भी परिवाद दिया हुआ है, संपति विवादित है इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे स्वर्गीय भाई भंवर लाल की पत्नी व उसकी संतानो के साथ किसी प्रकार की उक्त संपति के बाबत् संविदा ना करे, ऋण ना देवे व खरीद फरोख्त ना करे, यदि फिर भी कोई व्यक्ति इनके साथ उक्त संपति बाबत किसी प्रकार की कोई संविदा करता है, क्रय करता है, ऋण इत्यादि देता है तो ऐसे व्यक्ति की स्वंय की जिम्मेवारी होगी। जिसका मेरी व मेरी बहन सरला के हित व अधिकारो पर कोई प्रभाव नही होगा। ऐसी संविधा रहन, बैय, खरीद फरोख्त बेअसर, शून्य व निष्प्रभावी होगी।

दिनांक:- 21-10-2026 सूचनाकर्ता- किरण पेड़ीवाल

कार्यालय नगरपालिका केसरीसिंहपुर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नपाके/भूमि/2026-27/8239-8241 दिनांक :- 21.10.26

आपत्ति सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 25 साईज 20×30=600 वर्गफुट, बाबा रामदेव मंदिर के पास वार्ड नं. 11/19 केसरीसिंहपुर, जो कि पालिका रिकॉर्ड में श्री मातु राम पुत्र श्री रामकरण, जाति धानका, निवासी वार्ड नम्बर 11/19 केसरीसिंहपुर, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर (राजस्थान) के नाम से दर्ज है। मृत्यु प्रमाण-पत्र के आधार पर स्व. श्री मातु राम पुत्र श्री रामकरण, की मृत्यु दिनांक 09.11.1995 को हो चुकी है। व बाद मुताबिक सदस्य तस्दीक प्रमाण-पत्र अध्यक्ष महोदय नगरपालिका केसरीसिंहपुर द्वारा जारी क्रमांक एसपीएल 00 दिनांक 26.08.2019 के अनुसार इनके निम्नलिखित सदस्य है:- 1. संतोष देवी (पत्नी) (जीवित) 2. तीलू राम (पुत्र) (जीवित) 3. सुमन (पुत्री) (जीवित) श्री तीलू राम पुत्र श्री मातु राम, जाति धानका, निवासी वार्ड नं. 11/19 केसरीसिंहपुर, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर (राज.) ने शपथ-पत्र मय हलफनामा रु 100/- स्टाम्प पर, सदस्य तस्दीक प्रमाण-पत्र अध्यक्ष महोदय नगरपालिका केसरीसिंहपुर की प्रति, पर श्री मातु राम पुत्र श्री रामकरण, के मृत्यु प्रमाण-पत्र की प्रति व अन्य दस्तावेज प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त आवासीय भूखण्ड का विरासतन ईनकाल पालिका रिकॉर्ड में उक्त वारिसानों के नाम से दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है।अतः इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो निम्न हस्ताक्षरकर्ता को प्रकाशन के 07 दिवसीय के अन्दर अन्दर मय सबूत रिकॉर्ड आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के नाम से नगरपालिका रजिस्टर में नामान्तरण दर्ज कर दिया जावेगा। सूचित रहे।

- (विश्वास गोदारा) अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका केसरीसिंहपुर

दमामी समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता आज से



सरदारशहर। दामामी समाज की ओर से 22 अक्टूबर से आयोजित होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की बैठक रोशनदीन हांसल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रतियोगिता के सफल संचालन और व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान अमीर भियानी को आयोजन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं नाजम भुट्टा, राणासर के मौलवी परवेज, एडवोकेट अमजद खान शेखावाटी, एडवोकेट साबिर गहलोत, लियाकत और हमीद को समिति में शामिल किया गया। इस अवसर पर सलीम बारदाना (रावतसर), हमीद कटुल भोजेवाला, लियाकत जोड़ा, डॉ. भंवरदीन हांसल, पप्पुखान गुलानी, रोशन बिलोचिया, साबिर अली गहलोत, तनवीर अहमद, फिरोज, अमीर हसन, अकरम जोड़ा, सलमान प्रिंसिपल, मोहम्मद आफरीदी सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

दीपावली से पहले खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। त्यौहार के दौरान किराना एवं परचून की दुकानों, मसाला विक्रेताओं और मिठाई की दुकानों पर खाद्य सामग्री की मांग बढ़ जाती है। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, शुद्धता और कीमतों को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। एक तरफ खाद्य उत्पादों के दाम आसमान छूने लगे हैं, वहीं दूसरी ओर मिलावट की आशंका के बीच आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना भी जरूरी हो गया है। त्यौहार के दिनों में किराना सामान, मसालों, मिठाइयों और अन्य खाद्य उत्पादों की खपत बढ़ जाती है। दीपावली से पहले अनूपगढ़ शहर में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से विशेष जांच अभियान चलाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है। बाजार में खाद्य पदार्थों की बिक्री के बीच विभाग की नियमित जांच और कार्रवाई प्रभावी रूप से नजर नहीं आने से भी सवाल उठ रहे हैं। विभाग को किराना एवं परचून की दुकानों, मसाला विक्रेताओं और मिठाई की दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लेने चाहिए, ताकि उनकी गुणवत्ता की जांच हो सके।

ड्रग्स और हथियार तस्करी में सात काबू

अमृतसर। अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने नशीले पदार्थों, अवैध हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी के नेटवर्क का खुलासा करते हुए तीन नाबालिगों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 3.4 किलोग्राम हेरोइन, एक हैंड ग्रेनेड, दो .30 बोर पिस्तौल और 29 कारतूस बरामद किए हैं।

रायसिंहनगर सहकारी भूमि विकास बैंक लि0 रायसिंहनगर

भूमि/अन्य सम्पति नीलामी सूचना

क्रमांक: 539 दिनांक:- 21/10/2026

(राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 99, 100 एवं नियम 2003 के नियम 94 के तहत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रायसिंहनगर सहकारी भूमि विकास बैंक लि0, शाखा अनूपगढ़ के निम्न अवधिपार ऋणी सदस्यों से बार-बार व्यक्तिगत तकाजा किए जाने के बावजूद इनके द्वारा बैंक की अवधिपार बकाया राशि का भुगतान नही किया गया। जिससे बैंक के आर्थिक व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। बैंक द्वारा राजस्थान सहकारी अधिनियम 2001 नियम 2003 के अन्तर्गत आवश्यक नोटिस/पत्र आदि इनको तामिल करवाए जा चुके है। अतः निम्नलिखित अवधिपार ऋणी सदस्यो की कुर्कशुदा कृषि भूमि/अन्य सम्पति की सार्वजनिक नीलामी बैंक के शाखा कार्यालय अनूपगढ़ में की जावेगी। इच्छुक एवं पात्रता रखने वाले खरीददार नीलामी में उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है।

क्रम	नाम ऋणी मय वल्दियत	चक जहां रहन सम्पति स्थित है	रहन सम्पति का विवरण	अवधिपार राशि	निलामी दिनांक
1.	श्री प्रेम कुमार पुत्र जगदीश राम जाति वाल्मिकी	24 एस.एस.सी हाल 3 एस.टी.आर. तहसील पड़साना	ग्राम पंचायत 24 ए.एस.सी हाल 3 एस.टी.आर. तह0 पड़साना का आवासीय प्लाट बुक सं. 23 पट्टा सं. 53 साईज 15 गुणा 45 बराबर 675 वर्गफूट।	645685/-	04.11.2026
2.	श्री दुर्गाराम पुत्र ख्योदान, श्री कैलाश पुत्र दुर्गाराम जाति वाल्मिकी	24 एस.एस.सी हाल 3 एस.टी.आर. तहसील पड़साना	ग्राम पंचायत 24 ए.एस.सी हाल 3 एस.टी.आर. तह0 पड़साना का आवासीय प्लाट बुक सं. 23 पट्टा सं. 52 साईज 30 गुणा 35 बराबर 1050 वर्गफूट।	873165/-	04.11.2026
3.	श्री त्र्योपतराम पुत्र भागीरथ जाति नायक	2 एम.एल.डी.ए तहसील पड़साना	ग्राम पंचायत 2 एम.एल.डी.ए चक 28 ए.एस.बी का पट्टा सं. 53 बुक सं. 36 साईज 33 गुणा 77 बराबर 2541 वर्गफूट।	328645/-	06.11.2026
4.	श्री दिलबाग अली पुत्र मुस्ताक अहमद जाति मिरासी	चक 59 जी.बी. तह0 अनूपगढ	चक 59 जी.बी. तालगढ़ मे आवासीय भूखण्ड पट्टा संख्या 02 बुक सं. 38 साईज 23.5 गुणा 42.5 बराबर 992.87 वर्गगज।	594185/-	06.11.2026

- नीलामी की शर्तें बैंक के प्रधान कार्यालय रायसिंहनगर दूरभाष नं. 01507-222108 व शाखा अनूपगढ़ दूरभाष नं. 01498-252244 से प्राप्त की जा सकती है।
- ऋणी सदस्यो से भी निवेदन है कि नीलामी से पूर्व अवधिपार राशि जमा करवाकर बैंक का सहयोग करे व अनावश्यक खर्चो से बचें अन्यथा नीलामी में बैंक का सहयोग करे। सचिव

सूरतगढ़ : सर्पदंश से महिला की मौत

सूरतगढ़। खेत में नरमे की चुगाई करते समय सर्पदंश से 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, 3 एसएलडीए स्थित ढाणी संगीता निवासी रोरा देवी (40) पत्नी आत्मप्रकाश सोमवार सुबह खेत में नरमे की चुगाई कर रही थी। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। परिजन गंभीर हालत में उसे राजकीय उप जिला चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे एपेक्स हॉस्पिटल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD PROJECT DIVISION (BUILDING) KOTA

No:-627 Date: 14.10.2026

Notice Inviting Bid (NIT No. 04/2026-27)

Bids for Building work & Maintenance work at PWD Project Division (Building) Kota are invited from interested bidders upto 06.00 PM of 10.11.2026 (Tuesday) Other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rj.nic.in) of the Rajasthan State. The approximate value of the procurement is Rs 62.71 Lacs.

UBN No. PWD2627WSOB14928 (Basant Kumar Gupta)

DIPR/C/17793/2026 Executive Engineer PWD Project Div. (Build.) Kota

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:-नियमन/2026/9029 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक : 21.10.2026

श्री अनिल कुमार गिल्होत्रा पुत्र श्री कृष्णलाल निवासी म.न. 100 फॉट रोड़, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर द्वारा नीचे वर्णित भूमि में से अपने अधिकार को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 03.01.2020 के द्वारा क्रय कर आवासीय प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

जिले सहित नगर का नाम	पटे का विवरण	भूमि का विवरण	आवेदित भूमि का क्षेत्रफल
श्रीगंगानगर	भू-रूपान्तरण विभाग, श्रीगंगानगर द्वारा पटटा संख्या 996 दिनांक 19.03.1990 को श्री विजय कुमार पुत्र श्री छबील दास के नाम से जारी किया हुआ है।	चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं0 40/42 के किला नं0 2 में माप 55 गुणा 150 फीट श्रीगंगानगर	माप 27.6 गुणा 45 फीट, भूखण्ड सं. ए-9, ई-10 पार्ट

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर सुधार अधिनियम 1959 की धारा 60 सी के अधीन पूर्ण स्वामित्व पटटा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए न्यास के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के सम्बन्ध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज जारी की गयी। प्रभारी अधिकारी, नियमन शाखा नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- निर्योजन/2026/1348 दिनांक :- 21.10.26

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 12 के किला नं. 14, 17 के भूखण्ड संख्या F-04 माप 35'-0" ×70'-0" Feet (राजप्रीत इस्टेट) का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 34170 दिनांक 30.04.2026 द्वारा श्री अंकुश मित्तल पुत्र श्री बजरंग मित्तल के नाम से न्यास द्वारा जारी है। आवेदक/पट्टाधारक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रस्तगत क्षेत्र का भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। आवेदित भूखण्ड को पूर्वी-दक्षिणी दिशा से मास्टर प्लान की 80 फीट चौड़ी सड़क से पहुँच मार्ग प्राप्त है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियों की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान/जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनो ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग सीधे ही अनुमत है। उपरोक्त वर्णित आवासीय रूपान्तरित भूखण्ड का नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना राजकाज रैफ 11098784 दिनांक 14.10.2024 (DPCR) एवं राजकाज रैफ 11611406 दिनांक 06.11.2024 अनुसार भूखण्ड संख्या F-04 माप 35'-0" ×70'-0" Feet (राजप्रीत इस्टेट) का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- प्रभारी अधिकारी, सहायक नगर नियोजक, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- निर्योजन/2026/1342-1343-1344 दिनांक :- 16/10/2026

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 ए छोटी मुरब्बा नं. 21 किला नं. 2, 9 में भूखण्ड संख्या C-02 माप 40'-0'' गुणा 60'-0'' फीट (रिद्धि सिद्धि इन्कलेव-9, सैक्टर-1, एक्सटेंशन-3) का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 34598 दिनांक 13.08.2026 द्वारा श्रीमती कमलेश कुमारी पत्नी श्री केशु राम एवं श्रीमती रिंकू बाला पत्नी श्री वेद प्रकाश के नाम से न्यास द्वारा जारी है। आवेदक/पट्टाधारको द्वारा उक्त मूल आवासीय भूखण्ड पश्चिम दिशा में 50 फीट चौड़ी सड़कों पर खुलता हुआ का भूखण्ड माप 20 गुणा 60 फीट (दक्षिणी हिस्सा) एवं भूखण्ड माप 20 गुणा 60 फीट (उत्तरी हिस्सा) का ऑनलाईन प्रारुप संख्या SGNR/FY26-27/SRA/49 दिनांक 24.09.2026 द्वारा उपविभाजन हेतु आवेदन उपरान्त न्यास सर्वेयर/कनिष्ठ अभियन्ता से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार आवेदित मूल भूखण्ड रिक्त है, अनुसार उपविभाजन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णितानुसार उपविभाजन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है।07 दिवस पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- प्रभारी अधिकारी, सहायक नगर नियोजक, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2026/8998 सार्वजनिक आपत्ति सूचना दिनांक :12-10-2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री कुलदीप सचदेवा पुत्र श्री अशोक कुमार निवासी म.नं. 290 ए सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं0 54/56 किला नं0 4 में माप 15 इन्टू 50 फीट भूखण्ड संख्या ए-07 पार्ट ए तुलसी कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 9259 दिनांक 31.12.2018 को श्रीमती कमलावती पत्नी श्री रामप्रसाद के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती कमलावती की मृत्यु दिनांक 20.11.2024 को होने के उपरान्त इनके वारिसों द्वारा भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.06.2026 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत नाम में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध श्री कुलदीप सचदेवा पुत्र श्री अशोक कुमार निवासी म.नं. 290 ए सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/प्रति लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आममाझास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगी।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY26-27/MUT/363 - प्रभारी अधिकारी नियमन शाखा नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगरपालिका भादरा जिला-हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक: नपाभा/भूमि/2026/3932 लोक सूचना दिनांक : 21.10.2026

श्री अजय पाल सिंह पुत्र जवसिंह जाति जाट निवासी भाडी, श्री कमल कुमार सैनी पुत्र श्री सुरेश कुमार जाति सैनी निवासी भादरा व श्री फूलाराम पुत्र श्री लेखराम जाति खाती निवासी भादरा तह. भादरा जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित कृषि भूमि का गैर-कृषिक (आवासीय) प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। अर्थात-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा संख्या	क्षेत्र
नगरपालिका भादरा, हनुमानगढ़	चक 08 बागनी	मुरब्बा नं. 64 के किला नं. 20,21 की कुल 0.3186 हैक्टेयर यानि 3186 वर्गमीटर	क्षेत्रफल 0.3186 हैक्टेयर यानी 3186 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम-1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने एवं अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा की किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 21.10.2026 को जारी की गयी। प्राधिकारी
अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगरपालिका भादरा

कार्यालय ग्राम पंचायत 61 एफ

पचायत समिति श्री करणपुर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांकः SPL-01 **पट्टा आपत्ति सूचना** दिनांकः 21/10/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत 61 एफ में नये पट्टे बनाने हेतु निम्नलिखित आवेदन प्राप्त हुए है। अगर किसी व्यक्ति/संस्था/पड़ोसी आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो नोटिस प्रकाशन की दिनांक से 20 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि के बाद किसी प्रकार की आपत्ति के सम्बन्ध में कोई विचार नहीं किया जाएगा व ग्राम पंचायत 61 एफ द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर मौके पर कब्जे के आधार पर एवं ग्राम पंचायत 61 एफ की बैठक दिनांक 23/09/2026 को प्रस्ताव संख्या = 04 की अनुपालना में आचार संहिता समाप्त/बंद होने के बाद पट्टा जारी कर दिया जाएगा।

नोट :- ग्राम पंचायत 61 एफ द्वारा पूर्व में जारी पट्टों की पत्रावलियां, पट्टा शुल्क एवं इंतकाल रजिस्टर, खसरा र

न्यूज इन ब्रीफ

विवाहिता लापता, आभूषण साथ ले जाने का आरोप

सीमा सन्देश # पल्लू। थाना क्षेत्र के बन्नासर गांव से विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है। ससुर भागगर (71) ने रिपोर्ट दी कि उसकी पुत्रवधू पूनम 18 अक्टूबर की रात करीब 1.30 बजे घर से बिना बताए चली गई। आरोप है कि वह अपने साथ एक लाख रुपए नकद, आधा किलो चांदी और छह तोला सोना ले गई। परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। परिवादी ने आशंका जताई कि वह घर से करीब 500 मीटर दूर जाकर किसी अज्ञात वाहन में बैठकर चली गई। पल्लू पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एएसआई हेमराज को सौंपी है।

आज पांच घंटे बिजली बंद रहेगी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अमरपुरा थेड़ी स्थित 132 केवी जीएसएस से निकलने वाली 33 केवी लाइन संख्या 6 व 7 का गुरुवार, 22 अक्टूबर को रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 9.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमनदीप सिंह ने बताया कि शटडाउन के दौरान पन्नीवाली, फतेहपुर, सरमुखसिंह वाला, ढालिया, 18 एनजीसी और नाईवाला में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जंक्शन बाइपास रोड पर मीणा आदिवासी समाज की धर्मशाला के सामने 19 अक्टूबर को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार मुकेश कुमार (35) गंभीर घायल हो गया। वह प्रेमपुरा से चौटाला जा रहा था। राहगीरों ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे सूरतगढ़ होते हुए जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया। उसकी रीढ़ की हड्डी और पसलियां फ्रैक्चर हो गईं तथा सिर में गंभीर चोट लगी है। घायल के पिता इमीचन्द की रिपोर्ट पर जंक्शन पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच एएसआई गायत्री चौधरी कर रही हैं।

ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गुरुसर के पास 9 एसएसडब्ल्यू सड़क मार्ग पर 19 अक्टूबर शाम लकड़ी से भरे अज्ञात ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार सूरज (30) की मौके पर मौत हो गई। वह पत्नी पूजा के साथ मोटरसाइकिल पर अमृत ईंट भट्ठे जा रहा था। गुरुसर से करीब आधा किलोमीटर आगे तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। मृतक के चाचा राजेश कुमार की रिपोर्ट पर टाउन पुलिस ने मामला दर्ज किया है। परिवादी ने सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी चालक का पता लगाने की मांग की है। जांच हेड कांस्टेबल विजय कुमार कर रहे हैं।

महिला से मारपीट, अंगुली की हड्डी टूटी

सीमा सन्देश # भादरा। भिरानी थाना क्षेत्र के छानीबड़ी गांव में 84 वर्षीय रामेश्वरी के साथ मारपीट कर घायल करने और नकदी व सोने की ताबीज ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, 15 अक्टूबर सुबह पड़ोसी शकुन्तला और जयसिंह लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और मारपीट की। इससे उसकी अंगुली की हड्डी टूट गई तथा कमर में चोटें आईं। आरोपियों पर पेंशन के पांच हजार रुपए और सोने की ताबीज ले जाने व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है।

भर्ती में 5000 पद रखने की मांग

हनुमानगढ़। प्रस्तावित पीटीआई भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों ने करीब पांच साल के इंतजार के बाद भर्ती में केवल 1200 पद रखे जाने की चर्चा पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि बैकलॉग के पद शामिल होने से बेरोजगार युवाओं के अवसर सीमित हो जाएंगे। अभ्यर्थियों के अनुसार, पीटीआई भर्ती 2022 के बाद अब 2027 में होने की बात सामने आ रही है। उन्होंने विद्यालयों में खेलकूद को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भर्ती में कम से कम 5000 पद रखने की मांग की।

हनुमानगढ़ : गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल में दशहरा पर्व उत्साह से मनाया, दशहरे पर बुराई पर अच्छाई की जीत

शस्त्र पूजन के बाद किया रावण दहन, भारतीय संस्कृति व परंपम्पराओं का संदेश दिया

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। गुड डे डिफेंस सैनिक स्कूल में दशहरा पर्व श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विधि-विधान से शस्त्र पूजन किया गया। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को बुराई पर अच्छाई की जीत, सत्य के मार्ग पर चलने तथा भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व का संदेश दिया गया। श्री गुरु गोबिंद सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि दशहरा पर्व सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम का जीवन आदर्शों, मर्यादा और



कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को जीवन में अपनाकर अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

101 कन्याओं का पूजन कर नवरात्र महोत्सव का समापन

इससे पहले नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव का समापन 101 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन और उन्हें भोजन करवाकर किया गया। इस दौरान कन्याओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। आयोजन के माध्यम से भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान का संदेश दिया गया। इस मौके पर संस्था के प्रशासक अनुराग छाबड़ा, एनडीए डायरेक्टर मनोज कुमार, प्रिंसिपल अनामिका गौड़, हॉस्टल डायरेक्टर एलपी जैन सहित संस्था के एनसीसी एवं अन्य सदस्य, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

संस्था के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा

संस्था के एमडी दिनेश कुमार जुनेजा ने कहा कि दशहरा केवल रावण दहन का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध और नकारात्मक विचारों को समाप्त करने का संदेश भी देता है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन को भी जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। संस्था के चेयरपर्सन वरुण यादव ने कहा कि भारतीय त्योहार सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी परंपराओं को समझने और उनमें निहित जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर मिलता है। संस्था के डायरेक्टर विंग कमांडर जीडी शर्मा ने कहा कि शस्त्र पूजन साहस, कर्तव्य और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं।

हनुमानगढ़ : 154 वीर पुलिसकर्मियों को नमन, शिविर में 21 यूनिट रक्तदान

पुलिस शहीद दिवस पर पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राष्ट्र की सुरक्षा और आमजन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस शहीद दिवस मनाया गया। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य सहित पुलिस अधिकारियों, जवानों और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया। इस मौके पर पौधारोपण और रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। रक्तदान शिविर में 21 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य की ओर से 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के बीच कर्तव्यपालन के दौरान वीरगति प्राप्त करने वाले 154 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम और पदनाम के वाचन से हुई। इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। सम्मान गार्ड ने सलामी दी और मौजूद लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। एसपी बी आदित्य ने बताया कि 21 अक्टूबर 1959 को भारत-चीन सीमा पर लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ी पर चीनी सैनिकों ने हमला किया था। इस घटना में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। उन्हीं वीर जवानों के बलिदान की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को देशभर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और आमजन की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का स्मरण कराता है।





पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शहीद दिवस के मौके पर पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में एससीएसटी सेल उप पुलिस अधीक्षक आरपीएस करण सिंह सहित पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने हिस्सा लिया। शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। इस पहल के जरिए जरूरतमंदों की सहायता और मानव सेवा का संदेश दिया गया।

पुलिस अधिकारी और कर्मचारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद बिश्नोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसआईयू-सीएडब्ल्यू राज कंवर, हनुमानगढ़ वृत्ताधिकारी मीनाक्षी, जंक्शन थाना प्रभारी परमेश्वर सुथार, सदर थाना प्रभारी राजीव रॉयल, महिला पुलिस थाना प्रभारी चंद्रकला, यातायात शाखा प्रभारी अनिल चिंदा तथा रिजर्व पुलिस लाइन के संचित निरीक्षक बेगराज मीणा सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र और आमजन की सुरक्षा के लिए पूर्ण समर्पण, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

गुरु गोविंद सिंह नगर में चार दिन में दूसरी वारदात से रोष

सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। टाउन में राधा स्वामी डेरे के पीछे स्थित गुरु गोविंद सिंह नगर, वार्ड नंबर 34 में अज्ञात चोर सूने मकान के ताले तोड़कर 20 हजार रुपए की नकदी, सोने-चांदी के जेवरात और गुल्लक चोरी कर ले गए। वारदात के समय गृहस्वामी परिवार सहित फतेहगढ़ मोड़ स्थित अपने बेटे के घर गया हुआ था। बुधवार सुबह पड़ोसियों की सूचना पर परिवार घर पहुंचा तो ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। मकान मालिक हरबंशलाल सोनी पुत्र बूटाराम सोनी ने बताया कि वह परिवार के सदस्यों के साथ दो दिन पहले फतेहगढ़ मोड़ स्थित अंबिका कॉलोनी में अपने बेटे के पास गया था। पीछे से रात के समय अज्ञात चोर मकान में घुसे और ताले तोड़कर अलमारी में रखी 20 हजार रुपए की नकदी, आधा तोला सोना, तीन-चार तोले चांदी के जेवरात और गुल्लक चोरी कर ले गए।



कानूनी कार्रवाई करने की मांग

बुधवार सुबह पड़ोसियों ने फोन कर मकान के गेट खुले होने और ताले टूटे होने की सूचना दी। घर पहुंचने पर चोरी का पता चला। गृहस्वामी ने पुलिस थाने में परिवाद देकर अज्ञात चोरों का पता लगाने और कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। वार्डवासी नरेंद्र सोनी ने बताया कि मोहल्ले में चार दिन पहले भी चोरी की वारदात हुई थी। अब दूसरी घटना होने से मोहल्लेवासियों में रोष है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में नियमित गश्त करवाने की मांग की, ताकि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में भय पैदा हो और चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके।

राम-रावण युद्ध मंचन व आतिशबाजी



डबलीराठान। बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व मंगलवार को कस्बे के शहीद चमकौर सिंह स्टेडियम में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। देर शाम भगवान श्रीराम की जय-जयकार के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान पूरा स्टेडियम जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। कार्यक्रम से पहले स्टेडियम में भव्य आतिशबाजी की गई, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर श्रीराम सेना और रावण सेना के बीच युद्ध का आकर्षक मंचन भी किया गया। दशहरा मैदान का शुभारंभ फीता काटकर व्यापार मंडल सेवा समिति के पदाधिकारियों, सदर थाना प्रभारी राजीव रॉयल, एसआई रमेश चंद्र और कुम्हार समाज के जिला अध्यक्ष टीकूराम गेदर ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सामाजिक संगठनों, ग्रामीणों, समिति के कार्यकताओं और पुलिस प्रशासन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई वर्षों बाद आयोजित हुए दशहरा उत्सव के कारण स्टेडियम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम में बच्चों के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी मौजूद रही और उत्सव का आनंद लिया।

23 को होगा जागरण

सीमा सन्देश # थालड़का। नोहर-रावतसर मार्ग पर थालड़का के निकट स्थित चार जांटी श्री बालाजी धाम पर 23 अक्टूबर को श्री बालाजी महाराज के जागरण का आयोजन किया जाएगा। जागरण को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल है। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंदिर परिसर में साफ-सफाई और रंग-रोगन का कार्य पूरा कर लिया गया है। यह धार्मिक आयोजन समस्त ग्रामवासियों की ओर से करवाया जा रहा है। जागरण में गायक कलाकार काशीराम जांगिड़ एंड पार्टी बालाजी महाराज का गुणगान करेंगे। भजन-कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु बाबा की महिमा का श्रवण करेंगे। आयोजकों की ओर से जागरण में शामिल होने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

मंदिर में काली माता व भैरव बाबा की मूर्ति स्थापना

सीमा सन्देश # भादरा। स्थानीय वार्ड नंबर 6 में बिजली बोर्ड अंडरब्रिज के पास स्थित श्री ब्रह्मणी मंदिर में काली माता एवं भैरव बाबा की मूर्ति स्थापना के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे का आयोजन किया गया।पांच दिवसीय पूजा-अर्चना के बाद ब्राह्मणों के सानिध्य में ढोल-नगाड़ों के साथ शहर के मुख्य मार्गों से नगर परिक्रमा निकाली गई।बुधवार को प्राचार्य डॉ. विदिश दत्त शास्त्री एवं गौशाला तहसील अध्यक्ष जयवीर सरेवा के सानिध्य में वैदिक विधि-विधान से मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना की गई। इस दौरान मंदिर परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा तथा आरती



कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि की कामना की। मूर्ति स्थापना एवं भंडारे का आयोजन पूर्णमल रामबासिया के पुत्र मुकेश कुमार, अजय सिंह एवं विकास कुमार की ओर से करवाया गया। भंडारे में वार्डवासियों ने मंदिर कमेटी के सहयोग से प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में प्रतिनिधि पार्षद सुमित सैनी, पुजारी लोकेश वर्मा, लखा सिंह शर्मा, विश्वास शर्मा, अजय स्वामी, जयकिशन सहित मातृशक्ति एवं मोहल्ले के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक आयोजन को सफल बनाया।

दान-पुण्य कर मनाया बेटी का पहला जन्मदिन



थालड़का। गांव के सारस्वत परिवार ने बेटी पेरिशा के पहले जन्मदिन को सेवा और पुण्य कार्य के साथ मनाकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। राधे सारस्वत की पुत्री पेरिशा के जन्मदिन के अवसर पर परिवार की ओर से थालड़का स्थित महर्षि दयानंद गौशाला सेवा समिति में दान-पुण्य किया गया।परिवार ने बेटी के जन्मदिन की खुशियां गौसेवा के साथ साझा करते हुए जरूरतमंद और बेजुबान पशुओं की सेवा का संकल्पपूर्ण संदेश दिया।

डबलीराठान : गोशाला के लिए डेढ़ बीघा भूमि दान

डबलीराठान। विजयादशमी पर स्वर्गीय रामप्रताप गिरधर के सुपुत्र लक्की गिरधर ने सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल पेश करते हुए गौशाला/नंदीशाला के लिए अपनी डेढ़ बीघा भूमि भेंट की है। उनके इस पुनीत कार्य के लिए डबली वास मौलवी के ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने गिरधर परिवार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि स्वर्गीय रामप्रताप



गिरधर समाज सेवा, परोपकार और धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहे। उनके संस्कारों और सेवा भावना को उनके पुत्र लक्की गिरधर एवं परिवार आज भी आगे बढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गौमाता और बेसहारा गोवंश की सेवा के उद्देश्य से किया गया यह भूमि दान समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि गिरधर परिवार ने नर सेवा को नारायण सेवा मानते हुए मानवता और धर्म के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई है।

खेल : बेटी प्रियांशु ने राज्य स्तर पर लहराया परचम, 100 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण पदक

लंबी कूद में हासिल किया रजत पदक, दोनों स्पधाओं में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ चयन

सीमा सन्देश # नोहर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिनानिया की छात्रा प्रियांशु पुत्री नरेंद्र कासनिया ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है। फलोदी के जाम्बा में आयोजित प्रतियोगिता में प्रियांशु ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा लंबी कूद में रजत पदक हासिल किया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों स्पधाओं में उसका राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता से लौटने पर बुधवार को सुबह 10 बजे विद्यालय पहुंची प्रियांशु का विद्यालय परिवार की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच छात्रा और उसके माता-पिता को मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।



विद्यार्थियों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया तथा पुष्प वर्षा कर खुशी जाहिर की। साफा पहनाकर भी छात्रा का अभिनंदन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य सुमन ने बताया कि प्रियांशु पिछले कई वर्षों से लगातार खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आ रही है। पहली बार उसका राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जो विद्यालय और पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। उन्होंने छात्रा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से प्रियांशु को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

गांव का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया

कार्यक्रम में छात्रा के माता-पिता सहित गांव के गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ अध्यापक सुरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, टीम प्रभारी शिक्षा, अध्यापिका निर्मला, अध्यापक कुलदीप कुमार, शारीरिक शिक्षक निहाल सिंह तथा सहायक कर्मचारी पवन कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यवाहक प्राचार्य सुमन ने उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रियांशु की उपलब्धि से प्रेरणा लेकर खेलों के प्रति समर्पित भाव से तैयारी करने और विद्यालय व गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

जोशी बने श्रीगंगानगर जिला किसान मोर्चा के चुनाव प्रभारी

थालड़का। राजस्थान में पंचायतीराज चुनाव-2026 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपनी शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में



भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता सुशील जोशी (थालड़का) को श्रीगंगानगर जिला किसान मोर्चा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर जोशी ने पार्टी के शीर्ष एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। जोशी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और राजस्थान किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश चौधरी सहित पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर विश्वास जताकर जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। सुशील जोशी वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

दीपावली मिलन समारोह 9 को सिंधी मंदिर में होगा आयोजित

ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन की बैठक में लिया निर्णय



सीमा सन्देश # नोहर। संयुक्त व्यापार संघ की बैठक बुधवार को ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन भवन में संघ अध्यक्ष संजय मोदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर दीपावली मिलन समारोह आयोजित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संयुक्त व्यापार संघ की ओर से 9 नवंबर, सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सिंधी मंदिर, नोहर में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह का उद्देश्य व्यापारियों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना तथा दीपावली के पावन पर्व की खुशियों को आपस में साझा करना है। इस आयोजन के माध्यम से व्यापार जगत के लोगों को आपसी मेल-मिलाप और सद्भाव बढ़ाने का अवसर मिलेगा। बैठक में संयुक्त व्यापार संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

न्यूज इन ब्रीफ

व्यापारी के गोदाम से एसी व इलेक्ट्रॉनिक सामान चोरी, किरायेदारों पर शक

सीमा सन्देश # पीलीबंगा। कस्बे के वार्ड नंबर 23 स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक गोदाम से एसी सहित अन्य कीमती सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। व्यापारी संजीव कुमार पुत्र हरबंशलाल अग्रवाल निवासी वार्ड नंबर 03 ने पुलिस को बताया कि उनकी मुख्य मार्केट में मितल मोबाइल एंड इलेक्ट्रॉनिक नाम से दुकान है। दुकान का स्टॉक रखने के लिए उन्होंने गोदाम किराए पर ले रखा है। 17 अक्टूबर को दिवाली की सफाई के लिए गोदाम पहुंचने पर सामान गायब मिला। उन्होंने ऊपर रहने वाले किरायेदारों पर संदेह जताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सड़क हादसे में बुझ गए तीन घरों के चिराग

सीमा सन्देश # बरवाली। भादरा तहसील के मुंसरी गांव के तीन युवाओं की सड़क हादसे में मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतकों की पहचान अमित पुत्र ईश्वर धानक, बजरंग पुत्र दलीप (कालू) धानक और विक्रम पुत्र रोहतास धानक के रूप में हुई है। तीनों युवक मोटरसाइकिल पर सालासर धोक लगाकर खाटूश्याम जा रहे थे। रास्ते में छोटा हाथी टेम्पो से उनकी भीषण भिड़ंत हो गई, जिसमें तीनों की जान चली गई। बुधवार को शव गांव पहुंचने पर माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। एक साथ तीन युवाओं की मौत से गांव में मातम पसरा है।

डायरेक्टर पद की एससी सीट आरक्षित

सीमा सन्देश # भोमपुरा। हनुमानगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत भोमपुरा में ब्लॉक संख्या 10 के डायरेक्टर पद की सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित होने के बाद चुनावी हलचल तेज हो गई है। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होते ही संभावित प्रत्याशियों और राजनीतिक समर्थन को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस बार ब्लॉक संख्या 10 के डायरेक्टर पद का चुनाव पहली बार ग्राम पंचायत भोमपुरा में ही होने की बात कही जा रही है। भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय समर्थित संभावित दावेदारों को लेकर ग्रामीणों में चर्चा है। एससी सीट आरक्षित होने से इस वर्ग के दावेदारों पर सभी की नजरें टिकी हैं।

हनुमानगढ़ जिले में पंचायती राज चुनाव की गहमागहमी जोरों पर, बड़ी संख्या में पर्चे भरे गए

37 वार्डों में 27, 6 पंचायत समितियों के लिए 137 नामांकन



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद सदस्य के 37 निर्वाचन क्षेत्रों और तृतीय चरण में शामिल जिले की छह पंचायत समितियों के 130 सदस्य पदों के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। बुधवार को भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। बुधवार तक जिला परिषद सदस्य पदों के लिए 19 अभ्यर्थियों ने 27 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए, जबकि 6 पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए अब तक 125 अभ्यर्थियों ने कुल 137 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। तृतीय चरण में शामिल हनुमानगढ़ जंक्शन, पीलीबंगा, नोहर, पल्लू, भादरा और राजपुरा (8 बीएचडी) पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए भी सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर है। इस दिन अपराह्न 3 बजे तक नामांकन प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 24 अक्टूबर को होगी, जबकि 26 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। इन पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए मतदान 3 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। बुधवार को भादरा पंचायत समिति में 28 अभ्यर्थियों ने 33 नामांकन पत्र दाखिल किए। हनुमानगढ़ जंक्शन में 22 अभ्यर्थियों ने 23, नोहर में 21 अभ्यर्थियों ने 21, पल्लू में 3 अभ्यर्थियों ने 3, पीलीबंगा में 22 अभ्यर्थियों ने 25 तथा राजपुरा (8 बीएचडी) में 19 अभ्यर्थियों ने 21 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। इस प्रकार बुधवार को छह पंचायत समितियों में 115 अभ्यर्थियों ने कुल 126 नामांकन पत्र दाखिल किए। पहले दिन 10 अभ्यर्थियों ने 11 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए थे। इस तरह बुधवार तक छह पंचायत समितियों के सदस्य पदों के लिए 125 अभ्यर्थियों ने कुल 137 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

जिला परिषद के लिए तीन स्थानों पर नामांकन की व्यवस्था

जिला परिषद सदस्यों के नामांकन के लिए जिला कलक्ट्रेट परिसर में अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई हैं। अभ्यर्थी 23 अक्टूबर तक किसी भी कार्यदिवस पर सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित कक्षों में व्यक्तिगत रूप से नामांकन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार नामांकन जमा कराने के लिए तीन स्थान निर्धारित किए गए हैं। वार्ड संख्या 1 से 13 तक के अभ्यर्थी अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) के कार्यालय में प्रथम तल स्थित कमरा नंबर 210 में नामांकन जमा करवा सकेंगे। वार्ड संख्या 14 से 25 तक के लिए कलक्ट्रेट के भूतल पर कमरा नंबर 120 तथा वार्ड संख्या 26 से 37 तक के लिए प्रथम तल पर कमरा नंबर 206 निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों को संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के समक्ष व्यक्तिगत रूप से नामांकन पत्र प्रस्तुत करने होंगे। कलक्ट्रेट के मुख्य भवन के सामने स्थित वाहन पार्किंग स्थल पर जीए-55 की रसीद जारी करने, अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावकों के नाम मतदाता सूची में जांचने और नामांकन पत्रों की प्रारंभिक जांच के लिए कार्मिकों की व्यवस्था की गई है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और पूछताछ के लिए अलग काउंटर तथा अभ्यर्थियों की सहायता के लिए सहायता केन्द्र भी स्थापित किए गए हैं। नामांकन कक्ष में अभ्यर्थी सहित अधिकतम पांच व्यक्ति उपस्थित रह सकेंगे। वाहनों की पार्किंग कलक्ट्रेट परिसर के बाहर निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को आदर्श आचार संहिता और राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करनी होगी।

4 नवंबर को नामांकन, 5 को मतदान व मतगणना

6 पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में 5 नवंबर को मतदान



जिले की सभी 325 ग्राम पंचायतों में सरपंच, उपसरपंच और पंच पदों के लिए दो चरणों में चुनाव होंगे। तृतीय चरण में शामिल छह पंचायत समितियों की ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के चुनाव के लिए सोमवार को लोक सूचना जारी की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 4 नवंबर को सुबह 8 से 11 बजे तक नामांकन पत्र प्रस्तुत किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा सुबह 11.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से नाम वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी के बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे और अभ्यर्थियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। सरपंच और पंच पदों के लिए मतदान 5 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। मतगणना मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर की जाएगी। उपसरपंच का चुनाव 6 नवंबर को होगा।

अभ्यर्थियों के लिए चुनाव खर्च की सीमा निर्धारित

चुनाव प्रचार के दौरान वाहनों, लाउडस्पीकरों, कटआउट, होर्डिंग, पोस्टर और बैनर के उपयोग को लेकर निर्धारित प्रतिबंधों की पालना करनी होगी। लाउडस्पीकर के उपयोग के लिए जिला मजिस्ट्रेट, उपखंड मजिस्ट्रेट या सक्षम अधिकारी से लिखित अनुमति लेना आवश्यक होगा। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित अधिकतम चुनाव खर्च सीमा के अनुसार, जिला परिषद सदस्य पद के अभ्यर्थी अधिकतम 3 लाख रुपए, पंचायत समिति सदस्य पद के अभ्यर्थी 1.50 लाख रुपए तथा सरपंच पद के अभ्यर्थी अधिकतम 1 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे।

चौक के पुनः निर्माण की मांग



संगरिया। गत दिनों आवारा पशुओं की लड़ाई में क्षतिग्रस्त हुए चौक के पुन निर्माण की मांग को लेकर सेन समाज समिति द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष सुमन संजीव सोनी को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि गत दिनों आवारा पशुओं की लड़ाई में चौक का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। इसकी मरम्मत की मांग को लेकर सेन समाज सदस्यों द्वारा मांग की गई। पालिका अध्यक्ष ने समिति सदस्यों से शीघ्र ही इसके पुनर्निर्माण की बात कही। इस अवसर पर पार्षद योगेश भोबिया शमशेर चहल समिति के अध्यक्ष सुभाष सैन एडवोकेट , सोम सैन , एम आर संजू सैन पवन सैन हंसराज सैन मौजूद रहे।

27 ग्राम पंचायतों के 301 वार्डों में 96161 मतदाता करेंगे वोट

संगरिया। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए मतदाता सूची की कार्यकारी प्रतियाँ तैयार करने का कार्य बुधवार को शुरू कर दिया गया है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रेशन अधिकारी एवं तहसीलदार मोनिका बंसल ने बताया कि पंचायत समिति संगरिया की 27 ग्राम पंचायतों के301 वार्डों में 96161 मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि कुल मतदाताओं में 49868 पुरुष, 46293 महिला हैं। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया कि चुनाव के लिए मतदान दलों को दी जाने वाली मतदाता सूचियों की कार्यकारी प्रतियां के तैयार करने का कार्य प्रगति पर है।

वोटर लिस्टों को अंतिम रूप देने में जुटे

भू-अभिलेख निरीक्षक परमजीत कौर, सुनीता ढाका, चुनाव शाखा के भरत सांवरिया, पंकज गोदारा, रविन्द्र गोदारा के निर्देशन में पटवारी एवं राजस्व कर्मी वोटर लिस्टों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए 102 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। रतनपुरा पंचायत के मतदान केन्द्र 47 में मतदाताओं की संख्या ज्यादा होने के कारण 1 सहायक मतदान केंद्र भी बनाया गया है। पंचायतीराज संस्थाओं में निर्वाचन के लिए मतदाता जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच एवं वार्ड पंच के लिए अपना वोट डाल सकेंगे। पंचायत समिति संगरिया के लिए चौथे चरण में मतदान होना है। जिसमें 14 नवंबर को पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य का मतदान तथा सरपंच वार्ड पंच का मतदान 16 नवंबर को होगा।

स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ हनुमानगढ़ टाउन के तत्वावधान में माता किताब कौर महाविद्यालय, 14 एसएसडब्ल्यू परिसर में द्वितीय-तृतीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार को उपप्रधान शकुन्तला लाम्बा ने ध्वजारोहण कर किया। ट्रेनिंग काउंसलर भूपेन्द्र कौशिक ने बताया कि शिविर में शांति निकेतन विद्या पीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौहेलांवाली, चौधरी पुरखाराम मूंड मेमोरियल माध्यमिक विद्यालय, कोहला, डीएवी पब्लिक स्कूल, एसआरएम इंटरनेशनल स्कूल तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पंजाबी मोहल्ला के स्काउट्स व गाइड्स प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं, सेठ राधाकृष्णन बिहाणी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, किड्स कैम्प स्कूल और नेहरू मॉडल माध्यमिक विद्यालय की गाइड्स भी शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। स्काउट शिविर का संचालन हरप्रीत सिंह, सुरजीत सिंह और हरिसिंह कर रहे हैं।

केवल पुतले नहीं, समाज की बुराइयों का भी करें दहन : विधायक बेनीवाल

भादरा में 26वां दशहरा महोत्सव उमंग और उल्लास के साथ मनाया

सीमा सन्देश # भादरा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में बुधवार को 26वां विशाल दशहरा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान 50-50 फीट ऊंचे रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का आतिशबाजी के बीच दहन किया गया। कार्यक्रम में हजारों लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि विधायक संजीव बेनीवाल ने कहा कि दशहरा असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। समाज को केवल पुतले जलाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि नशे जैसी बुराइयों का भी अंत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष मांगीलाल गोयल ने समाज को स्वच्छ, स्वस्थ और नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर जोर दिया। पूर्व विधायक डॉ. सुरेश चौधरी ने चिट्टे जैसे घातक नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रामदल-रावण दल के प्रतीकात्मक युद्ध ने दर्शकों का मन मोह लिया। पुतला दहन के दौरान मैदान जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। पुलिस की विशेष व्यवस्था के बीच आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार, अफीम बरामद

सीमा सन्देश # भादरा। भिरानी थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार दो युवकों को 20.42 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाइक और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, भादरा-आदमपुर मंडी मार्ग पर छानीबड़ी चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान अपाची बाइक सवार दो युवक पुलिस को देखकर वापस मुड़ने लगे। शक होने पर पुलिस ने उन्हें रोककर तलाशी ली, जिसमें 20.42 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपियों की पहचान जगतपाल (26) और अरसद (22), निवासी छानीबड़ी के रूप में हुई। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों ने पिछले दो माह से अफीम बेचने तथा निनाण निवासी सुरेश मिस्त्री से 5 हजार रुपए में अफीम खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच भादरा थाना प्रभारी राधेश्याम को सौंपी है।

नामांकन पत्रों की जांच के बाद सूची जारी



पीलीबंगा। व्यापार मंडल पीलीबंगा, पीलीबंगा शिक्षण समिति एवं श्री गोशाला सेवा समिति की वर्ष 2026 की कार्यकारिणी के चुनावों के लिए नामांकन पत्रों की जांच पूरी हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि जांच के बाद प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी गई है। व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार व सुशील कुमार भादू, उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार स्वामी, विकास कुमार व हितेश कुमार बंसल, सचिव पद के लिए पवन कुमार व सर्वजीत सिंह कंग तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए लोकेश कुमार व विनोद कुमार मैदान में हैं। पीलीबंगा शिक्षण समिति में अध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार व शांति लाल, उपाध्यक्ष पद के लिए अंजन बोथरा, अमनदीप गर्ग व अशोक कुमार शर्मा, सचिव पद के लिए नवी कुमार बंसल व नीरज गुप्ता, उपसचिव पद के लिए भागीरथ व भीम सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद के लिए रविंद्र कुमार व रामकुमार ने नामांकन किया है। श्री गोशाला सेवा समिति में अध्यक्ष पद के लिए जय भगवान व संजय कुमार तथा उपाध्यक्ष पद के लिए पुनीत कुमार लखोटिया का नामांकन प्राप्त हुआ है। सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जिंदल ने बताया कि प्रत्याशी 22 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे तक चुनाव कार्यालय में नाम वापसी के फार्म जमा करवा सकते हैं। इसके बाद अंतिम सूची जारी होगी। आवश्यकता होने पर 28 अक्टूबर को सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया में सहायक निर्वाचन अधिकारी नौरंग लाल शर्मा भी सहयोग कर रहे हैं।

पशु चिकित्सा अधिकारी बनने पर डॉ. ममता सुथार का अभिनंदन

रावतसर। स्थानीय वार्ड नंबर 31 निवासी हनुमान प्रसाद सुथार की पुत्री डॉ. ममता सुथार का पशु चिकित्सा अधिकारी पद पर चयन होने पर विश्वकर्मा समाज द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। पार्षद सीता देवी सुथार ने डॉ. ममता को साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर समाज अध्यक्ष जयप्रकाश माकड़, भंवरलाल जांगिड़, गौरी शंकर, दीनदयाल व हनुमान प्रसाद ने पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। डॉ. ममता ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और दादा चंदूराम सुथार के आशीर्वाद व कड़ी मेहनत को दिया। इस दौरान मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया।



मकान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी

हनुमानगढ़। टाउन के गुरु गोविंद सिंह नगर में अज्ञात चोर बंद मकान के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात और 1500 रुपए नकद चोरी कर ले गए। पीड़ित ख्यालीराम कुम्हार ने पुलिस को दिए परिवाद में बताया कि 16 अक्टूबर की शाम वह परिवार सहित रिश्तेदारी में जागरण में गया था। अगले दिन लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। जांच में जेवरात व नकदी गायब मिली। चोर पेचकस सहित अन्य औजार मौके पर छोड़ गए। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

जन्मदिन मुबारक



रावतसर निवासी अमन के जन्म दिन पर भाई सोनू भाटी सुनील , सत्यम डाइग्नोसिटक सेंटर रावतसर राकेश सुथार, श्रीराम लाइट डेकोरेशन, पवन चौधरी, माता पिता बहन भाई मामा,मामी चाचा, चाची दाउ ताई भाटी परिवार की तरफ से जन्मदिन की बधाई।

श्याम मंदिर के 28वें वार्षिक महोत्सव की धूम, शोभायात्रा निकली



सीमा सन्देश # नोहर। प्राचीन जोहड़े के पास स्थित श्री श्याम मंदिर के 28वें वार्षिक महोत्सव के तहत बुधवार को श्री श्याम सेवा समिति की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। शहर के मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। श्याम बाबा के जयकारों से शहर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा श्री श्याम मंदिर से रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में सुसज्जित श्री श्याम रथ, शहनाई वादन, पुष्प एवं इत्र वर्षा और रंग-बिरंगी लहराती 401 पताकाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। बाबा श्याम के प्रति भक्तों की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था। महोत्सव के तहत शोभायात्रा में ध्वजा उठाने वाले 401 भक्तों में से 41 भक्तों को ड्रॉ के माध्यम से बाबा की कृपा के प्रसाद से सम्मानित किया जाएगा। वार्षिक महोत्सव के दूसरे दिन गुरुवार, 22 अक्टूबर को रात्रि 8:30 बजे से श्री श्याम मंदिर के सामने विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें जयपुर के भजन गायक अविनाश शर्मा बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। वहीं, दिल्ली के बंटी सोनिया तिलकधारी ग्रुप द्वारा सुंदर एवं सजीव झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी।

आचार संहिता की पालना के लिए सफेद लाइनिंग कर तय की सीमा, प्रत्याशी के साथ चार अन्य लोगों को ही प्रवेश की अनुमति

नामांकन के लिए कलक्ट्रेट के 100 मीटर दायरे में वाहनों और भीड़ पर रहेगी रोक

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिला परिषद के 37 निर्वाचन क्षेत्रों और हनुमानगढ़ पंचायत समिति के सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया के बीच जिला प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। जिला कलक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर के 100 मीटर दायरे में भीड़ और वाहनों की आवाजाही नियंत्रित करने के लिए बुधवार को सफेद रंग से लाइनिंग करवाई गई। इसका उद्देश्य प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को निर्धारित सीमा की जानकारी देना तथा राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करना है। अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी उम्मेदीलाल मीणा ने बताया कि जिला परिषद सदस्यों के नामांकन 23 अक्टूबर तक दाखिल किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया 19 अक्टूबर से शुरू हुई थी और बुधवार को भी अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रस्तुत किए। जिला परिषद के सभी 37 जोनों के साथ हनुमानगढ़ पंचायत समिति के नामांकन भी दाखिल हो रहे हैं। ऐसे में कलक्ट्रेट परिसर में भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। मीणा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों के साथ निर्धारित संख्या से अधिक लोग नहीं आएं। आयोग के निर्देशों के अनुसार प्रत्याशी के साथ चार अन्य लोगों को ही प्रवेश की अनुमति है। बुधवार को नगर परिषद के कर्मचारियों से जिला कलक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर के आसपास 100 मीटर की दूरी पर सफेद लाइनिंग करवाई गई। इस पर दूरी संबंधी सूचना भी अंकित की गई है, ताकि लोग अनजाने में निर्धारित सीमा से आगे नहीं आएं। इसी तरह जिला न्यायालय परिसर की तरफ ट्रेजरी कार्यालय के पास भी लाइनिंग करवाई गई है।

मदद हेतु सहायता केन्द्र व काउंटर

अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशियों की सुविधा के लिए कलक्ट्रेट परिसर में पार्किंग क्षेत्र में सहायता केन्द्र बनाया गया है। यहां टेंट लगाकर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो प्रत्याशियों को नामांकन पत्र भरने में मदद कर रहे हैं। उन्हें मतदाता सूची, प्रस्तावक, प्रत्याशी की नामांकन संख्या और मतदाता सूची में क्रम संख्या सहित जरूरी जानकारियां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सुरक्षा राशि जमा करवाने की रसीद जारी करने के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा पूछताछ केन्द्र भी स्थापित किया गया है, ताकि नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रत्याशियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

23 तक नामांकन, 24 को संवीक्षा व 26 को नाम वापसी

जिला परिषद के 37 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया 23 अक्टूबर तक चलेगी। नामांकन पत्र कार्यदिवसों में सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। 24 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी, जबकि 26 अक्टूबर को अपराह्न 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। जिले की छह पंचायत समितियों हनुमानगढ़ जंक्शन, पीलीबंगा, नोहर, पल्लू, भादरा और राजपुरा (8 बीएचडी) के 130 सदस्य पदों के लिए भी नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इन पदों के लिए मतदान 3 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

विजयी प्रत्याशियों के जुलूस पर प्रतिबंध

उम्मेदीलाल मीणा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विजयी प्रत्याशियों की ओर से जुलूस निकालने पर प्रतिबंध है। नामांकन के दौरान भी प्रत्याशी के साथ निर्धारित चार अन्य व्यक्तियों से अधिक लोगों को प्रवेश की अनुमति नहीं है। जिला प्रशासन का प्रयास है कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो और आदर्श आचार संहिता सहित आयोग के सभी दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाए।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

सिमरन सिंहमार का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



सीमा सन्देश # बींझबायला

70वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन जांबा गांव बाप जिला फलोदी में किया गया। इसमें ममता मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय, बींझबायला की छात्राओं ने श्रीगंगानगर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा सिमरन सिंहमार पुत्री शिवराज सिंहमार ने 400 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपना चयन सुनिश्चित किया। वहीं विद्यालय की छात्राएं स्नेहा, सिमरन एवं लक्ष्मी गोदारा ने रिले दौड़ में राजस्थान में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर बींझबायला बस स्टैंड पहुंचने पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों द्वारा रंग-गुलाल लगाकर और पटाखे चलाकर जोरदार स्वागत किया गया। व्यापार मंडलके अध्यक्ष मैनाराम गोदारा, भगवान घोड़ेला, बृजमोहन तरड़, राकेश अरोड़ा, विनोद सिंहमार, सुरेंद्र मंडा, विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र मंडा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

महंत निरंजन दास के नेतृत्व में 9 कन्याओं का विवाह कार्यक्रम हुआ



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर। रामगढ़ संघर के डेरा बाबा संध्या दास जी में महंत निरंजन दास जी के कुशल नेतृत्व में 33 वां दशहरा मेला पूर्ण श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 9 कन्याओं के सामूहिक विवाह संपन्न कराए गए। लक्ष्मण सिंह बराड़ ने बताया कि इसके साथ ही वॉलीबॉल, 62 किलोग्राम भार वर्ग की कबड्डी तथा ओपन वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कबड्डी प्रतियोगिता 62 किलोग्राम भार वर्ग में 20 एसटीजे की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जंडवाला की टीम उपविजेता रही। ओपन वर्ग कबड्डी में 7 एलसी की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मसरूवाला की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में कुब्बेवाला की टीम विजेता रही व थान्देवाला की टीम उपविजेता बनी। इस अवसर पर अटूट लंगर बरताया गया।

गजसिंहपुर में मच्छरों की रोकथाम के लिए दवा छिड़काव जारी



सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। नगरपालिका प्रशासन की ओर से शहर में मच्छरों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव करवाया जा रहा है। इसके लिए नगरपालिका प्रशासन ने विभिन्न टीमें गठित की हैं, जो शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर नालियों में दवा का छिड़काव कर रही हैं। ईओ लाजपत बिश्नोई ने बताया कि त्योहारी दिनों में नागरिकों को स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह गतिविधि संचालित की जा रही है।

वाल्मीकि जयंती पर सजावट और सफाई कर्मचारियों को अवकाश देने की मांग



सीमा सन्देश # सूरतगढ़। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि चौक एवं वाल्मीकि मंदिर में सजावट करवाने तथा सफाई कर्मचारियों को अवकाश देने की मांग को लेकर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज एवं अखिल भारतीय सफाई मजदूर कर्मचारी संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी गणपत राम को ज्ञापन सौंपा। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज अध्यक्ष अमित कंडारा, पार्षद सुनीता रानी वाल्मीकि एवं अखिल भारतीय सफाई मजदूर कर्मचारी संघर्ष समिति अध्यक्ष रेखा घुसर के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में वाल्मीकि जयंती के मद्देनजर वाल्मीकि चौक और मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट करवाने तथा सफाई कर्मचारियों को अवकाश देने की मांग की गई। प्रतिनिधियों ने कहा कि अवकाश मिलने से कर्मचारी भी जयंती कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर सकेंगे। अधिशासी अधिकारी गणपत राम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हर महीने की पहली तारीख को कर्मचारियों के खातों में वेतन जमा करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को नगरपालिका की रीढ़ बताते हुए कहा कि शहर स्वच्छ रहेगा तो नगरपालिका का मान-सम्मान भी बढ़ेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में उपाध्यक्ष किरण बाला वाल्मीकि, माया देवी, सोनू देवी वाल्मीकि, महेंद्र भाटिया, संरक्षक बलदेव भाटिया, गणेश सारसर, महामंत्री प्रिंस सारसर, संजय वाल्मीकि, राकेश धौल, राकेश अठवाल, महेंद्र थामेत और मनोज सारसर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

व्यापारियों में आपसी विवाद; नरमा-कपास की बोली ठप, किसानों ने मंडी गेट पर ताला जड़कर सड़क जाम की...वार्ता में समझाइश से निकला रास्ता

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

कृषि उपज मंडी में व्यापारियों के आपसी विवाद के चलते नरमा-कपास की बोली ठप होने से आक्रोशित किसानों ने मंडी गेट पर ताला लगा कर सड़क जाम कर दी। बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर शाम 4 बजे बोली वापिस शुरू हुई। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह किसान नरमा-कपास की फसल लेकर मंडी पहुंचे थे, लेकिन व्यापारियों के बीच विवाद के कारण बोली शुरू नहीं हो पाई। लंबे समय तक इंतजार के बावजूद खरीद प्रक्रिया शुरू नहीं होने पर किसानों की नाराजगी बढ़ने लगी। सूचना मिलने पर किसान नेता दिनेश बिश्नोई व सुधीर गोदारा मंडी ने पहुंच अधिकारियों से वार्ता कर बोली शुरू करवाने की मांग की।



इसके बावजूद समाधान नहीं निकलने पर किसानों ने मंडी के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर धरना शुरू कर दिया। किसान नेताओं ने मंडी समिति सचिव को एक घंटे का अल्टीमेटम दिया। इसके बाद भी बोली शुरू नहीं होने पर किसानों में रोष बढ़ गया और उन्होंने सड़क को जाम कर दिया।

कृषि उपज मंडी में दिनभर खरीद प्रक्रिया प्रभावित

किसानों का कहना था कि व्यापारियों के आपसी विवाद के कारण उनकी फसल की बिक्री प्रभावित होना सही नहीं है। इससे किसानों का समय खराब होने के साथ ही उन्हें आर्थिक व अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है। करीब तीन घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के बाद व्यापारियों व मंडी प्रशासन के बीच सहमति बनी।

इसके बाद मंडी समिति के सचिव विकास सारण ने किसानों के बीच पहुंचकर उनसे बातचीत की। सारण ने आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी व्यापारी की ओर से विवाद के चलते बोली बाधित की जाती है, तो कृषि उपज मंडी के नियमों के तहत संबंधित व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नियमानुसार व्यापारी का लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। किसान नेताओं ने कहा कि व्यापारियों के आपसी मतभेदों का खामियाजा किसानों को नहीं भुगतना चाहिए।

उपज की खरीद-बिक्री निर्बाध रूप से करवाना मंडी प्रशासन की जिम्मेदारी : व्यापारियों के बीच सहमति बनने व मंडी प्रशासन के आश्वासन के बाद शाम चार बजे बाद नरमा-कपास की बोली फिर से शुरू हुई। इससे अपनी उपज बेचने के इंतजार में बैठे किसानों को राहत मिली। किसान नेता दिनेश बिश्नोई व सुधीर गोदारा ने कहा कि किसानों की उपज की खरीद-बिक्री निर्बाध रूप से करवाना मंडी प्रशासन की जिम्मेदारी है।

सूरतगढ़ पंचायत समिति चुनाव: भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में भरे नामांकन

प्रधान पद की दौड़ में हजारीराम मील और जीनम कड़वासरा आमने-सामने

दूसरे दिन 17 नामांकन दाखिल किये गये

सीमा सन्देश # सूरतगढ़

पंचायत समिति सूरतगढ़ के प्रधान पद की चुनावी जंग अब रोचक हो गई है। वर्तमान प्रधान हजारीराम मील ने एक बार फिर मैदान में उतरते हुए भाजपा प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है। वहीं, कांग्रेस की ओर से कांग्रेस ओबीसी विभाग के संभाग अध्यक्ष अमित कड़वासरा की पत्नी जीनम कड़वासरा ने प्रधान पद के लिए नामांकन प्रस्तुत किया। सूरतगढ़ पंचायत समिति का प्रधान पद इस बार सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित है। वहीं, नवगठित राजियासर पंचायत समिति का प्रधान पद महिला सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन बुधवार को कुल 17 नामांकन पत्र दाखिल किए गए।

भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह संभावित प्रत्याशियों का पैनल लेकर जयपुर पहुंचे हैं, जहां से प्रत्याशी घोषित होंगे। वहीं कांग्रेस की सूची को लेकर विधायक डूंगराराम गेदर भी जयपुर में प्रदेश नेतृत्व से संपर्क में हैं।



कई जोन से भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीयों ने भरे पर्चे: जानकारी के अनुसार जोन नंबर-4 से हरतेज सिंह ने भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन प्रस्तुत किया। वहीं जोन नंबर-7 से दयाराम जाखड़ ने भी भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा भरा। जोन नंबर-6 से हजारीराम मील ने भाजपा के साथ निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में भी नामांकन दाखिल किया है। इसके अलावा जोन नंबर-1 से सुगना, जोन नंबर-11 से जीनम कड़वासरा, जोन नंबर-13 से देवेंद्र कौर, जोन नंबर-17 से बसकरो देवी, जोन नंबर-19 से माणु, जोन नंबर-20 से ओमप्रकाश और जोन नंबर-19 से राजवंती ने नामांकन दाखिल किया। इनमें सुगना, जीनम कड़वासरा, देवेंद्र कौर, बसकरो देवी और माणु ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में, जबकि राजवंती ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन प्रस्तुत किया। वहीं जोन नंबर-23 से शारदा ने निर्दलीय, जोन नंबर-4 से आसासिंह और जोन नंबर-18 से चेतनराम ने बसपा तथा जोन नंबर-21 से संतराम ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया।

समर्थकों के साथ जोन 6 से भरा पर्चा

भाजपा प्रत्याशी हजारीराम मील ने जोन नंबर-6 से निर्वाचन अधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव बलाना, आईटी सेल के सह संयोजक नवनीत मुंजाल, हनुमान मील, सूरजपाल हुड्डा और पूर्व सरपंच रामकुमार घोयल आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस प्रत्याशी ने इस जोन से भरा नामांकन : कांग्रेस प्रत्याशी जीनम कड़वासरा ने जोन नंबर-11 से अपना नामांकन दाखिल किया। पूर्व विधायक राजेंद्र भादू, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गेदर, पूर्व प्रधान परमजीत सिंह रंधावा, पूर्व उपप्रधान कृष्ण गोदारा, बलराम वर्मा, पार्षद प्रमोद ज्याणी, हेमराज भादू और जेपी गिला उपस्थित रहे।

मोबाइल गुम होने के विवाद में मारपीट, छह पर मुकद्दमा

सीमा सन्देश # सूरतगढ़। मोबाइल गुम होने को लेकर शुरू हुआ विवाद घर में घुसकर मारपीट तक पहुंच गया। शहर के वार्ड नंबर 5 निवासी एक महिला ने अपने जेठ व उसके बेटों सहित छह लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने और सोने का लॉकेट छीनने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार, गौमती पत्नी भगतराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी कि 19 अक्टूबर की शाम वह अपने पति भगतराम और बेटों गणेश व साहिल के साथ घर पर चाय पी रही थी। इसी दौरान उसके जेठ चांदाराम, उसके बेटे मनीष, हरमन सहित तीन अन्य लोग लाठियां लेकर घर में घुस आए। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मनीष ने अपना मोबाइल गुम होने की बात कहते हुए परिवार पर आरोप लगाया। जब बेटे साहिल ने मोबाइल उनके पास होने से इनकार किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान हरमन की लाठी लगने से साहिल के बाएं कान से खून निकलने लगा। वहीं, भगतराम के पैरों पर भी वार किए गए। गौमती ने आरोप लगाया कि हमले में वह और परिवार के अन्य सदस्य घायल हो गए। उसने चांदाराम पर करीब आधा तोला वजन का सोने का ओम लॉकेट छीनने का आरोप भी लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की जांच सहायक उप निरीक्षक छोटूराम कर रहे हैं।

पीपल चौक मार्केट में अवैध शराब बिक्री रोकने की मांग

पुलिस उपाधीक्षक से मिला प्रतिनिधिमंडल



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

सूर्योदय नगरी के पीपल चौक मार्केट में देर रात तक शराब बिक्री और दुकानों व ठेलों पर शराब पिलाने की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर युवा नेता युवराज कल्याणा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस उपाधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पीपल चौक मार्केट सहित वार्ड नंबर 12, 13, 14, 15, 31, 32, 33, 34, 37 और 38 में अवैध रूप से संचालित शराब की दुकानों पर कार्रवाई करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पीपल चौक मार्केट में रात आठ बजे बाद भी शराब बिक्री जारी रहती है। इसके अलावा दुकानों और ठेलों पर शराब पिलाने से क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। नागरिकों ने कहा कि इन गतिविधियों के कारण महिलाएं और बेटियां बाजार आने से भी संकोच करती हैं। उन्होंने पूर्व में हुई अप्रिय घटनाओं का हवाला देते हुए क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अवैध गतिविधियों पर तत्काल अंकुश लगाने की मांग की। युवराज कल्याणा ने कहा कि इन समस्याओं से करीब 15 वार्डों के लोग प्रभावित हैं। समय पर कार्रवाई नहीं होने पर क्षेत्रवासी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ज्ञापन देने वालों में भाजपा नेता अमरचंद नायक, महेंद्र भाटिया, किसान नेता अमित कल्याणा, आशुतोष शर्मा, दिनेश सुथार, राजू बजाज और कॉ. गुरुचरण सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

श्रीसत्यनारायण मंदिर में रामायण पाठ का विधिवत समापन हुआ

सीमा सन्देश # गजसिंहपुर। नवरात्रि के पावन पर्व पर प्रथम नवरात्रि से श्री सत्यनारायण मंदिर में चल रहे श्री रामायण पाठ को लेकर विधिवत भोग लगाया गया। इसके बाद आरती कर कंजक पूजन किया गया तथा मां दुर्गा का प्रसाद भक्तजनों में वितरित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ रामायण पाठ का श्रवण किया। पंडित इंद्र कुमार शर्मा ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न करवाई।



मतदाता पंजीकरण शिविर एवं जागरूकता रैली का आयोजन



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। सेठ बिहारीलाल छाबड़ा राजकीय महाविद्यालय और राजकीय कन्या महाविद्यालय अनूपगढ के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता पंजीकरण शिविर एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। शिविर में बीएलओ श्रेष्ठ जेटली और विनोद बिश्नोई द्वारा मतदाता पंजीकरण संबंधी कार्य संपन्न करवाया गया। मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम 21 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने तथा पंजीकरण प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।

रतनगढ़: दो जगह हुआ रावण दहन कार्यक्रम

रतनगढ़। दो स्थानों पर रावण दहन हुआ। पालिका ने नेहरू स्टेडियम तथा रेलवे रामलीला समिति ने अलग से आयोजन किया। पालिका के कार्यक्रम में पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पालिकाध्यक्ष सुनील शर्मा, उपाध्यक्ष सरिता प्रजापत, ईओ भवानीशंकर व्यास सहित पार्षद उपस्थित रहे। अभिनेष महर्षि ने पालिका सहयोग से 25 लाख रुपये की लागत से नए मंच निर्माण की घोषणा की।

एसजीएन खालसा पीजी कॉलेज का परिणाम उत्कृष्ट रहा

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। एसजीएन खालसा पीजी महाविद्यालय अनूपगढ़ का बीए द्वितीय सेमेस्टर जून 2026 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। प्राचार्य डॉ. प्रताप सिंह शेखावत ने बताया कि महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर की ओर से घोषित परिणाम में अमनदीप कौर पुत्री सुरमसिंह ने 83.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। गगनदीप कौर पुत्री जसविंद्र सिंह 77.40 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे और योगिता पुत्री ओमप्रकाश 76 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्राचार्य डॉ. प्रताप सिंह शेखावत, महाविद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक स्वर्ण सिंह, अध्यक्ष बाघ सिंह मल्ली, उपाध्यक्ष जसविंद्र सिंह, सचिव मलकियत सिंह गिल और कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने उपप्राचार्य डॉ. सुमन देवी, कमलदीप, सहायक आचार्य त्रिलोकराम, सुनीता शर्मा, हरप्रीत कौर, सुमन पारीक, दीपिका सैनी, बलराम, अभिषेक यादव, सुभाष चंद्र, केशव बंसल, एलडीसी शिवराज सिंह तथा कर्मचारी गुड्डी देवी, राज कौर, राजेंद्र सिंह सहित विद्यार्थियों को भी बधाई दी।



Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ मैं Kumari M Ponni पत्नी JC-289674N SUB(DMT) R Murugan, निवासी 2/38 Vallipattu, Vaniyambadi, Vellore, (Tn)635752, अपना नाम Kumari M Ponni से बदलकर Ponni व जन्मतिथि 26/11/1983 से 01/01/1983 करवाना चाहती हूं शपथपत्र-INRJ93374861992329Y दिनांक-09/06/2026 बीकानेर कोर्ट

■ I Uday Bhan Singh father of No.15754200H Rank-SIGMN Raghav Singh have changed my name from Udaybhan Singh to Uday Bhan Singh vide affidavit dated-16/10/2026 before Bikaner Court

■ मैंने अपने बेटे का नाम चैतन्य धवन (chaitanya dhawan) से बदलकर जयविन धवन (jaivin dhawan) रख लिया है आज के बाद उसे जयविन धवन (jaivin dhawan) पुत्र अशविनी कुमार निवासी 1GB ए जैतसर के नाम से जाना पहचाना जाए।

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✷ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✷ नोहर : 94624-01666 ✷ संगरिया : 94146-29987 ✷ पल्लू : 96670-03883 ✷ सरदारशहर : 80786-99231 ✷ टिब्बी : 94137-33600 ✷ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✷ करणपुर : 94144-34202 ✷ रायसिंहनगर : 7878125846 ✷ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✷ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✷ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✷ जैतसर : 78910-35061 ✷ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✷ मानकसर : 99503-13776 ✷ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✷ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✷ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✷ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✷ कालूवाला : 9680496829 ✷ थालड़का : 78913-40002 ✷ गोलूवाला : 98281-32337 ✷ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✷ खाजूवाला : 96804-96829 ✷ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

धर्म-कर्म ताल मैदान में होगा भव्य आयोजन, संत प्रहलाद महाराज देंगे प्रवचन

सरदारशहर में श्रीमद्भागवत कथा की तैयारियां तेज, 1100 कलशों के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा

सीमा सन्देश # सरदारशहर

ताल मैदान में 26 अक्टूबर से आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर गायत्री मंदिर में समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। समिति मंत्री ओमप्रकाश पारीक ने बताया कि कथा का आयोजन 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होगा। संत प्रह्लाद महाराज कथा का वाचन करेंगे। प्रतिदिन दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक कथा होगी। कथा के शुभारंभ अवसर पर 26 अक्टूबर को सुबह 10 बजे 1100 कलशों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है।



समिति अध्यक्ष शंकरलाल प्रेगाणी, संयोजक शोभाकांत स्वामी, उपाध्यक्ष बनवारीलाल जांगिड़, मंत्री ओमप्रकाश पारीक, तेजपाल चौधरी, कुंभाराम जोशी, शंभूदयाल पांडिया, प्रभा पारीक, पार्षद लालबहादुर सेवदा सहित अन्य सदस्यों ने तैयारियों की समीक्षा की। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का लाभ लेने का आह्वान किया। बैठक में हनुमान प्रसाद, प्रेमकिशोर, राकेश कुमार एवं सुधाकर जोशी सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

ग्लोबल न्यूज

हम काफी करीब हैं, यह काफी अलग होगा: अमेरिका-भारत की ट्रेड डील पर ट्रंप



अमेरिका और भारत की ट्रेड डील को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है, 'हम डील करने जा रहे हैं और हम काफी करीब हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह समझौता पहले की अपेक्षा काफी अलग तरह का हो सकता है।' हालांकि, उन्होंने इसके स्वरूप या संभावित बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी।

250 पहियों वाले ट्रक की बढ़ गई स्पीड, अपने गंतव्य के बेहद करीब पहुंचा



बेल्जियम से मंगाई गई करीब 200-टन वजनी औद्योगिक मशीन (रिएक्टर वेसल) लेकर जा रहा 250 पहियों वाला बाहुबली ट्रक लखीमपुर खीरी में अपने अंतिम पड़ाव के काफी करीब पहुंच गया है। पहले यह ट्रक केवल 10-किलोमीटर/दिन चलता था लेकिन अब 50-किलोमीटर/दिन चल रहा है। ओडिशा से आए ट्रक में पहले 308 पहिये थे जिनमें से 58 हटा दिए गए थे।

भारत के लिए महंगा पड़ा ईरान युद्ध, 6 महीने में क्रूड पर खर्च करने पड़े 9 लाख करोड़



अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से भारत का आयात बिल बढ़ गया है। अप्रैल-सितंबर के दौरान भारत ने क्रूड आयात पर $90.6 बिलियन यानी करीब 9.2 लाख करोड़ खर्च किए जो पिछले साल की समान अवधि से 46.3% अधिक है। वहीं, भारत ने इस दौरान 12.27 करोड़ टन कच्चे तेल का आयात किया।

अमेरिका ने टैरिफ-वीजा से भारत को टारगेट किया? मार्को रुबियो ने दिया जवाब



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ और वीजा संबंधी प्रतिबंध भारत को निशाना बनाकर नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि रूसी तेल खरीदने वाले देशों को 100% तक टैरिफ वाला कदम भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित कर सकता है।

अंडमान-निकोबार में तीनों सेनाओं की बड़ी ड्रिल, जहाजों और विमानों को जारी हुई चेतावनी



अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भारत ने तीन दिवसीय 'हवाई फायरिंग ड्रिल' शुरू की है जिसमें थलसेना, नौसेना और वायुसेना शामिल हैं। श्री विजयपुरम के पास 22 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभ्यास में मिसाइल, रॉकेट और तोप परीक्षण होंगे। जहाजों और विमानों को तय समय में उस क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी जारी की गई है।

भारत में नेटफ्लिक्स के पेड यूजर्स में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, तीसरी तिमाही में सबसे ज्यादा ग्राहक जुड़े



नेटफ्लिक्स ने 2026 की तीसरी तिमाही में भारत में सबसे ज्यादा नए पेड यूजर्स जोड़ने का रिकॉर्ड बनाया। कंपनी के मुताबिक, इस दौरान भारत में उसकी कमाई सालाना आधार पर 18% बढ़ी जबकि दर्शकों का देखने का समय 24% बढ़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मजबूत कंटेंट और फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी से नए यूजर्स जोड़ने में काफी हद तक मदद मिली।

घाटे में चल रही पाकिस्तानी एयरलाइन को 20 कर्मचारियों ने लगाया लाखों का चूना



लाहौर एयरपोर्ट पर PIA के 20 से ज्यादा कर्मचारियों ने यात्रियों से प्रीमियम सीटों का अतिरिक्त शुल्क वसूला, लेकिन रकम एयरलाइन के खाते में जमा नहीं की। ऑडिट में गड़बड़ी पकड़े जाने के बाद कर्मचारियों की सैलरी से 50,60,269 पाकिस्तानी रुपये काटकर ढक्कन को वापस किए गए। मामला मई 2024 और 2025 के रिकॉर्ड की जांच के दौरान सामने आया।



मावठा सरोवर

राजस्थान की राजधानी जयपुर में अरावली पहाड़ी पर स्थित आमेर किला अपनी भव्यता और बेजोड़ स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध है। पीले और लाल बलुआ पत्थर से बने इस ऐतिहासिक किले का निर्माण राजा मानसिंह प्रथम ने करवाया था। किले के सामने स्थित मावठा सरोवर में इसका शानदार प्रतिबिंब दिखाई देता है, जो इसकी सुंदरता में चार चांद लगाता है। इसके भीतर स्थित शीश महल, दीवान-ए-आम और आकर्षक केसर क्यारी विश्वभर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। यह यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल है।

क्रिकेट ● अक्टूबर-नवंबर 2027 में द. अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा; 4 नवम्बर से वनडे सीरीज में खेलते दिखेंगे रोहित-विराट

बीसीसीआई प्रेसिडेंट बोले- रोहित और विराट का चयन उम्र देखकर नहीं : वनडे वर्ल्डकप के लिए फिटनेस-फॉर्म सबसे अहम, गिल को सीनियर्स से मदद मिलेगी

बीसीसीआई प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास ने कहा है कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप में विराट कोहली और रोहित शर्मा का चयन उम्र से नहीं होगा। टीम में जगह के लिए दोनों की फिटनेस और प्रदर्शन को आधार बनाया जाएगा। यह टूर्नामेंट अक्टूबर-नवंबर 2027 में साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा।

मन्हास ने भारत के न्यूजीलैंड दौरे से पहले स्पोर्टस्टार को इंटरव्यू दिया। यह दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा। रोहित-विराट 4 नवंबर से शुरू हो रही 5 वनडे की सीरीज में खेलते दिखेंगे।

मन्हास ने कहा- दोनों बैटर्स को लगातार रन बनाने होंगे : मिथुन मनहास ने कहा कि वर्ल्ड कप टीम में चयन के लिए दोनों सीनियर बल्लेबाजों का लगातार अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी होगा। मुझे लगता है कि अगर कोई खिलाड़ी फिट है, अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और देश को जिता रहा है। तो उसका चयन होना चाहिए। रोहित-विराट वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के टॉप-3 स्कोरर में शामिल हैं।

वर्ल्ड कप के समय कितनी होगी रोहित-विराट की उम्र

रोहित शर्मा अप्रैल 2027 में 40 साल के हो जाएंगे। जबकि, विराट कोहली वर्ल्ड कप के दौरान 38 साल के होंगे। पूर्व क्रिकेटर्स और फैंस ने भारत के ट्रांजिशन प्लांस पर सवाल उठाए हैं।



यह भी चर्चा है कि आने वाले वर्षों में दोनों सीनियर खिलाड़ियों की क्या भूमिका होगी।

शतक से लौटा रोहित का फॉर्म

रोहित शर्मा की खराब वनडे फॉर्म के बीच उनके संन्यास की काफी चर्चा हुई थी। हालांकि, लॉर्ड्स में लगाए गए उनके शतक से ये चिंताएं कुछ हद तक दूर हुईं। विराट ने वनडे में अपनी भूमिका का अच्छा फायदा उठाया है। इस फॉर्मेट में उन्होंने ब्रैडमैन जैसा औसत रखते हुए लगातार रन बनाए हैं।

गिल की कप्तानी में सीनियर्स की भूमिका

मिथुन मन्हास ने यह भी बताया कि रोहित और विराट की मौजूदगी से शुभमन गिल को कप्तानी में मदद मिल सकती है। उन्होंने विराट के एमएस धोनी के मार्गदर्शन में सीखने और धोनी के सौरव गांगुली से मार्गदर्शन लेने का उदाहरण दिया। मनहास ने कहा, शुभमन पिछले दो या तीन साल से गुजरात टाइटन्स के कप्तान हैं। वे भारत की कप्तानी भी कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वर्ल्ड कप अभियान में यह अनुभव उनके काम आएगा।

पैरा एशियन गेम्स: भारत के मेडल्स की संख्या 60 पार



सचिन ने शॉटपुट में गोल्ड बरकरार रखा

सचिन खिलारी ने एशियन पैरा गेम्स में पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में अपना गोल्ड मेडल बरकरार रखा। इसी स्पर्धा में मोहम्मद यासेर ने सिल्वर और परवीन ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत को तीनों पदक दिलाए।



प्रवीण ने 2.05 मीटर की छलांग लगाई

पुरुषों की हाई जंप टी64 स्पर्धा में प्रवीण कुमार ने 2.05 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2.02 मीटर के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। बंटी ने 1.92 मीटर की व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया।

बुधवार को भारत की झोली में आए कई मेडल

भारत ने पैरा एशियन गेम्स के तीसरे दिन 27 मेडल जीते। इनमें 5 गोल्ड, 11 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज शामिल हैं। 14 गोल्ड समेत कुल 62 मेडल हो गए हैं। इनमें 22 सिल्वर और 26 ब्रॉन्ज शामिल हैं। टीम इंडिया मेडल टैली में पांचवे स्थान पर है।

सिमरन का 'डबल गोल्ड'



आइची-नागोया (वार्ता)। एशियन पैरा गेम्स 2026 के तीसरे दिन, एथलेटिक्स में सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 स्पर्धा में गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए अपना दूसरा पदक जीता। सिमरन पैरा एशियाई खेलों के एक ही संस्करण में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली चौथी भारतीय बन गईं। मंगलवार को उन्होंने महिलाओं की 100 मीटर टी12 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, इससे पहले उन्होंने 200 मीटर स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।

आयुष ने एथलेटिक्स में नौवां स्वर्ण जीता

आयुष वर्मा ने एशियाई खेलों में पैरा एथलेटिक्स में भारत के लिए नौवां स्वर्ण पदक जीता, जो इन खेलों में उनका दूसरा पदक है। मंगलवार को पुरुषों की जैवलिन (भाला फेंक) स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के बाद, आयुष ने बुधवार को पुरुषों की शॉट पुट स्पर्धा में 8.16 मीटर की थ्रो के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। आयुष के स्वर्ण पदक जीतने के कुछ ही समय बाद, प्रवीण कुमार ने पुरुषों की हाई जंप टी 64 स्पर्धा में 2.05 मीटर की सर्वश्रेष्ठ कूद के साथ एक और स्वर्ण पदक जीता।



दिलीप गावित ने 100 मीटर टी 47 स्पर्धा में जीता गोल्ड



आइची नागोया (वार्ता) चार सौ मीटर दौड़ के विशेषज्ञ दिलीप गावित को इस साल की शुरूआत में अपना इवेंट बदलना पड़ा, क्योंकि कॉमनवेल्थ गेम्स से उनका मुख्य इवेंट हटा दिया गया था। उन्होंने न केवल 100 मीटर स्प्रिंट में हिस्सा लिया, बल्कि कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में जीत हासिल की और अब एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता। दिलीप महादु गावित, जिन्होंने इस साल की शुरूआत में कॉमनवेल्थ गेम्स की 100 मीटर टी 47 स्पर्धा में गोल्ड जीता था, अब एशिया के भी चैंपियन बन गए हैं।

शैलेश कुमार और शरत ने जीते कांस्य पदक

बुधवार को एशियन पैरा गेम्स में भारत के शैलेश कुमार ने पुरुषों की लॉन्ग जंप टी42 स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीता। शैलेश ने 5.57 मीटर की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया। वे अपने ही देश के महेंद्र गुर्जर से बहुत कम अंतर से आगे रहे, जिन्होंने 5.56 मीटर की छलांग के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। जापान के हाजिमे कोंडो ने 6.51 मीटर की छलांग लगाकर गोल्ड मेडल जीता, जबकि थाईलैंड के फलाथिप खमता ने 6.41 मीटर के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया।

बजाज पल्सर एन250एसएस भारत में लॉन्च: 4 वी वाल्व इंजन, 6-स्पीड गियरबॉक्स और नए फीचर्स के साथ एंट्री

ऑटो डेस्क # नई दिल्ली। बजाज ऑटो ने भारतीय दोपहिया बाजार में पल्सर ब्रांड के 25 साल पूरे होने के अवसर पर अपनी लोकप्रिय क्वार्टर-लीटर बाइक का नया व उन्नत मॉडल पल्सर एन250एसएस लॉन्च कर दिया है। यह नया मॉडल मौजूदा पल्सर एन250 की तुलना में कई बड़े मैकेनिकल और तकनीकी बदलावों के साथ उतारा गया है।

कीमत और अंतर : एक्स-शोरूम कीमत: दिल्ली में इसकी एक्स-शोरूम कीमत 1,59,406 रुपये तय की गई है।

वेरिएंट फर्क: यह नया 'एसएस' ट्रिम मौजूदा स्टैंडर्ड पल्सर एन250 के मुकाबले लगभग 14,000 रुपये महंगा है, जिसके बदले बाइक में कई हाई-टेक और आधुनिक फीचर्स मिलते हैं।



नया 4वी इंजन-परफॉर्मेंस : पावर-टॉर्क: बाइक में नया 4-वाल्व (4वी) इंजन दिया है, जो 25 पीएस की अधिकतम पावर, 22 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। पुराने मॉडल (24.5 पीएस और 21.5 एनएम) से अधिक दमदार है।

6-स्पीड ट्रांसमिशन: पुराने 5-स्पीड गियरबॉक्स को हटाकर इसमें नया 6-स्पीड गियरबॉक्स जोड़ा गया है। इससे हाईवे पर लॉन्ग क्रूजिंग के दौरान इंजन पर दबाव कम रहता है और सफर स्मूथ बनता है।

इलेक्ट्रॉनिक थ्रॉटल बॉडी: इसमें ईटीबी दी गई है, जिससे राइडर्स को विभिन्न परिस्थितियों के अनुसार राइड मोड्स का सपोर्ट मिलता है।

आधुनिक डिस्प्ले और नए फीचर्स

- **5-इंच कलर टीएफटी डिस्प्ले:** पुराने एलसीडी कंसोल की जगह नया 5-इंच फुल टीएफटी डिस्प्ले दिया गया है, जो गूगल मैप्स मिररिंग सपोर्ट के साथ सहज नेविगेशन देता है।
- **स्पोर्ट्स शिफ्टर (क्विकशिफ्टर):** राइडर बिना क्लच दबाए तेजी से गियर अपशिफ्ट कर सकता है।
- **सुरक्षा व सुविधा:** इसमें एडजस्टेबल लीवर्स, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट, हैजर्ड स्विच और पैनिक ब्रेक अलर्ट जैसे उपयोगी सुरक्षा फीचर्स शामिल हैं।

यह नया अपग्रेड 250सीसी सेगमेंट में पल्सर को पहले से कहीं अधिक आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनाता है।

SUCCESS PICTURES



सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 22 अक्टूबर, 2026

पाकिस्तान या चीन, किसी भी देश के साथ हमारे संबंध भारत की कीमत पर नहीं होंगे :
– अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो

न्यूज इन ब्रीफ

भड़काऊ बहस पर चैनलों को अलर्ट

नई दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बुधवार को सैटेलाइट टीवी चैनलों के लिए एडवायजरी जारी की। मंत्रालय ने चैनलों को आतंकवाद-रोधी अभियानों की लाइव कवरेज से बचने, हिंसक दृश्यों के प्रसारण में सावधानी बरतने और राष्ट्र-विरोधी सामग्री से परहेज करने को कहा है। चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (रेगुलेशन) एक्ट, 1995 और नियम-1994 के तहत निर्धारित प्रोग्राम कोड का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

अफसरों ने जानकारी लीक की, जांच होगी

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गोपनीय कारोबारी जानकारी लीक किए जाने के आरोपों की आंतरिक जांच शुरू हो गई है। बैंक के अनुसार, शुरूआती जांच में दो अधिकारियों द्वारा संवेदनशील बिजनेस प्लान और बाजार से जुड़ी जानकारियां बाहरी लोगों से साझा करने की आशंका सामने आई है। बैंक ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद तथ्यों के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भाभी ने करवाई देवर की हत्या, गिरफ्तार

बरनाला। गांव सेखा निवासी गुरदीप सिंह हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, मृतक की भाभी निक्की कौर उर्फ रमन के अपने फुफेरे भाई जगदेव सिंह उर्फ देबी से कथित संबंध थे। गुरदीप द्वारा इसका विरोध करने पर रंजिश बढ़ गई और हत्या की साजिश रची गई। पुलिस ने जगदेव सिंह समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर शव और वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की है।

बाड़मेर; कांग्रेस प्रत्याशी ने की आत्महत्या

बाड़मेर। पंचायतीराज चुनाव के बीच मांगता पंचायत समिति के वार्ड-8 से कांग्रेस प्रत्याशी मोहनलाल (45) ने बुधवार तड़के आत्महत्या कर ली। सदर थाना क्षेत्र के आलमजी का थान, उडासर गांव में खेत पर उनका शव मिला। पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी है।

पंजाब में हड़ताल, 2700 बसें बंद रहीं

चंडीगढ़। पंजाब में लंबित मांगों को लेकर सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों की दो दिवसीय हड़ताल बुधवार से शुरू हो गई। संयुक्त कार्रवाई समिति के आह्वान पर हुए आंदोलन से सरकारी कामकाज प्रभावित हुआ। पंजाब रोडवेज, पनबस और पीआरटीसी की करीब 2700 बसें सड़कों से दूर रहीं। कर्मचारियों ने डीए बकाया भुगतान, पुरानी पेंशन योजना बहाली, संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन विसंगतियां दूर करने की मांग उठाई।

मां ने की जुड़वां बेटों की हत्या, गिरफ्तार

डीग। जनूथर थाना क्षेत्र के बडेसरा गांव में प्रेम-प्रसंग उजागर होने के डर से एक मां ने अपने कथित प्रेमी के साथ मिलकर दो मासूम जुड़वां बेटों, विनय और विष्णु की कुल्हाड़ी से वार कर नृशंस हत्या कर दी। वारदात के बाद दोनों के शव कड़बी के पूंजों में छिपा दिए गए थे। एसपी कांबले शरण गोपीनाथ के निर्देशन में एफएसएल, डॉग स्क्वायड और साइबर टीम की मदद से पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी मां प्रीति और उसके प्रेमी राजेश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने जुर्म कबूल कर लिया है।

कांग्रेस प्रत्याशी को हाईकोर्ट से राहत नहीं

जयपुर। पंचायत चुनाव में नामांकन खारिज होने के मामले में हाईकोर्ट ने कांग्रेस प्रत्याशी को राहत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस रवि चिरानिया की विशेष बेंच ने अलवर जिले की लक्ष्मणगढ़ पंचायत समिति के वार्ड-4 से कांग्रेस प्रत्याशी अनिल सैनी की याचिका पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने कहा था कि नामांकन फॉर्म में मानवीय भूल के कारण गलत जानकारी भर गई, जिसके चलते रिटर्निंग ऑफिसर ने नामांकन रद्द कर दिया।

पंजाब को जरूरत नहीं, फिर भी पानी लेकर सेम नाले में डाल रहे, बांधों से पानी घटाया

गंगनहर में पानी घटकर 1369 क्यू. हुआ, नहरें बंद होने से हाहाकार, अधिकारी चुप

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।

जिले की जीवनदायिनी कही जाने वाली गंगनहर में पानी की भारी किल्लत ने रबी सीजन की शुरूआत में ही किसानों के माथे पर चिंता की गहरी लकीरें खींच दी हैं। गंगनहर प्रणाली में पानी की आवक तेजी से गिरकर महज 1369 क्यूसेक रह गई है। पानी की भारी कमी के चलते बुधवार को कई मुख्य एवं वितरिका नहरें बंद हो गईं। वर्तमान में सरसों की बुवाई का पीक समय चल रहा है और इसके तुरंत बाद गेहूं की बिजाई शुरू होनी है। ऐसे नाजुक मोड़ पर सिंचाई पानी की भारी कटौती ने काश्तकारों को गहरे संकट में धकेल दिया है।



बांधों से निकासी घटी, हरिके पर आवक कम

सिंचाई विभाग के सूत्रों के अनुसार, ऊपरी बांधों (पौंग और भाखड़ा) से पानी का डिस्चार्ज घटा दिया गया है। इसका सीधा असर हरिके बैराज पर देखने को मिल रहा है, जहां इस समय कुल आवक घटकर करीब 9 हजार क्यूसेक के आसपास सिमट गई है। हरिके बैराज पर पानी का स्तर गिरने से राजस्थान के हिस्से का शेयर प्रभावित हुआ है और गंगनहर को मिलने वाले पानी में भारी कटौती कर दी गई है। वर्तमान में जो 1369 क्यूसेक पानी मिल रहा है, उससे टेल (अंतिम छोर) के किसानों तक सिंचाई तो दूर, नहरों के तंत्र को चालू रखना भी मुश्किल साबित हो रहा है।

बुवाई का रकबा प्रभावित, सूखे खेतों ने बढ़ाई चिंता

कृषि विशेषज्ञों और काश्तकारों का कहना है कि श्रीगंगानगर और आसपास के नहरी क्षेत्र में सरसों की बुवाई का यह सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। यदि समय रहते पलेवा (बुवाई पूर्व सिंचाई) नहीं हुआ तो बुवाई पिछड़ जाएगी, जिससे उत्पादन पर विपरीत असर पड़ेगा। अब तक जिले में लक्ष्य के मुकाबले सरसों की बुवाई काफी कम हुई है। किसान खेतों की जुताई करके नहरी पानी की राह ताक रहे हैं, लेकिन ऐन वक्त पर पानी घटने और नहरें सूखने से पलेवा का काम ठप पड़ गया है। सरसों के बाद नवंबर से गेहूं की बुवाई भी शुरू होनी है। ऐसे में यदि जल संकट का समाधान शीघ्र नहीं हुआ तो पूरी रबी फसल का चक्र बिगड़ जाएगा।

आंदोलन की राह पर किसान, सड़क पर उतरने को मजबूर

किसानों का कहना है कि पंजाब और केंद्र स्तर पर जल प्रबंधन में तालमेल की कमी का खामियाजा हमेशा राजस्थान के किसानों को भुगतना पड़ता है। किसान प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि राजस्थान सरकार और जल संसाधन विभाग ने पंजाब से समन्वय स्थापित कर गंगनहर का शेयर तुरंत बहाल नहीं कराया, तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। रबी की बुवाई को बचाने के लिए कम से कम निर्धारित रेग्युलेशन के अनुसार पूरा पानी मिलना बेहद जरूरी है।

अधिकारी साधे हुए हैं चुप्पी, संपर्क करने पर नहीं मिला जवाब

नहरों में पानी घटने और कई वितरिकाओं के सूखने के बाद किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जब इस पूरे मामले और पानी की स्थिति को लेकर जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) संजीव कुमार वर्मा से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। अधिकारियों की इस अनदेखी और चुप्पी से किसानों में रोष और अधिक गहरा गया है।

अचानक बांधों से पानी क्यों घटाया गया: सहगल



अचानक बांधों से पानी कम करना सोची समझी राजनीति है। पंजाब जानबुझकर गंगनहर के किसानों को पानी नहीं देना चाहता है। हालात काफी खराब है। पंजाब के किसानों को वर्तमान में पानी की जरूरत है। इस बार बुवाई नहीं हुई तो खायेंगे क्या। सत्ताधारी और विपक्ष के नेताओं ने चुपी साध रखी है।

सोने की बालियां लूटने वाली गैंग का पर्दाफाश, 2 गिरफ्तार



सीमा सन्देश # घड़साना।

स्थानीय पुलिस ने बुजुर्ग महिलाओं को निशाना बनाकर कानों से सोने की बालियां छीनने वाली सक्रिय गैंग का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटी गई दो सोने की बालियां और वारदात में प्रयुक्त राइडर बाइक बरामद की है।

थानाधिकारी आलोक सिंह के अनुसार, 16 अक्टूबर को 10 एमएलडी क्षेत्र में खेत में काम कर रही एक महिला के कानों से बाइक सवार दो युवक बालियां झपटकर फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसआई दलीप कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने संभावित मार्गों पर लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अमर कॉलोनी निवासी मुकेश ओड़ तथा धानक बस्ती निवासी पुनित धानक को गिरफ्तार कर लिया।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने घड़साना, रावला और अनूपगढ़ क्षेत्र में लूट की करीब 7 वारदातें कबूल की हैं। इस खुलासे में साइबर डेस्क के कांस्टेबल राजेश मीणा, रामकेश मीणा और पृथ्वीराज की अहम भूमिका रही। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

तारानगर महाविद्यालय में सौर ऊर्जा प्लांट का हुआ लोकार्पण



सीमा सन्देश # तारानगर।

माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को भामाशाह ताराचंद गोयल एवं विम्मी गोयल के सौजन्य से स्थापित सौर ऊर्जा प्लांट का लोकार्पण किया गया। समारोह में अतिथियों ने गोयल परिवार के शिक्षा एवं समाजसेवा क्षेत्र में योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में राजस्थान प्रवासी प्रकोष्ठ संयोजक श्रीराम लखोटिया, नगरपालिका अध्यक्ष हरि इंदौरिया और सीबीईओ बबलेश शर्मा मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य मूलचंद ने की। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि गोयल परिवार का शिक्षा क्षेत्र में योगदान प्रेरणादायी है। अतिथियों ने सौर ऊर्जा प्लांट को ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों में नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

2029 तक देश को नशे की समस्या से मुक्त करने का लक्ष्य: शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सरकार ने 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशे की समस्या से मुक्त करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने पुलिस बलों से नशे के खिलाफ मिलकर अभियान चलाने और आने वाली पीढ़ियों को इस गंभीर समस्या से बचाने का आह्वान किया। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक में शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के बाद अमित शाह ने कहा कि नशे की समस्या युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को कमजोर करती है। यह देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ डालने के साथ-साथ देश विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद भी पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तैयार 'नशा मुक्त भारत' अभियान को प्रभावी रूप से लागू करना सभी सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी है।



गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 भारतीय पुलिस के लिए महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2026 को देश को दशकों पुरानी नक्सल समस्या से मुक्ति मिली। वर्ष 1981 से मार्च 2026 तक नक्सलवाद के कारण 3,600 से अधिक जवान शहीद हुए और करीब 13,700 निर्दोष नागरिकों की जान गई। उन्होंने कहा कि कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब शांति और विकास का वातावरण तैयार हुआ है। आतंकवाद पर नियंत्रण में सुरक्षा बलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन और छत्तीसगढ़ पुलिस के योगदान की विशेष सराहना की।

टायर में लगी आग ने कुछ ही देर में पूरी बस को लिया चपेट में, बड़ा हादसा टला

महाजन के पास स्कूली बच्चों से भरी बस बनी आग का गोला, 36 ने कूदकर बचाई अपनी जान

सीमा सन्देश # सूरतगढ़।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर महाजन के पास मंगलवार रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया। अरजनसर की ओर महाजन से करीब तीन किलोमीटर पहले द्वारकाधीश होटल के नजदीक स्कूली विद्यार्थियों से भरी एक निजी बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी बस धू-धूकर जलने लगी। हालांकि, बस में सवार सभी 36 लोगों ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जोधपुर शैक्षणिक भ्रमण से लौट रहे थे विद्यार्थी

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक प्रमुख स्कूल के विद्यार्थी स्कूल स्टाफ के साथ जोधपुर में शैक्षणिक भ्रमण पर गए थे। भ्रमण पूरा करने के बाद सभी लोग निजी बस से वापस लौट रहे थे। बस में कुल 29 विद्यार्थी, पांच शिक्षक व स्टाफ सदस्य, चालक और परिचालक सवार थे।



चलती बस के पिछले टायर में लगी आग : महाजन-अरजनसर मार्ग पर द्वारकाधीश होटल के पास पहुंचते ही अचानक बस के पिछले टायर में आग लग गई। आग को देखकर चालक-परिचालक ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया।

बच्चों और स्टाफ ने दिखाई सूझबूझ : बस में आग लगते ही विद्यार्थियों और स्टाफ में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, सभी ने घबराने के बजाय सूझबूझ का परिचय दिया और तुरंत बस से नीचे उतर गए। समय रहते बस खाली कर लेने के कारण किसी भी विद्यार्थी या स्टाफ सदस्य को नुकसान नहीं पहुंचा।

दमकल वाहनों ने मशक्कत से पाया आग पर काबू

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन सक्रिय हुआ। आग बुझाने के लिए बीकानेर और सूरतगढ़ से दमकल वाहन मौके पर बुलाए गए। आग की भयावहता इतनी अधिक थी कि बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। दमकल कर्मियों ने काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

थाना अधिकारी ने दी घटना की जानकारी

महाजन थाना अधिकारी भजनलाल लावा ने बताया कि बस के पिछले टायर में आग लगने से यह हादसा हुआ। बस में 29 विद्यार्थियों सहित शिक्षक-स्टाफ, चालक और परिचालक समेत कुल 36 लोग सवार थे। सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। घटना के बाद राहत की बात यह रही कि समय रहते बस खाली करा ली गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

स्वर्णकार पर हुआ जानलेवा हमला : सोने की चेन छीनी

सीमा सन्देश # नोहर।



शहर में पीके ज्वेलर्स के संचालक पटेल सोनी पर बाइक सवार दो युवकों द्वारा जानलेवा हमला करने और 15 ग्राम सोने की चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार शाम करीब 5 बजे की है। हमले में गंभीर रूप से घायल स्वर्णकार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, बिहाणी चौक निवासी पटेल सोनी दुकान से बाइक पर घर लौट रहे थे। रास्ते में साइड देने की बात पर दो युवकों से कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर युवकों ने उनकी सोने की चेन झपटने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की वस्तु से उनके सिर पर जानलेवा वार कर दिया और करीब 15 ग्राम सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए। हमलावर अपनी बाइक मौके पर ही छोड़ गए, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना के विरोध में बुधवार को स्वर्णकार समाज व व्यापारियों ने थाने पहुंचकर रोष जताया और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। थानाधिकारी जगदीश प्रसाद पांडर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

कानून व्यवस्था — साइबर अपराध व नशे पर दिए कड़े निर्देश

एसपी बी आदित्य ने पीलीबंगा थाने में की जनसुनवाई

सीमा सन्देश # पीलीबंगा।

पुलिस अधीक्षक बी आदित्य ने बुधवार को पीलीबंगा थाना परिसर में वार्षिक निरीक्षण के साथ आमजन सुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान सीएलजी सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने एसपी को शहर की विभिन्न समस्याओं व मुख्य मुद्दों से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। बैठक को संबोधित करते हुए एसपी बी आदित्य ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद पुलिस बेहतर कानून-व्यवस्था देने का प्रयास करती है, लेकिन इसमें आमजन और समाज का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहने की अपील करते हुए बताया कि फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, घर बैठे कमाई के नाम पर ठगी और डिजिटल अरेस्ट जैसे नए तरीकों से लोगों को शिकार बनाया जा रहा है। इसलिए इंटरनेट और मोबाइल का इस्तेमाल सतर्कता से करें। इसके साथ ही उन्होंने नशे की रोकथाम पर विशेष जोर देते हुए कहा कि संदिग्ध व अचानक बदले लाइफस्टाइल वाले लोगों पर नजर रखें। सीमा पार ड्रोन से होने वाली तस्करी व अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते सख्त कार्रवाई की जा सके।



इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान प्रसाद रोहतकीया, पीलीबंगा शिक्षण समिति अध्यक्ष शांतिलाल दफ्तरी, गौशाला सेवा समिति अध्यक्ष संजय मांझू, बार संघ अध्यक्ष एडवोकेट दारा सिंह हुंदल, पूर्व अध्यक्ष नंदराम धारणिया, जगदीश सहारण, रामकुमार कासनिया, बृजमोहन जिंदल, रामस्वरूप लीला, मदन जाखड़, सर्वजीत सिंह कंग, पुष्पा नाहटा, भागीरथ पारीक, रमन बाघला, सहित कई जनप्रतिनिधि व बार संघ सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों को किया जागरूक

दुल्लापुर कैरी।

ग्राम पंचायत दुल्लापुर कैरी स्थित राजकीय प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया। बदलते मौसम और शरद ऋतु को ध्यान में रखते हुए बच्चों को आहार-विहार एवं ऋतुचर्या के महत्व की जानकारी दी गई। डॉ. वाटिका किनरा ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली को जीवन में अपनाकर विभिन्न बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

नोहर और हनुमानगढ़ के प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई, एक-एक लाख का जुर्माना

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में न्यायनिर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट उम्मेदी लाल मीना ने नोहर के विरासत रेस्टोरेंट और हनुमानगढ़ जंक्शन के वीके नमकीन पर एक-एक लाख रुपए की शास्ति अधिरोपित की है। दोनों मामलों में खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से लिए गए नमूनों की प्रयोगशाला जांच में खाद्य पदार्थ अमानक पाए गए थे।

पहले मामले में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 24 मार्च, 2024 को नोहर स्थित विरासत रेस्टोरेंट से दही का नमूना लिया था, जो जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला, बीकानेर की जांच में अमानक पाया गया। विक्रेता द्वारा निर्धारित अवधि में पुनः जांच का अवसर नहीं लेने पर सुनवाई के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 51 के तहत संचालक सुरेश कुमार पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

दूसरे मामले में 4 जून, 2024 को हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित वीके नमकीन से रिफाइंड पामोलीन तेल का नमूना लिया गया, जो प्रयोगशाला जांच में अमानक निकला।

संचालक विजय कुमार द्वारा नियमों की अनभिज्ञता का तर्क देने के बावजूद, धारा 51 के तहत उन पर भी एक लाख रुपए की शास्ति अधिरोपित की गई। दोनों मामलों में जुमार्ने की राशि निर्णय की तारीख से एक माह के भीतर डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराने का आदेश दिया गया है।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528